त्रिभाषा कोशमाला-1

हिंदी-गुजराती-अंग्रेज़ी

त्रिभाषा कोश : जिल्द 3

केंद्रीय हिंदी निदेशालय
शिक्षा विभाग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
भारत सरकार

त्रिभाषा कोशमाला – 1

हिंदी-गुजराती-अंग्रेज़ी
त्रिभाषा कोश
(जिल्द : 3)

Hindi-Gujarati-English
Trilingual Dictionary
(Volume : 3)

(व – ह)

केंद्रीय हिंदी निदेशालय
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(शिक्षा विभाग)
भारत सरकार की ओर से

सत्यमेव जयते

केंद्रीय हिंदी निदेशालय
शिक्षा – विभाग
मानव संसाधन – विकास मंत्रालय
(भारत सरकार)

Central Hindi Directorate
Department of Education
Ministry of
Human Resources Development
(Government of India)

PED – 562 (E) (GUJ)

1000 – 1984 (DSK II)

© केंद्रीय हिंदी निदेशालय
प्रथम संस्करण : 1985

मूल्य : रुपये 74.00

प्रकाशक : केंद्रीय हिंदी निदेशालय,
शिक्षा विभाग,
मानव संसाधन विकास मंत्रालय,
पश्चिमी खण्ड-7,
रामकृष्णपुरम्, नई दिल्ली-110066

मैसर्ज़ राज प्रिंटिंग वर्क्स,
44, चाँदनी चौक, दिल्ली द्वारा
भारत में 1985 में मुद्रित ।

संक्षेप सूची

व्या. को.	व्याकरणिक कोटि
पुं.	पुंलिंग
स्त्री.	स्त्रीलिंग
सर्व.	सर्वनाम
वि.	विशेषण
क्रि.वि.	क्रियाविशेषण
स.क्रि.	सकर्मक क्रिया
अ.क्रि.	अकर्मक क्रिया
अव्य.	अव्यय

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वंचक	वि.	छल-कपट से दूसरों को ठगने वाला, धोखेबाज ।	વંચક	वंचक	fraudulent, deceitful.
	पुं.	ठग ।	ઠગ	ठग	cheat.
वंचकता	स्त्री.	वंचक होने की अवस्था या भाव, वंचक का कृत्य, धोखा, ठगी ।	વંચકતા	वंचकता	fraud, deceit, swindling.
वंचन	पुं.	धूर्तता, ठगी, ठगने या धोखा देने की क्रिया ।	વંચન	वंचन	fraud, deception, the act of deceiving; cheating, defrauding.
वंचना	स्त्री.	छलपूर्वक किसी को ठगने या धोखा देने की क्रिया या भाव, धोखेबाजी, ठगी ।	વંચના	वंचना	act of cheating, deceiving, defrauding, fraud, deception.
वंचित	वि.	1. जो वांछित पदार्थ न प्राप्त कर सका हो अथवा प्राप्त करने से रोका गया हो;	વંચિત	वंचित	deprived of;
		2. अलग या दूर किया हुआ, रहित;			separated, without;
		3. धोखे में आया हुआ, ठगा हुआ ।			deceived, cheated, defrauded.
वंटन	पुं.	1. कोई चीज कुछ व्यक्तियों आदि में बांटने की क्रिया, वितरण;	વિતરણ;	वितरण;	distribution;
		2. किसी चीज के अनेक हिस्से करने की क्रिया, विभाजन ।	વિભાજન	विभाजन	partition, division.
वंदन	पुं.	1. आदर और नम्रतापूर्वक की जानेवाली वंदना या स्तुति;	વંદન	वंदन	reverence, worship, praise;
		2. प्रणाम, नमस्कार, अभिवादन ।			salutation.
वंदनमाल (वंदन-मालिका)	स्त्री.	दे. 'वंदनवार' ।		जुओ 'वंदनवार'	see 'वंदनवार'

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वंदनवार	स्त्री.	दे. 'बंदनवार' ।	જુઓ 'બંદનવાર'	जुओ 'बंदनवार'	see 'बंदनवार'.
वंदना	स्त्री.	1. आदर और नम्रतापूर्वक की जानेवाली स्तुति, वंदन, पूजा; 2. प्रणाम, नमस्कार, अभिवादन ।	વંદના	वंदना	worship, prayer, reverence, praise, adoration; salutation.
वंदनीय	वि.	1. जिसकी वंदना की जानी चाहिए अथवा की जानी हो, स्तुति के योग्य, स्तुत्य, पूज्य, पूजनीय; 2. नमस्कार के योग्य, प्रणम्य, अभिवादन के योग्य ।	વંદનીય; પૂજનીય	वंदनीय; पूजनीय	worthy of reverence, worship or praise; to be saluted or respectfully greeted.
वंदित	वि.	1. जिसकी वंदना हुई हो या की गई हो, जिसकी स्तुति की गई हो, पूजित; 2. जिसे नमस्कार या प्रणाम किया गया हो ।	વંદિત	वंदित	adored, worshipped, praised; saluted.
वंद्य	वि.	दे. 'वंदनीय' ।	જુઓ. 'વંદનીય'	जुओ 'वंदनीय'	see 'वंदनीय'
वंध्या	स्त्री.	वह स्त्री या मादा पशु जो गर्भ धारण करने में और फलतः प्रसव करने में असमर्थ हो, बांझ ।	વંધ્યા	वंध्या	barren (woman or female animal).
वंश	पुं.	1. जीव या प्राणी की संतान परंपरा, कुल, खानदान; 2. संतान; 3. बाँस ।	વંશ	वंश	animal species or lineage, dynasty, family; offspring, child; bamboo.
वंशक्रम	पुं.	वंशतालिका, वंशावली ।	વંશક્રમ	वंशक्रम	family succession.
वंशक्रमागत	वि.	1. वंश-परंपरा से प्राप्त, वंशानुगत, आनुवंशिक; 2. उत्तराधिकार में प्राप्त ।	આનુવંશિક; વારસામાં મળેલું	आनुवंशिक; वारसामां मळेलुं	lineally acquired, obtained by family; hereditary.
वंशज	पुं.	वह जो किसी वंश में उत्पन्न हुआ हो, संतान ।	વંશજ, સંતાન	वंशज, संतान	born in the family of, progeny.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वंशलोचन	पुं.	बांस में से निकलने वाला दूध की तरह का सफेद जमा हुआ ठोस पदार्थ जो ओषधि के रूप में प्रयुक्त होता है ।	વંશલોચન	वंशलोचन	an earthy concretion of a milk-white colour found in the hollow of the bamboo and known by the name of bamboo-manna.
वंशवृक्ष	पुं.	वृक्ष की आकृति का वह रेखाचित्र जिसमें किसी वंश के मूल पुरुष से लेकर उसके परवर्ती वंशजों का क्रमशः नामोल्लेख होता है ।	વંશવૃક્ષ	वंशवृक्ष	family tree, genealogical tree.
वंशहीन	वि.	जिसके वंश में कोई न हो, निर्वंश, पुत्ररहित, निःसंतान ।	વંશહીન	वंशहीन	destitute of descendant, having no son or child.
वंशागत	वि.	1. वंश-परंपरा से प्राप्त, वंशानुगत, वंशक्रमागत; 2. उत्तराधिकार में प्राप्त ।	વારસાગત	वारसागत	inherited, obtained by inheritance; coming from one's family.
वंशानुक्रम	पुं.	1. वंश-परंपरा; 2. दे. 'वंशक्रम' ।	વંશાનુક્રમ	वंशानुक्रम	genealogy; see 'वंशक्रम'.
वंशानुक्रमिक	वि.	वंश में परंपरा के रूप में चलनेवाला, आनुवंशिक ।	વંશાનુક્રમિક	वंशानुक्रमिक	genealogical.
वंशावली	स्त्री.	किसी वंश में उत्पन्न पुरुषों की पूर्वोत्तर क्रमसूची ।	વંશાવલી	वंशावली	line of a family, genealogical tree.
वंशी	स्त्री.	मुंह से फूंककर बजाया जानेवाला एक प्रकार का बाजा जो बांस से सुर निकालने के लिए छेद करके बनाया जाता है, बांसुरी, मुरली ।	વાંસળી	वांसळी	flute, pipe.
वकत	स्त्री.	1. महत्व, मूल्य; 2. मान-मर्यादा, प्रतिष्ठा ।	મૂલ્ય; પ્રતિષ્ઠા	मूल्य; प्रतिष्ठा	importance, value; respect, regard.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वकालत	स्त्री.	1. वकील का काम या पेशा;	વકીલાત	वकीलात	practice at the bar, legal practice, pleadership;
		2. अन्य व्यक्ति द्वारा किसी के पक्ष का किया जानेवाला मंडन, पक्षसमर्थन ।			advocacy.
वकालतनामा	पुं.	किसी मुकदमे में वकील होने का प्रमाणपत्र, वह लेख जिसके जरिए किसी वकील को किसी मुकदमे की पैरवी का अधिकार दिया जाए ।	વકીલાત-નામું	वकीलात-नामुं	power of attorney.
वकील	पुं.	विधि के क्षेत्र में, एक विशिष्ट परीक्षा में उत्तीर्ण और विधि की दृष्टि से अधिकार प्राप्त, वह व्यक्ति जो न्यायालय में किसी पक्ष की ओर से खंडन, मंडन आदि का काम करने के लिए नियुक्त होता है ।	વકીલ	वकील	attorney, pleader, lawyer, counsellor (at Law).
वक्त	पुं.	1. समय, काल;	વખત	वखत	time;
		2. उपयुक्त समय, अवसर, मौका;			opportunity;
		3. नियत समय;			fixed time (for);
		4. अवकाश, फुरसत ।			leisure.
वक्तव्य	पुं.	वह कथित या प्रकाशित विवरण जिसमें किसी ने लोगों की जानकारी के लिए वस्तु-स्थिति स्पष्ट की हो अथवा अपना विचार प्रकट किया हो, वक्ता का कथन ।	વક્તવ્ય	वक्तव्य	speech, statement.
	वि.	जो कहे जाने के योग्य हो ।			worth stating.
वक्ता	पुं.	1. कहने या बोलनेवाला;	વક્તા	वक्ता	one who speaks or talks;
		2. दूसरों को किसी पक्ष, संस्था आदि की नीति, सूचना, आदेश आदि की			spokesman;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		जानकारी देनेवाला अधिकृत व्यक्ति, प्रवक्ता; 3. वह जो जनसाधारण के सामने कोई बात अच्छी तरह और समझाकर कहता हो ।			speaker, lecturer, etc. (at meetings etc.).
वक्तृता	स्त्री.	भाषण, व्याख्यान ।	વક્તૃતા, આખ્યાન	वक्तृता, आख्यान	speech.
वक्तृत्व	पुं.	अच्छे वक्ता होने की अवस्था, गुण या भाव, वाग्मिता ।	વક્તૃત્વ	वक्तृत्व	ability to speak well, eloquence.
वक्तृत्व-कला	स्त्री.	वक्तृता अर्थात् प्रभावशाली ढंग से भाषण देने की कला या विद्या ।	વક્તૃત્વકલા	वक्तृत्वकला	art of eloquency.
वक्र	वि.	1. टेढ़ा, तिरछा, 'ऋजु' का विपर्याय; 2. झुका हुआ, नत; 3. कुटिल, धूर्त (ला.) ।	વક્ર	वक्र	curved, curled; bent; crooked (fig.) , cunning.
वक्रता	स्त्री.	1. वक्र होने की अवस्था, गुण या भाव, टेढ़ापन, तिरछापन; 2. साहित्य में किसी रचना, वस्तु या विषय के निर्वचन और उसकी वर्णनशैली में रहनेवाला वह अनोखा बांकपन या उच्चकोटि का सौंदर्य जो परम उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचायक होता है ।	વક્રતા	वक्रता	curvature, curliness, crookedness; oblique style in poetry.
वक्र-दृष्टि	स्त्री.	1. टेढ़ी या तिरछी दृष्टि; 2. क्रोध आदि से युक्त दृष्टि, कुटिल दृष्टि ।	વક્રદૃષ્ટિ	वक्रदृष्टि	oblique vision or look; malignant or angry look, evil look.
वक्रोक्ति	स्त्री.	किसी प्रकार की वक्रता सो	વક્રોક્તિ	वक्रोक्ति	oblique utterance,

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		युक्त कोई चमत्कार उक्ति, साहित्य में एक प्रकार का अलंकार जिसमें एक अभिप्राय से कही हुई बात का काकु या श्लेष के आधार पर कुछ और ही अभिप्राय निकलता या निकाला जाता है ।			a figure of speech consisting of the use of evasive speech or reply, either by means of a pun, or by an affected change of tone, equivocation, insinuation.
वक्ष	पुं.	पेट और गले के बीच में पड़नेवाला वह भाग जिसमें स्त्रियों के स्तन और पुरुषों के स्तन के से चिह्न होते हैं, उरस्थल, छाती ।	વક્ષ	वक्ष	breast, bosom, chest.
वक्षस्थल	पुं.	दे. 'वक्ष' ।	જુઓ 'વક્ષ'	जुओ 'वक्ष'	see 'वक्ष'.
वगैरह	अव्य.	और इसी प्रकार शेष या संबंधित भी, आदि, इत्यादि ।	વગેરે	वगेरे	etcetera.
वचन	पुं.	1. मनुष्य के मुंह से निकला हुआ सार्थक शब्द, वाणी; 2. उक्ति, कथन; 3. प्रतिज्ञा के रूप में या दृढ़तापूर्वक कही हुई बात; 4. व्याकरण में वह तत्व जिसके द्वारा संज्ञा की संख्या का बोध होता है ।	વચન	वचन	speech; utterance, saying; promise; (gram.) number.
वचनबद्ध	वि.	जिसने किसी को कोई काम करने या न करने का वचन दिया हो ।	વચનબદ્ધ	वचनबद्ध	committed or forbidden by promise.
वजन	पुं.	1. भार; बोझ; 2. भार का परिमाण, तौल; 3. भारीपन, गुरुत्व; 4. महत्व, मूल्य ।	વજન	वजन	load; a measure of weight, weight; weightiness ; importance, value.
वजनदार	वि.	1. (पदार्थ) जिसमें वजन हो, गुरु, भारी;	વજનદાર	वजनदार	having weight, heavy;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. (कथन या बात) जिसमें विशेष तथ्य, प्रभाव, बल या महत्व हो ।			weighty, important (as a saying etc.).
वजनी	वि.	1. अधिक वजन या बोझवाला, भारी;	વજનદાર	वजनदार	weighty, heavy;
		2. जिसका विशेष प्रभाव या महत्व हो, महत्वयुक्त ।			having influence, important.
वजह	स्त्री.	कारण, हेतु ।	કારણ, હેતુ	कारण, हेतु	reason, cause.
वज्र	वि.	1. बहुत अधिक कठोर, बहुत कड़ा या सख्त;	વજ્ર	वज्र	very hard;
		2. बहुत अधिक उग्र या तीव्र;			very harsh;
		3. जिस पर सहसा और किसी प्रकार का प्रभाव न पड़ सकता हो, बहुत बढ़ा-चढ़ा ।			which cannot be affected easily.
	पुं.	1. इंद्र का प्रधान घातक शस्त्र जो दधीचि ऋषि की **हड्डियों से बनाया गया** था, कुलिश;			Lord Indra's weapon made of sage Dadhichi's bones;
		2. आकाश से गिरनेवाली बिजली ।			lightning, thunder–bolt.
वज्रपात	पुं.	आकाश से बिजली का गिरना ।	વજ્રપાત	वज्रपात	the fall of a thunder–bolt, a stroke of lightning.
वज्रहृदय	वि.	कठोर रुखवाला, निष्ठुर, बेरहम ।	વજ્રહૃદય	वज्रहृदय	having an adamantine heart.
वज्राघात	पुं.	1. बहुत ही कठोर और बड़ा आघात;	વજ્રઘાત	वज्रघात	calamity;
		2. आकाश से गिरनेवाली बिजली का आघात ।			stroke of lightning or thunder–bolt.
वट	पुं.	बरगद का पेड़ ।	વડ	वड	the banyan or Indian fig–tree, ficus indica.
वणिक	पुं.	1. वाणिज्य या व्यवसाय से	વણિક	वणिक	merchant, trader;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		जीविका उपार्जित करनेवाला, व्यापारी; 2. वैश्य जाति का व्यक्ति ।			member of the Vaishya caste of the Hindus.
वतन	पुं.	जन्मभूमि, मूल वासस्थान, स्वदेश ।	વતન	वतन	native country, country.
वत्स	पुं.	1. गाय का बच्चा, बछड़ा; 2. छोटा बच्चा, शिशु ।	વત્સ	वत्स	a calf; child.
वत्सल	वि.	बच्चों, विशेषत: अपने बच्चों से अनुराग रखनेवाला, बच्चों से स्नेह रखनेवाला ।	વત્સલ	वत्सल	child–loving, affectionate.
वदन	पुं.	मुंह, मुख ।	વદન	वदन	the mouth, face, countenance.
वध	पुं.	मार डालने या हत्या करने की क्रिया ।	વધ	वध	killing, murder, slaughter.
वधू	स्त्री.	1. ऐसी कन्या जिसका विवाह हो रहा हो अथवा हाल ही में हुआ हो;	નવવધૂ;	नववधू;	newly married woman, bride;
		2. पत्नी ।	વહુ	वहु	wife.
वधूपक्ष	पुं.	विवाह में वधू या कन्या की तरफ के लोग, कन्यापक्ष	કન્યાપક્ષ	कन्यापक्ष	the party of the bride (at a wedding).
वध्य	वि.	जिसका वध किया जाना उचित या शास्त्रसंगत हो ।	વધ્ય	वध्य	requiring to be killed, fit to be slaughtered.
वन	पुं.	1. जंगल; 2. बगीचा, वाटिका ।	વન	वन	a forest, wood, garden.
वनमहोत्सव	पुं.	स्वतंत्र भारत में वर्षा ऋतु में वनों का विस्तार करने के उद्देश्य से होनेवाला कार्यक्रम जिसमें वृक्ष लगाए जाते हैं ।	વનમહોત્સવ	वनमहोत्सव	India's national programme of planting trees during the rainy season.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वनमानुष	पुं.	बिना पूंछ का बंदर जिसकी शक्ल आदमी से बहुत कुछ मिलती है ।	વનમનુષ્ય	वनमनुष्य	wild man, guerilla.
वनवास	पुं.	वन का निवास, जंगल में रहना ।	વનવાસ	वनवास	dwelling in the forest, the state of one who dwells in forest.
वनवासी	वि.	वन में रहनेवाला ।	વનવાસી	वनवासी	one who lives in a forest.
वनस्थली	स्त्री.	वनों से घिरा हुआ प्रदेश ।	વનસ્થળી	वनस्थळी	region or place surrounded by woods or forests.
वनस्पति	स्त्री.	जमीन से उगनेवाले पेड़, पौधे, लताएं आदि ।	વનસ્પતિ	वनस्पति	vegetation.
वनस्पति-विज्ञान (वनस्पति-शास्त्र)	पुं.	आधुनिक विज्ञान की वह शाखा जिसमें वनस्पतियों के उद्‌भव, रचना, आकार-प्रकार, विकार आदि का विवेचन होता है ।	વનસ્પતિશાસ્ત્ર	वनस्पतिशास्त्र	Botany.
वनिता	स्त्री.	औरत, स्त्री ।	વનિતા	वनिता	a woman (in general).
वन्य	वि.	1. वन में उत्पन्न होनेवाला, वनोद्‌भव; 2. जंगल में रहनेवाला, जंगली; 3. असभ्य; बर्बर ।	વન્ય	वन्य	growing or produced in woods; living in or belonging to forest, wild; uncultured, savage.
वपन	पुं.	बीज बोना ।	વાવણી	वावणी	the act of sowing seed.
वपु	पुं.	1. शरीर, देह; 2. रूप ।	વપુ	वपु	body, person; form, figure, shape.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वफा	स्त्री.	1. कही हुई बात या दिए हुए वचन का पालन या निर्वाह करना, कर्तव्यपरायणता; 2. निष्ठा, ईमानदारी, भक्ति ।	વફા	वफा	performing (or performance of) a promise, dutifulness; faith, faithfulness, loyalty, fidelity.
वफादार	वि.	कर्तव्य, वचन, संबंध आदि का सज्जनता और सत्यतापूर्वक पालन करनेवाला, निष्ठ, निष्ठावान्, ईमानदार, सच्चा ।	વફાદાર	वफादार	faithful, honest, true, loyal.
वफादारी	स्त्री.	1. निष्ठा, ईमानदारी, भक्ति; 2. कर्त्तव्यपरायणता ।	વફાદારી	वफादारी	faithfulness, fidelity, loyalty, sincerity; dutifulness.
वमन	पुं.	कै किया हुआ पदार्थ, कै ।	વમન, ઉલ્ટી	वमन, उल्टी	the act of vomitting, vomit.
वय:संधि	स्त्री.	बाल्यावस्था और यौवनावस्था के बीच की स्थिति, लड़कपन और जवानी के बीच का समय ।	વય:સંધિ	वय:संधि	age of puberty.
वय	स्त्री.	बीता हुआ जीवन काल, उम्र, आयु, अवस्था ।	વય	वय	any time or period of life, age.
वयस्क	वि.	1. शारीरिक दृष्टि से जिसका विकास पूर्णता पर पहुंच चुका हो या यथेष्ट हो चुका हो, प्रौढ़ ; 2. विधिक दृष्टि से विशिष्ट उम्र का वह व्यक्ति जिसे निर्वाचन में मत देने, अपनी संपत्ति की व्यवस्था करने, कानूनी विवाह करने आदि का अधिकार प्राप्त होता है, बालिग ।	વયસ્ક	वयस्क	of or relating to age, mature; major, adult (in Law).
वयोवृद्ध	वि.	वह जो वय या उम्र की दृष्टि से बहुत बड़ा हो, अधिक आयुवाला, वृद्ध ।	વયોવૃદ્ધ	वयोवृद्ध	advanced in years, old.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वर	पुं.	1. वह जो किसी कन्या के विवाह के लिए उपयुक्त पात्र माना या समझा गया हो ;	વર	वर	one who is selected as a match for marriageable girl;
		2. नवविवाहिता स्त्री का पति, दूल्हा;			bridegroom, husband;
		3. कोई अच्छी चीज या बात जो देवता से प्रसाद के रूप में मांगी जाए, वरदान ।			boon, blessing.
	वि.	(समस्त पदों में) सबसे बढ़कर उत्तम, श्रेष्ठ ।			the choicest, the best.
वरक	पुं.	1. पन्ना, कटा हुआ कागज;	પત્તુ	पत्तु	a leaf (of paper);
		2. धातु विशेषत: सोने या चांदी का पतला पत्तर जो मिठाइयों आदि पर लगाकर खाया जाता है ।	વરખ	वरख	foil of gold or silver.
वरजिश	स्त्री.	1. कसरत, व्यायाम;	વ્યાયામ ; શ્રમ	व्यायाम ; श्रम	exercise;
		2. ऐसा काम जिसमें शारीरिक श्रम अधिक करना पड़ता हो ।			physical labour.
वरण	पुं.	1. अपनी इच्छा या रुचि से किया जाने वाला चुनाव, चयन;	વરણ	वरण	choice, selection;
		2. चुनाव करके विवाह संबंध निश्चित करने की क्रिया या कृत्य, किसी का चुनाव करके उससे विवाह करना ।			choice of a partner for marriage.
वरदान	पुं.	1. देवता, महापुरुष आदि के द्वारा दिया हुआ वर जिससे अनेक प्रकार के सुख-सुभीते प्राप्त होते हैं और कष्टों आदि का निवारण होता है;	વરદાન	वरदान	godly benefaction, bestowal, boon;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी की कृपा या प्रसन्नता से होनेवाली फलसिद्धि;			favour or fulfilment of desire, blessing;
		3. वह वस्तु जो शुभ फलदायिनी हो ।			boon, which is of good omen or auspicious thing.
वरन्	अव्य.	बल्कि, अपितु, इसके विपरीत ।	બલ્કે	बल्के	but, on the other hand.
वरना	अव्य.	यदि ऐसा न हुआ तो, नहीं तो, अन्यथा ।	બલ્કે	बल्के	and if not, otherwise or else.
वरपक्ष	पुं.	विवाह में वर या दूल्हे की तरफ के लोग, बराती ।	વરપક્ષ	वरपक्ष	the party of the bridegroom. (at a wedding).
वरमाला	स्त्री.	वधू द्वारा वर अर्थात् दूल्हे के गले में पहनाई जानेवाली माला ।	વરમાળા	वरमाळा	garland which is put around the neck of the bridegroom by the bride.
वराह	पुं.	1. शूकर, सूअर; 2. विष्णु के दस अवतारों में से एक जो शूकर के रूप में हुआ था ।	વરાહ	वराह	a boar, hog, pig; name of one of the ten incarnations of Lord Vishnu.
वरिष्ठ	वि.	1. श्रेष्ठ तथा पूज्य; 2. औरों से बड़ा तथा बढ़कर, प्रवर, उच्च, ज्येष्ठ, वरीय ।	વરિષ્ઠ	वरिष्ठ	great and respectable; greatest, senior, high,etc.
वरीय	वि.	1. औरों से बड़ा तथा बढ़कर, प्रवर, उच्च, ज्येष्ठ, वरिष्ठ; 2. बहुतों में अच्छा होने के कारण चुने या ग्रहण किए जाने के योग्य, अधिमान्य ।	વરિષ્ઠ	वरिष्ठ	greater than others, senior; preferable.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वरीयता	स्त्री.	1. औरों से बड़ा तथा बढ़कर होने का गुण, भाव या स्थिति, प्रवरता, ज्येष्ठता; 2. चयन, चुनाव आदि के समय किसी को औरों की अपेक्षा दिया जानेवाला महत्व, तरजीह, अधिमान ।	વરિષ્ઠતા	वरिष्ठता	greatness, excellence; seniority.
वरुण	पुं.	1. एक वैदिक देवता जो जल का अधिपति है; 2. सौर जगत् का सबसे दूरस्थ ग्रह ।	વરુણ	वरुण	Vedic god of water; Neptune planet.
वरेण्य	वि.	1. जो वरण या चयन किए जाने के योग्य हो; 2. चाहा हुआ, इच्छित; 3. उत्तम, श्रेष्ठ ।	વરેણ્ય	वरेण्य	eligible for choice or selection; desirable, wished for; best, excellent.
वर्ग	पुं.	1. स्वजातीय या समान-धर्मियों का समूह, श्रेणी; 2. कुछ विशिष्ट कार्यों के लिए बना हुआ कुछ लोगों का समूह, दल; 3. देवनागरी में एक स्थान से उच्चरित होनेवाले स्पर्श व्यंजन वर्णों का समूह; 4. (ज्यामिति) वह समकोण चतुर्भुज जिसकी लम्बाई और चौड़ाई बराबर हो; 5. समान अंकों का घात (गणित) ।	વર્ગ;	वर्ग;	class, community, species; party, faction, group; class of five alphabets in Nagari script; (Geom.) square; self-multiplication of digit (arith.).
वर्ग पहेली	स्त्री.	पहेलियां बुझाने के लिए ऐसी वर्गाकार रेखाकृति जिसमें छोटे-छोटे घर बने होते हैं तथा जिनमें कुछ संकेतों के आधार पर वर्ण भरे जाते हैं ।	શબ્દહરીફાઈ	शब्दहरीफाई	crossword, puzzle.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वर्गफल	पुं.	गणित में दो समान राशियों के घात से प्राप्त होनेवाला गुणनफल ।	વર્ગફળ	वर्गफळ	square.
वर्गमूल	पुं.	वर्गांक की राशि ।	વર્ગમૂળ	वर्गमूळ	square root.
वर्गीकरण	पुं.	गुणधर्म, रंगरूप, आकार-प्रकार आदि के आधार पर वस्तुओं आदि के भिन्न-भिन्न वर्ग बनाना ।	વર્ગીકરણ	वर्गीकरण	classification.
वर्गीकृत	वि.	अनेक या विभिन्न वर्गों में बंटा या बांटा हुआ ।	વર્ગીકૃત	वर्गीकृत	classified.
वर्गीय	वि.	किसी विशिष्ट वर्ग से संबंध रखनेवाला या उसमें होनेवाला, वर्ग का ।	વર્ગીય	वर्गीय	belonging to a class or category.
वर्चस्व	पुं.	1. तेज, प्रताप; 2. प्राबल्य, प्राधान्य, श्रेष्ठता; 3. कांति, दीप्ति ।	વર્ચસ્વ	वर्चस्व	glory, dignity; prominence, greatness; splendour, lustre.
वर्चस्वी	वि.	1. तेजस्वी, प्रतापी; 2. कांतिमान्, दीप्तियुक्त ।	વર્ચસ્વી	वर्चस्वी	full of glory, dignified; bright, lustrous, radiant.
वर्जन	पुं.	1. निषेध, मनाही; 2. त्याग, छोड़ना ।	વર્જન	वर्जन	prohibition, restriction; avoidance, desertion, giving up.
वर्जित	वि.	1. निषिद्ध, मना किया हुआ; 2. त्यक्त, छोड़ा हुआ; 3. रहित; 4. अग्राह्य; 5. (पदार्थ) जिसका आयात-निर्यात या व्यापार राज्य के द्वारा विधिक रूप से निषिद्ध किया रोका गया हो ।	વર્જિત	वर्जित	forbidden; left, remaining; devoid of, without; excluded, inacceptable; prohibited (item of export, etc.).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वर्ण	पुं.	1. रंग; 2. रंगने या लिखने के काम आनेवाला रंग; 3. भारतीय हिन्दुओं की वह सामाजिक व्यवस्था जिसके अनुसार गुण, कर्म और स्वभाव के विचार से सारा समाज ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र नामक चार वर्णों में विभक्त है, जाति; 4. अक्षर ।	વર્ણ	वर्ण	colour; dye; caste system of Hindus; letter.
वर्णक्रम	पुं.	1. वर्णमाला के अक्षरों का क्रम; 2. प्रकाश के वे रंग जो विशिष्ट प्रक्रिया से विश्लेषित किए जाते हैं ।	વર્ણક્રમ	वर्णक्रम	alphabetical arrangement; spectrum.
वर्णन	पुं.	किसी विशिष्ट अनुभूति, घटना, दृश्य, वस्तु, व्यक्ति आदि के संबंध में होनेवाला विस्तारपूर्ण कथन जो उसका ठीक-ठीक बोध कराने के लिए किया जाता है ।	વર્ણન	वर्णन	description, account.
वर्णनात्मक	वि.	(कथन) लेख आदि, जिसमें किसी अनुभव, अनुभूति, दृश्य आदि का वर्णन हो या किया जाए ।	વર્ણનાત્મક	वर्णनात्मक	descriptive.
वर्णनीय	वि.	जो वर्णन किए जाने के योग्य हो ।	વર્ણનીય	वर्णनीय	fit to be described.
वर्णभेद	पुं.	1. ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र – इन चार प्रकार के वर्णों या जातियों के लोगों में माना जानेवाला भेद, जाति भेद; 2. काले, गोरे, पीले आदि रंगों के आधार पर विभिन्न	વર્ણભેદ	वर्णभेद	caste discrimination among four castes of Hindus; racialism.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		जातियों में किया जानेवाला पक्षपातमूलक भेद ।			
वर्णमाला	स्त्री.	किसी लिपि के वर्णों या अक्षरों की यथाक्रम सूची ।	વર્ણમાળા	वर्णमाळा	alphabets.
वर्णव्यवस्था	स्त्री.	हिन्दू समाज का ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र – इन चार जातियों में धर्म-शास्त्रानुसार विभाजन, वर्ण विभाग ।	વર્ણવ્યવસ્થા	वर्णव्यवस्था	caste system, institution of caste.
वर्णसंकर	पुं.	दो भिन्न वर्णों या जातियों के स्त्री-पुरुष के सहवास से उत्पन्न व्यक्ति, दोगला ।	વર્ણસંકર	वर्णसंकर	person of mixed origin, from parents of different castes.
वर्णाश्रम	पुं.	वर्ण और आश्रम, हिन्दू समाज के (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र) चारों वर्ण और (ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास) चारों आश्रम ।	વર્ણાશ્રમ	वर्णाश्रम	four Hindu castes (viz. Brahman, Kshatriya, Vaisya and Sudra) and the four stages of Hindu society (viz. student, house-holder, mendicant and anchoret.).
वर्णिक	वि.	1. वर्ण संबंधी;	અક્ષરમેળ	अक्षरमेळ	concerning a letter of the alphabet;
		2. (छंद) जिसमें वर्णों की गणना या विचार मुख्य हो ।			kind of metre in Hindi and Sanskrit.
वर्णित	वि.	जिसका वर्णन हो चुका हो, वर्णन के रूप में आया या लाया हुआ ।	વર્ણિત	वर्णित	described, related.
वर्तनी	स्त्री.	किसी शब्द के वर्ण तथा उनका क्रम, अक्षर-विन्यास, हिज्जे ।	જોડણી	जोडणी	spelling (of a word).
वर्तमान	वि.	1. (जीवन या प्राणी) जो इस	વર્તમાન	वर्तमान	living, being alive;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		समय आस्तत्व या सत्ता में हो;			
		2. (नियम या विधान) जो लागू हो या चल रहा हो;			current, in force (as a rule or law);
		3. उपस्थित, प्रस्तुत, विद्यमान ।			present.
	पुं.	व्याकरण में क्रिया के तीन कालों में से एक जिससे यह सूचित होता है कि क्रिया अभी चली है, वर्तमान काल ।			present tense.
वर्तिका	स्त्री.	1. बत्ती;	દીવેટ;	दीवेट;	wick (of a lamp);
		2. सलाई;	સળી ;	सळी;	stick;
		3. पेंसिल की तरह का एक उपकरण जो रेखाचित्र बनाने के काम आता है तथा जिसके एक सिरे पर बाल लगे होते हैं, ब्रुश ।	પીંછી	पींछी	point brush.
वर्तुल	वि.	गोल, वृत्ताकार ।	વર્તુળ	वर्तुळ	round, circular.
वर्तुलाकार	वि.	दे. 'वर्तुल' ।	જુઓ 'વર્તુલ'	जुओ 'वर्तुल'	see 'वर्तुल'.
वर्दी	स्त्री.	किसी विशिष्ट समुदाय या कार्यकर्त्तावर्ग का पहनावा ।	ગણવેશ	गणवेश	uniform or fixed dress.
वर्द्धक (वर्धक)	वि.	वृद्धि करनेवाला ।	વર્ધક	वर्धक	increasing.
वर्द्धन (वर्धन)	पुं.	1. वृद्धि करने या होने की अवस्था, क्रिया या भाव;	વર્ધન	वर्धन	act of increasing or growing;
		2. वृद्धि, बढ़ती ।			increase, growth.
वर्द्धमान (वर्धमान)	वि.	1. बढ़ता हुआ;	વર્ધમાન	वर्धमान	growing;
		2. वर्द्धनशील ।			increasing.
	पुं.	महावीर स्वामी, जैनियों के 24वें तीर्थंकर ।			name of Lord Mahavir, the 24th Tirthankar of the Jains.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वर्ष	पुं.	1. बारह महीने का समय, साल, संवत्सर, वर्ष; 2. पुराणानुसार किसी द्वीप का कोई प्रधान भाग या विभाग ।	વર્ષ	वर्ष	year; division of the earth or known world (according to Puranas).
वर्षक	वि.	1. वर्षा करनेवाला; 2. ऊपर से फेंकने या गिरानेवाला ।	વર્ષક	वर्षक	who does or causes rain; (one) who throws something from above to below.
वर्षगांठ	स्त्री.	वह तिथि या दिन जो किसी के जन्म की तिथि या जन्मदिन के एक वर्ष के बाद पड़ता है, जन्मदिवस, सालगिरह ।	વર્ષગાંઠ	वर्षगांठ	birth anniversary, birthday.
वर्षण	पुं.	1. बरसना; 2. वर्षा ।	વર્ષણ	वर्षण	falling of rain; rain.
वर्षफल	पुं.	फलित ज्योतिष में जातक के अनुसार वर्ष भर के ग्रहों के शुभाशुभ फलों का विवरण ।	વર્ષફળ	वर्षफळ	annual forecast.
वर्षा	स्त्री.	1. आकाश के मेघों से पानी बरसना, वृष्टि; 2. किसी चीज का बहुत अधिक मात्रा में ऊपर से आना या गिरना; 3. वह ऋतु जिसमें प्राय: पानी बरसता रहता है, वर्षाऋतु, बरसात ।	વર્ષા	वर्षा	rains; shower or fall of anything in heavy quantity; monsoon.
वर्षाऋतु	स्त्री.	वह ऋतु जिसमें प्राय: पानी बरसता रहता है, बरसात का मौसम, बरसात, वर्षाकाल ।	વર્ષાઋતુ	वर्षाऋतु	season of the rains, monsoon.
वर्षीय	वि.	1. वर्ष या साल से संबंध रखनेवाला, वार्षिक; 2. गिनती के विचार से वर्षों का, कुछ निश्चित वर्षों की आयु का ।	વાર્ષિક	वार्षिक	yearly, annual; so many years old.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वल्कल	पुं.	1. पेड़ की छाल; 2. पेड़ की छाल से बना हुआ कपड़ा, वल्कल-वस्त्र ।	વલ્કલ	वल्कल	bark of a tree; garment made of bark.
वल्द	पुं.	(किसी का) पुत्र, बेटा ।	દીકરો	दीकरो	son (of).
वल्दियत	स्त्री.	पिता का नाम ।	પિતાનું નામ	पितानुं नाम	father's name.
वल्लभ	वि.	अत्यन्त प्रिय, प्रियतम, प्यारा ।	વલ્લભ	वल्लभ	beloved, dear.
	पुं.	1. अत्यन्त प्रिय व्यक्ति; 2. स्त्री का पति; 3. मालिक, स्वामी ।			beloved person; husband; master.
वश	पुं.	1. शक्ति, सामर्थ्य; 2. नियंत्रण, प्रभाव, काबू; 3. अधीनता ।	વશ	वश	power, capacity; control, mastership; subjection.
	वि.	1. अधीन, काबू में आया हुआ; 2. आज्ञानुवर्ती, आज्ञाकारी; 3. जादू-टोने से मुग्ध किया हुआ ।			under the control of, empowered; obedient; subdued by charms.
वशवर्ती	वि.	1. जो किसी के वश में हो, अधीन; 2. आज्ञानुवर्ती, आज्ञाकारी ।	વશવર્તી	वशवर्ती	being under the control of; obedient, submissive.
वशीकरण	पुं.	1. जादू-टोने या मंत्र के प्रयोग द्वारा वश में करने की क्रिया, मोहित या मुग्ध करने की क्रिया, वशीभूत करने का एक तांत्रिक प्रयोग; 2. ऐसे साधन जिनसे किसी को वशीभूत किया जा सके या किया जाना हो ।	વશીકરણ	वशीकरण	overcoming by charms, spell etc.; means of subjugating or fascinating.
वशीकृत	वि.	1. जादू-टोने आदि द्वारा वश में लाया या किया हुआ, मुग्ध, मोहित;	વશીકૃત	वशीकृत	bewitched, enchanted;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. वश में किया हुआ, काबू में लाया हुआ ।			brought into subjection, subdued.
वशीभूत	वि.	1. वश में आया या किया हुआ, अधीन;	વશીભૂત	वशीभूत	subjugated, under the control or authority of;
		2. मुग्ध, मोहित, जादू-टोने आदि द्वारा वश में लाया हुआ ।			fascinated, enchanted by charms or spell.
वसंत	पुं.	1. वर्ष की छह ऋतुओं में से एक ऋतु, हेमंत और ग्रीष्म के बीच की ऋतु;	વસંત	वसंत	spring season;
		2. संगीत के छह मुख्य रागों में से एक जो विशेष रूप से वसंत ऋतु में गाया जाता है ।			name of one of the **Ragas** sung during the spring season.
वसंत पंचमी	स्त्री.	माघ महीने की शुक्ल पंचमी तथा इस दिन मनाया जानेवाला त्यौहार या पर्व ।	વસંતપંચમી	वसंतपंचमी	festival held on the 5th of the light half of the month Magha.
वसंती	वि.	1. वसंत ऋतु संबंधी, वसंत का;	વસંતી	वसंती	of or relating to spring season;
		2. हलके पीले रंग का ।			of yellow colour.
वसंतोत्सव	पुं.	1. होली का उत्सव;	વસંતોત્સવ	वसंतोत्सव	festival of Holi;
		2. वसंत पंचमी के दिन मनाया जानेवाला उत्सव ।			festival celebrated on the full moon day of Phagun.
वसन	पुं.	1. वस्त्र, कपड़ा, पहनने का कपड़ा, परिधान;	વસન	वसन	cloth, clothes, dress, garment, apparel, attire;
		2. किसी स्थान पर बसना, निवास ।			dwelling, residing.
वसा	स्त्री.	1. पीले या सफेद रंग का एक प्रसिद्ध चिकना या तेलाक्त पदार्थ जो पशुओं	વસા	वसा	fat;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		मछलियों और मनुष्यों के शरीर में पाया जाता है और जिसकी अधिकता होने पर उनमें मोटाई आती है, चरबी;			
		2. मज्जा, गूदा ।			marrow, pith.
वसीयत	स्त्री.	1. यह लिखित आदेश कि लेखक की अनुपस्थिति में या मृत्यु के उपरांत उसकी संपत्ति का वारिस अमुक व्यक्ति या अमुक संस्था होगी;	વસિયત	वसियत	will;
		2. उक्त आशय का लिखा हुआ आदेश-पत्र, वसीयतनामा, इच्छापत्र ।			testament;
		3. उक्त के फलस्वरूप मिला धन, उत्तराधिकार से प्राप्त धन, रिक्थ ।			bequest, legacy.
वसीयतनामा	पुं.	वह पत्र जिस पर कोई वसीयत लिखी हो, इच्छापत्र ।	વસિયતનામું	वसियतनामुं	will.
वसुंधरा	स्त्री.	पृथ्वी ।	વસુંધરા	वसुंधरा	earth.
वसु	पुं.	धन-संपत्ति ।	વસુ	वसु	riches, wealth.
वसुधा	स्त्री.	पृथ्वी ।	વસુધા	वसुधा	earth, world, globe.
वसुमती	स्त्री.	पृथ्वी ।	વસુમતી	वसुमती	earth.
वसूल	वि.	1. मिला हुआ, प्राप्त; 2. (प्राप्य धन या पदार्थ) जो दूसरों से लिया गया हो, उगाहा हुआ ।	વસૂલ	वसूल	got, received; collected (funds, etc).
वसूली	स्त्री.	1. वसूल करने या होने की अवस्था, क्रिया या भाव, प्राप्य धन की प्राप्ति, उगाही;	વસૂલી	वसूली	receipt, realisation, recovery;
		2. लोगों से धन आदि लेकर इकट्ठा करने की क्रिया या भाव ।			collection.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वस्तु	स्त्री.	1. श्रम द्वारा निर्मित चीज; 2. वह जो कुछ अस्तित्व में हो, गोचर पदार्थ ।	વસ્તુ	वस्तु	any thing made, material; really existing thing, object, article.
वस्तुजगत	पुं.	दृश्यमान जगत्, संसार ।	વસ્તુ-જગત	वस्तुजगत	visible or material world.
वस्तुतः	क्रि. वि.	वास्तविक रूप या स्थिति में, वास्तव में ।	વાસ્તવમાં	वास्तवमां	actually, in reality.
वस्तुवाद	पुं.	यह दार्शनिक सिद्धांत कि जगत् जिस रूप में हमें दिखाई देता है, उसी रूप में वह वास्तविक और सत्य है ।	વાસ્તવવાદ	वास्तववाद	objectivism, realism.
वस्तुस्थिति	स्त्री.	किसी चीज या वस्तु की वास्तविक स्थिति ।	વસ્તુસ્થિતિ	वस्तुस्थिति	reality.
वस्त्र	पुं.	रूई, ऊन, रेशम आदि के तागों से बुना या जमाकर तैयार किया हुआ वह प्रसिद्ध पदार्थ जो पहनने, ओढ़ने आदि के काम आता है, कपड़ा ।	વસ્ત્ર	वस्त्र	cloth, linen, clothes, garment etc.
वस्त्रागार	पुं.	1. वह स्थान जहां सब प्रकार के या बहुत से कपड़े हों; 2. कपड़ों की दूकान ।	વસ્ત્રાગાર	वस्त्रागार	wardrobe; clothier's shop.
वह	सर्व.	बातचीत में दूर स्थित या परोक्ष व्यक्ति या पदार्थ के संकेत का शब्द ।	તે, એ	ते, ए	that, that person, he, she, it.
	वि.	वहन करनेवाला, उठाकर या ढोकर ले जानेवाला (समास में) ।	(સમાસમાં) વહન કરનારું	(समासमां) वहन करनारुं	carrier, conveyer.
वहन	पुं.	1. कहीं से ले जाने के लिए कोई चीज उठाना या लादना, भार ढोना, लेजाने की क्रिया;	વહન	वहन	carrying, bearing, conveying;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. (दायित्व) निर्वाह करने की क्रिया या भाव ।			performing or discharging (responsibility, duty, etc.).
वहम	पुं.	1. मिथ्या संदेह, झूठा शक; 2. अन्धविश्वास ।	વહેમ	वहेम	false doubt or notion; superstition.
वहमी	वि.	जिसके मन में प्राय: कोई वहम बना रहता हो, शक्की ।	વહેમી	वहेमी	superstitious, suspicious, distrustful.
वहाँ	क्रि. वि.	उस स्थान में, उस जगह ।	ત્યાં	त्यां	there.
वही	सर्व.	उस वस्तु या तृतीय व्यक्ति की ओर निश्चित रूप से संकेत करनेवाला सर्वनाम जिसके संबंध में कुछ कहा जा चुका हो, निश्चित रूप से पूर्वोक्त ।	તે જ	ते ज	that very one, the self same, he himself, the same.
वांछनीय	वि.	जिसकी वांछा या कामना की गई हो या की जाने को हो ।	વાંછનીય	वांछनीय	desirable, wished or worthy of desire.
वांछा	स्त्री.	इच्छा, अभिलाषा, चाह ।	વાંછા, અભિલાષા	वांछा, अभिलाषा	wish, desire, longing.
वांछित	वि.	चाहा हुआ, इच्छित ।	વાંછિત	वांछित	wished, desired, longed for.
वा	अव्य.	विकल्प या सन्देह का वाचक शब्द, अथवा, या ।	અથવા	अथवा	or.
वाकई	क्रि. वि.	यथार्थ में, वास्तव में, वस्तुत: ।	ખરેખર, વાસ્તવમાં	खरेखर, वास्तवमां	really, actually, truly.
वाक्	स्त्री.	1. वाणी, आवाज; 2. कथन, अभिव्यक्ति; 3. बोलने की इन्द्रिय; 4. वाग्देवी, सरस्वती ।	વાક્	वाक्	speech; expression, saying; organ of speech; the goddess of speech, Saraswati.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वाक्पटु	वि.	बातचीत करने में चतुर ।	વાક્પટુ	वाक्पटु	eloquent.
वाक्पटुता	स्त्री.	बातचीत करने की चतुराई, बातचीत करने का कौशल ।	વાક્પટુતા	वाक्पटुता	eloquence.
वाक्य	पुं.	शब्द या शब्दों का ऐसा समूह जो एक विचार पूरी तरह से व्यक्त करे, जुमला ।	વાક્ય	वाक्य	sentence.
वाक्यरचना	स्त्री.	वाक्य का बनाना, शब्दों या पदों को यथास्थान रखकर वाक्य बनाना, वाक्य गठन ।	વાક્ય-રચના	वाक्य-रचना	arrangement of words in a sentence, syntax.
वाक्यविन्यास	पुं.	वाक्यों को यथास्थान रखना, वाक्यों का उपयुक्त क्रम ।	વાક્ય-વિન્યાસ	वाक्य-विन्यास	the structure of sentences, the arrangement or order of a sentence, syntax.
वाग्जाल	पुं.	ऐसी घुमाव-फिराव की बातें जिनका मूल उद्देश्य दूसरों को धोखा देना या फंसाना होता है ।	વાગ્જાળ	वाग्जाळ	equivocation, multiloquence.
वाग्दत्ता	स्त्री.	ऐसी कन्या जिसके विवाह की बात पक्की हो चुकी हो ।	વાગ્દત્તા	वाग्दत्ता	affianced or betrothed virgin.
वाग्मिता	स्त्री.	अच्छे वक्ता होने की अवस्था, गुण या भाव, वक्तृत्व ।	વાગ્મિતા	वाग्मिता	eloquence.
वाग्विलास	पुं.	शब्द-क्रीड़ा, शब्दाडंबर, वागाडंबर ।	વાગ્વિલાસ	वाग्विलास	play of words, multiloquence.
वाग्वैदग्ध्य	पुं.	1. वाग्विदग्ध होने की अवस्था या भाव, वाक्चातुर्य, वाकपटुता;	વાગ્વૈદગ્ધ્ય	वाग्वैदग्ध्य	eloquence;
		2. कथन, लेख, वक्तव्य आदि में होनेवाला चमत्कारपूर्ण तत्व ।			bombast, graceful or prevaricative writing, statement or speech.
वाङ्मय	पुं.	लिपिबद्ध विचारों का समस्त संग्रह या समूह, साहित्य ।	વાઙ્મય	वाङ्मय	consisting of words, literature.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वाचक	वि.	1. कहने या बोलनेवाला; 2. बताने या बोध करानेवाला; 3. वाचन करके अर्थात् पढ़कर सुनानेवाला ।	વાચક	वाचक	speaking; declaratory, telling or explanatory; one who reads out, reader.
	पुं.	व्याकरण तथा भाषाविज्ञान में तीन प्रकार के शब्दों या साक्षात् अर्थ का बोधक होता है, वाचक शब्द ।			(in gram.) denoting number.
वाचनालय	पुं.	वह सार्वजनिक (या निजी) स्थान जहां बैठकर पठन या अध्ययन किया जाता है ।	વાચનાલય	वाचनालय	reading room.
वाचाल	वि.	बहुत बोलनेवाला, बातूनी, बक्की, बकवादी ।	વાચાળ	वाचाळ	talkative, garrulous.
वाचालता	स्त्री.	वाचाल होने की अवस्था या भाव, बहुत बोलना, बातूनीपन ।	વાચાળતા	वाचाळता	talkativeness, loquaciousness, garrulity.
वाचिक	वि.	1. वाणी संबंधी; 2. वाणी से निकला हुआ, मुंह से कहा हुआ, मौखिक ।	વાચિક	वाचिक	relating to speech; spoken.
	पुं.	केवल वाणी द्वारा संपन्न अभिनय ।			verbal acting.
वाच्यार्थ	पुं.	वाचक शब्द का अर्थ, अभिधेयार्थ ।	વાચ્યાર્થ	वाच्यार्थ	the directly expressed meaning.
वाजिब	वि.	उचित, संगत, मुनासिब ।	વાજબી	वाजबी	reasonable, proper, just, incumbent.
वाटिका	स्त्री.	बगीचा, छोटा बाग ।	વાટિકા	वाटिका	small garden.
वाणिज्य	पुं.	बहुत बड़े पैमाने पर होनेवाला व्यापार ।	વાણિજ્ય	वाणिज्य	commerce, trade.
वाणी	स्त्री.	1. मुंह से निकलनेवाली आवाज, वाक्, बोली;	વાણી	वाणी	voice, sound;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. वचन, कथन, अभिव्यक्ति;			words, speech;
		3. जिह्वा, जीभ;			tongue;
		4. वाग्देवी, सरस्वती ।			the goddess of speech, Saraswati.
वात	पुं.	1. वायु, हवा;	વાત	वात	air;
		2. वैद्यक के अनुसार शरीर के अंतर्गत तीन दोषों में से एक ।			wind as one of the three humours of body, gout.
वातानुकूलन	पुं.	यांत्रिक या वैज्ञानिक प्रक्रिया से व्यवस्था करना कि किसी घिरे हुए स्थान के तापमान पर उसके बाहर के तापमान का प्रभाव न पड़ने पाए अर्थात् उस स्थान के अन्दर की गरमी या सरदी नियंत्रित और नियमित रहे ।	વાતાનુકૂલન	वातानुकूलन	air-conditioning.
वातानुकूलित	वि.	जिसका तापमान वातानुकूलन की प्रक्रिया से नियमित और नियंत्रित किया गया हो, जिसका वातानुकूलन किया गया हो ।	વાતાનુકૂલિત	वातानुकूलित	air-conditioned.
वातायन	पुं.	बाहर से प्रकाश और हवा अंदर आने के लिए घरों आदि में बनाया जानेवाला झरोखा ।	વાતાયન	वातायन	air hole or ventilator.
वातावरण	पुं.	1. वायु की वह राशि जो पृथ्वी, ग्रह आदि पिंडों को चारों ओर से घेरे रहती है, वायुमंडल;	વાતાવરણ	वातावरण	atmosphere;
		2. परिस्थिति, पर्यावरण ।			environment.
वात्सल्य	पुं.	माता-पिता के हृदय में होनेवाला अपने बच्चों के प्रति नैसर्गिक प्रेम, बच्चों के प्रति होनेवाला स्नेह ।	વાત્સલ્ય	वात्सल्य	affection or tenderness towards off springs.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वाद	पुं.	1. किसी बात विशेषत: सैद्धांतिक बात के संबंध में दोनों ओर से कही जानेवाली बातें, तर्क-वितर्क, विवाद, बहस;	વાદ, ચર્ચા	वाद, चर्चा	discussion, controversy;
		2. विचार के लिए न्यायालय में उपस्थित किया जाने-वाला अभियोग, मुकदमा;			suit, case;
		3. सिद्धांत, व्यवस्थित मत;			theory;
		4. कोई ऐसा तत्व या सिद्धांत जो तत्वज्ञों या विशेषज्ञों द्वारा नियत या निश्चित हुआ हो (प्रत्यय के रूप में प्रयुक्त) ।			issue.
वादक	पुं.	बाजा बजानेवाला ।	વાદક	वादक	a musician.
वादन	पुं.	बाजा बजाना ।	વાદન	वादन	playing upon a musical instrument.
वादविवाद	पुं.	1. दो पक्षों या व्यक्तियों में किसी विषय पर होने-वाला खंडन-मंडन, तर्क-वितर्क, वाद-प्रतिवाद;	વાદવિવાદ	वादविवाद	dispute, contro-versy, argumenta-tion;
		2. किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए की जानेवाली विचारपूर्ण बातचीत, विचार-विमर्श, विचार-विनिमय;			discussion;
		3. केवल औपचारिक रूप से होनेवाली उक्त प्रकार की ऐसी बातचीत जिसमें पारस्परिक मतों या विचारों का खंडन-मंडन होता हो ।			debate.
वादी	पुं.	1. वह जो न्यायालय में किसी के विरुद्ध कोई अभियोग उपस्थित करे, मुद्दई;	વાદી	वादी	plaintiff, appellant;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. शिकायत करनेवाला, फरियादी, परिवादी;			complainant;
		3. संगीत में वह स्वर जो किसी राग में सर्वप्रमुख होता है ।			(in music) leading or keynote.
	वि.	किसी वाद या सिद्धांत से संबंधित या उसका अनुयायी ।			expounder of a theory.
वाद्य	पुं.	बाजा, बजाया जानेवाला यंत्र ।	વાદ્ય	वाद्य	a musical instrument.
वानप्रस्थ	पुं.	भारतीय आर्यों में जीवनयापन के चार शास्त्रविहित आश्रमों या विभागों में से एक जो गृहस्थ आश्रम के बाद और संन्यास से पहले जिसमें मनुष्य गृहस्थी या सांसारिक वैभव का त्याग कर अरण्यवास करता है ।	વાનપ્રસ્થ	वानप्रस्थ	third of the four stages (ashrams) of life prescribed by tradition for a caste Hindu – the stage of abandoning worldly things.
वानर	पुं.	बन्दर	વાનર	वानर	a monkey, an ape.
वापस	वि.	जो कहीं जाकर लौट आया हो, लौटा हुआ, लौटाया हुआ ।	વાપસ, પાછું	वापस, पाछुं	back again, returned.
वापसी	वि.	वापस आने अथवा जाने से संबंधित (टिकट) ।	વાપસી	वापसी	return (as fare or a ticket etc.)
	स्त्री.	1. वापस होने या लौटाने की अवस्था, क्रिया या भाव;			return;
		2. वापस की या लौटाई हुई चीज देने या लेने की क्रिया या भाव ।			returning (of a thing etc.).
वाम	वि.	1. बायां, दाहिना या दक्षिण का विपर्याय;	વામ	वाम	left, not right;
		2. प्रतिकूल, विरुद्ध;			opposite, adverse;
		3. दुष्ट, बुरा ।			wicked, vile, bad.
वामपंथ	पुं.	आधुनिक राजनीति में उग्र उपायों द्वारा जनजीवन को सुधारने तथा उसमें क्रांति लाने का मार्ग या सिद्धांत ।	વામપંથ	वामपंथ	leftism.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वामपंथी	पुं.	आधुनिक राजनीति में उग्र उपायों द्वारा जनजीवन को सुधारने तथा उसमें क्रांति लाने का पक्षधर या समर्थक, वामपंथ का अनुयायी ।	વામપંથી	वामपंथी	leftist, follower of leftism.
	वि.	वामपंथ से संबंधित, वामपंथ का ।			relating to leftism, of leftism.
वाममार्ग	पुं.	तांत्रिक समाज में एक पद्धति जिसमें मद्य, मांस आदि का सेवन विहित है ।	વામમાર્ગ	वाममार्ग	the left hand ritual or doctrine of the tantra or the doctrine of resorting to मांस, मद्य etc.
वायवीय	वि.	1. वायुसंबंधी हवाई; 2. अमूत, अगोचर; 3. आकाशी ।	વાયવી	वायवी	relating to the air or wind, airy; aerial; atmospheric.
वायु	स्त्री.	देखें 'वात' ।	જુઓ 'વાત'	जुओ 'वात'	see 'वात'.
वायुमंडल	पुं.	वह गोलाकार वाष्पीय आवरण जो हमारी पृथ्वी को चारों ओर से घेरे हुए है, वातावरण ।	વાયુમંડળ	वायुमंडळ	the atmosphere.
वायुयान	पुं.	हवा में उड़नेवाला मनुष्य निर्मित यान, हवाई जहाज ।	વાયુયાન	वायुयान	aeroplane.
वायुसेना	स्त्री.	सेना का वह विभाग जो वायुयानों से शत्रु-पक्ष पर गोले आदि फेंकता है, हवाई सेना ।	વાયુસેના	वायुसेना	air force.
वार	पुं.	1. सप्ताह का दिन;	વાર;	वार;	day (of the week);
		2. आक्रमण आदि के समय किया जानेवाला आघात, प्रहार ।	પ્રહાર	प्रहार	assault, attack, blow, strike.
वारदात	स्त्री.	घटना ।	ઘટના	घटना	incident, occurrence.
वारना	स.क्रि.	टोने-टोटके के रूप में किसी	ઓવારવું	ओवारवुं	to wave (anything)

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		चीज को सिर के चारों ओर घुमाकर निछावर करना ।			round or over (one) as a means of averting (evil, etc.), or as a votive offering.
वारांगना	स्त्री.	वेश्या, रंडी, गणिका ।	વારાંગના	वारांगना	prostitute, harlot.
वारा-न्यारा	पुं.	अत्यधिक लाभ की प्राप्ति ।	ભારે લાભ	भारे लाभ	huge gains, heavy profits.
वारि	पुं.	जल, पानी ।	વારિ,પાણી	वारि, पाणी	water.
वारिस	पुं.	वह जिसे किसी की विरासत मिले, दायाद, दायाधिकारी, उत्तराधिकारी ।	વારસ	वारस	heir, successor.
वारुणी	स्त्री.	शराब, मदिरा ।	વારુણી	वारुणी	wine.
वार्ता	स्त्री.	1. बातचीत; 2. ऐसा कथन जो किसी को किसी विषय का ज्ञान कराने के लिए हो; 3. समाचार, खबर ।	વાતચીત	वातचीत	conversation; talk, speech; news, rumour.
वार्तालाप	पुं.	1. लोगों में आपस में होनेवाली बातचीत, कथोपकथन, संवाद; 2. (समझौते की) बातचीत ।	વાર્તાલાપ	वार्तालाप	conversation; talk.
वार्द्धक्य (वार्धक्य)	पुं.	वृद्धावस्था, बुढ़ापा ।	વાર્ધક્ય	वार्धक्य	old age.
वार्षिक	वि.	1. प्रतिवर्ष होनेवाला, एक वर्ष के बाद होनेवाला; 2. एक वर्ष तक चलता रहनेवाला ।	વાર્ષિક	वार्षिक	annual, yearly; lasting for one year.
वार्षिकी	स्त्री.	1. प्रति वर्ष दी जानेवाली वृत्ति या अनुदान; 2. प्रतिवर्ष होनेवाला कोई प्रकाशन; 3. किसी मृत व्यक्ति की मरणतिथि पर प्रतिवर्ष	વાર્ષિકી ;	वार्षिकी;	annuity; annual publication; death anniversary.
			વરસી	वरसी	

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		होनेवाला कोई स्मारक कृत्य, बरसी ।			
वालिद	पुं.	पिता, बाप ।	પિતા	पिता	father.
वालिदा	स्त्री.	माता, मां ।	માતા	माता	mother.
वाष्प	पुं.	भाप ।	બાષ્પ, વરાળ	बाष्प, वराळ	steam.
वासंती	स्त्री.	1. माधवीलता;	વાસંતી	वासंती	a kind of large creeper, Gaertnera rasimosa;
		2. जूही ।			a species of jasmine, jasminum auriculatum.
वास	पुं.	1. किसी स्थान पर रहना, निवास;	વાસ	वास	dwelling, living; residence;
		2. घर, मकान;			home, house;
		3. गंध, बू ।			smell, flavour.
वासना	स्त्री.	1. मन में दबी, बनी या बसी रहने वाली इच्छा, कामना या आकांक्षा;	વાસના	वासना	desire, longing;
		2. कामेच्छा ।			lust.
वासर	पुं.	दिन, दिवस ।	વાસર, દિન	वासर, दिन	a day.
वासी	वि.	रहनेवाला, बसनेवाला ।	વાસી	वासी	resident, inhabitant.
वास्कट	पुं.	पाश्चात्य ढंग की बिना आस्तीन की कुरती या फतुही ।	વાસ્કોટ	वास्कोट	waist-coat.
वास्तव	वि.	1. यथार्थ, सत्य;	વાસ્તવ	वास्तव	real, true;
		2. तात्विक ।			substantial.
वास्तविक	वि.	1. जो वास्तव में हो, यथार्थ, सत्य;	વાસ્તવિક	वास्तविक	actual, real, true, factual;
		2. तात्विक ।			substantial.
वास्ता	पुं.	संबंध, लगाव, सरोकार ।	લેવાદેવા	लेवादेवा	relationship, connection, concern.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
वास्तु	पुं.	ईंट, पत्थर, चूना, लकड़ी आदि से बनाकर तैयार की जानेवाली कोई रचना, संरचना, इमारत ।	વાસ્તુ, ઇમારત	वास्तु, इमारत	building.
वास्तुकला	स्त्री.	वास्तु अर्थात् मकान, महल आदि बनाने की कला जिसके अंतर्गत चित्रण और लक्षण दोनों आते हैं, स्थापत्य ।	વાસ્તુકળા	वास्तुकळा	architecture.
वास्तुकार	पुं.	मकान, महल आदि का निर्माण करनेवाला शिल्पी, स्थपति ।	સ્થપતિ	स्थपति	architect.
वास्ते	अव्य.	1. निमित्त, लिए; 2. हेतु, सबब; 3. कृते ।	વાસ્તે	वास्ते	for the sake (of); on account (of); by reason (of); on or in behalf (of).
वाह	अव्य.	प्रशंसासूचक शब्द, धन्य ।	વાહ	वाह	well done !, fine !, excellent !
वाहक	वि.	ढोनेवाला, ले जानेवाला ।	વાહક	वाहक	carrying, conveying.
	पुं.	कुली, सामान आदि ढोनेवाला मजदूर ।	કુલી	कुली	porter, carrier.
वाहन	पुं.	कोई ऐसा साधन जिसपर चढ़कर लोग कहीं आते-जाते हों, सवारी या पशु या अन्य कोई साधन, सवारी ।	વાહન	वाहन	conveyance of any kind, carriage.
वाहिनी	स्त्री.	1. सेना, फौज; 2. शरीर विज्ञान में नली के आकार के वे सूक्ष्म आधार जो रक्त के कण एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाते हैं ।	વાહિની, સેના; નસ	वाहिनी, सेना; नस	an army; vessel (in physiology).
वाहियात	वि.	1. (वस्तु) जो निरर्थक या व्यर्थ हो; 2. (बात) जो बे-सिर-पैर की, अश्लील या बेहूदा हो;	વાહિયાત, વ્યર્થ;	वाहियात, व्यर्थ;	useless; nonsense;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. (व्यक्ति) जो, निकम्मा या मूर्ख हो ।			worthless (fellow).
वाही	वि.	1. बेहूदा, बे-सिर-पैर का; 2. वहन करनेवाला, ढोने-वाला, ले जानेवाला (समास में); 3. बहानेवाला (समास में); 4. बहनेवाला (समास में) ।	વાહી	वाही	nonsense; carrying, conveying; causing to flow; flowing.
विकट	वि.	1. कठिन, मुश्किल; 2. दुर्गम; 3. भयंकर, भीषण; 4. बहुत बड़ा, विशाल; 5. भद्दा, भोंडा ।	વિકટ	विकट	difficult; formidable; horrible, dreadful; very great, huge; ugly.
विकराल	वि.	भीषण, भयंकर (आकृतिवाला), डरावना ।	વિકરાળ	विकराळ	dreadful, horrible, frightful.
विकर्षण	पुं.	1. दूसरी ओर या विपरीत दिशा में खींचना, प्रतिकर्षण; 2. खींचकर अपनी ओर लाना, लौटाना; 3. अरुचि, घृणा, विमुखता; 4. हटाना ।	વિકર્ષણ	विकर्षण	pulling asunder; dragging; dislike, hatred, disinclination; removing.
विकल	वि.	1. बेचैन, व्याकुल; 2. जिसका कोई अंग टूट चुका हो, खंडित ।	વિકળ	विकळ	restless, uneasy; maimed.
विकलांग	वि.	1. किसी अंग से हीन; 2. जिसका कोई अंग बेकाम हो ।	વિકલાંગ	विकलांग	maimed; having a deficient limb.
विकल्प	पुं.	1. वह अवस्था जिसमें सामने आई हुई कई बातों या विषयों में से कोई बात या विषय अपने लिए चुनने की आवश्यकता	વિકલ્પ	विकल्प	option;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		होती है, पसंद करने या चुनने का अधिकार;			
		2. सामने आए हुए दो या अधिक ऐसे कामों या बातों में से हर एक जिसे आवश्यकता, सुभीते आदि के अनुसार काम में लाया या लिया जा सकता हो;			alternative;
		3. अनिश्चय की स्थिति, अनिश्चितता, सन्देह;			uncertainty, ambiguity;
		4. मन में उत्पन्न होनेवाली तरह-तरह की कल्पनाएं ।			false notions.
विकसित	वि.	1. जिसका विकास हुआ हो या किया गया हो;	વિકસિત	विकसित	developed;
		2. खिला हुआ ।			budded, blown.
विकार	पुं.	1. दूषण, विकृति, भ्रष्टता;	વિકાર	विकार	perversion, defilement;
		2. किसी चीज के आकार, रूप, गुण, रंग आदि में होनेवाला परिवर्तन जिससे वह खराब हो जाए और ठीक तरह से काम देने योग्य न रह जाए, खराबी, गड़बड़ी;			disorder, deterioration;
		3. प्राकृतिक या मूलस्थिति में होनेवाला परिवर्तन, प्रकृति या रूप का बदल जाना, रूपांतरण ।			transformation.
विकारी	वि.	1. जिसमें कोई परिवर्तन हुआ हो या किया गया हो;	વિકારી	विकारी	transformed;
		2. जिसमें कोई विकार या परिवर्तन होता रहता हो या होने को हो;			undergoing a change;
		3. जिसमें कोई विकार उत्पन्न हुआ हो, विकार से युक्त, विकृत ।			defiled.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विकास	पुं.	1. फूलों आदि का खिलना;	વિકાસ	विकास	budding, blooming (of flowers);
		2. किसी चीज का अस्तित्व में आकर या आरंभ होकर फैलते या बढ़ते हुए और उन्नति की अनेक क्रमिक अवस्थाएं पार करते हुए अपनी पूरी बढ़ती तक पहुंचना,बढ़ती, उन्नति, अभिवृद्धि;			development;
		3. यह सिद्धांत कि कोई वस्तु अपनी आरंभिक सामान्य अवस्था से अपनी प्रकृति के अनुसार बढ़ती तथा फूलती फलती हुई पूर्ण अवस्था प्राप्त करती है ।			evolution, growth.
विकासवाद	पुं.	यह सिद्धांत कि ईश्वर ने यह सृष्टि (अथवा इसका कोई अंग) इसी या प्रस्तुत रूप में उत्पन्न नहीं की थी, वरन् इसका रूप प्रतिक्षण बदलता और बढ़ता जा रहा है ।	વિકાસવાદ	विकासवाद	evolutionism.
विकिरण	पुं.	1. आजकल वैज्ञानिक क्षेत्र में किसी केन्द्र से ताप, प्रकाश की किरणों अथवा किसी प्रकार की ऊर्जा का निकल कर इधर-उधर या चारों ओर फैलना;	વિકિરણ	विकिरण	radiation;
		2. इधर-उधर फेंकना, या फैलाना, छितराना, बिखेरना;			throwing about, scattering;
		3. किसी केन्द्र से शाखाओं आदि के रूप में निकलकर इधर-उधर फैलना या बढ़ना ।			spreading of branches from a point.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विकीर्ण	वि.	1. चारों ओर फैलाया या छितराया हुआ, बिखेरा हुआ;	વિકીર્ણ	विकीर्ण	scattered;
		2. खुले, बिखरे या उलझे हुए (बाल) ।			dishevelled.
विकृत	वि.	1. दूषित, कलुषित, भ्रष्ट;	વિકૃત	विकृत	defiled, corrupted;
		2. जिसका आकार या रूप बिगड़ गया हो, बेडोल, खराब;			deformed, disfigured;
		3. जिसकी मूल या प्राकृतिक स्थिति में परिवर्तन हो गया हो, रूपांतरित;			transformed;
		4. (मानसिक रूप से) रुग्ण ।			mentally sick.
विकृति	स्त्री.	1. परिवर्तित रूप;	વિકૃતિ	विकृति	changed form;
		2. बिगड़ा हुआ रूप;			disfigurement;
		3. परिवर्तन, रूपांतरण;			modification, transformation;
		4. खराबी, गड़बड़ी, विकार ।			deformation, corruption.
विकेंद्रीकरण	पुं.	1. केन्द्र से हटाकर दूर करना;	વિકેન્દ્રીકરણ	विकेन्द्रीकरण	removing away from the centre;
		2. राजनीतिक क्षेत्र में, शक्ति का या सत्ता का एक केन्द्र या स्थान में निहित न होकर (रखकर) अनेक केन्द्रों या स्थानों में थोड़े-थोड़े अंशों में निहित होना (करना) ।			decentralisation.
विक्रम	पुं.	1. पौरुष, बल, वीरता, पराक्रम;	વિક્રમ	विक्रम	valour, power, bravery;
		2. उज्जयिनी के एक प्रसिद्ध प्रतापी राजा जिनके नामपर विक्रम संवत् चलाया गया था, विक्रमादित्य ।			a celebrated King of Ujjayini, after whom the Vikram era is named so.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विक्रमी	वि.	पराक्रमी, बलशाली ।	વિક્રમી	विक्रमी	valiant, heroic.
विक्रय	पुं.	बेचना, दाम लेकर कोई चीज देना ।	વિક્રય	विक्रय	selling, vending, sale.
विक्रांत	वि.	जिसमें विशेष विक्रम अर्थात् बल हो, शूर-वीर, पराक्रमी, प्रतापी, तेजस्वी ।	વિક્રાંત, શૂરવીર, તેજસ્વી	विक्रांत, शूरवीर, तेजस्वी	valiant, mighty, pre-eminent, heroic.
विक्रेता	पुं.	बिक्री करनेवाला, बेचनेवाला ।	વિક્રેતા	विक्रेता	one who sells, seller, vendor.
विक्लांत	वि.	1. हतोत्साह; 2. श्रांत, थका हुआ ।	નિરાશ; શ્રાંત	निराश; श्रांत	discouraged; tired.
विक्षत	वि.	घायल, जख्मी, जिसमें क्षत लगा हो, जिसमें खराश या खरोंच पड़ी हो ।	વિક્ષત, ઘાયલ	विक्षत, घायल	wounded, hurt, injured.
विक्षिप्त	वि.	1. जिसका मस्तिष्क ठीक तरह से काम न करता हो, पागल, सिड़ी; 2. घबराया हुआ, विकल, बेचैन; 3. फेंका या छितराया हुआ ।	વિક્ષિપ્ત, પાગલ	विक्षिप्त, पागल	mad, lunatic, crazy; bewildered, perplexed; thrown asunder or scattered.
विक्षिप्तता	स्त्री.	1. पागलपन; 2. बेचैनी, विकलता ।	વિક્ષિપ્તતા	विक्षिप्तता	lunacy; bewilderment, restlessness.
विक्षुब्ध	वि.	1. उद्विग्न, खिन्न; 2. उथल-पुथल युक्त, अस्तव्यस्त, अशांत ।	વિક્ષુબ્ધ, ઉદ્વિગ્ન; અશાંત	विक्षुब्ध, उद्विग्न; अशांत	agitated; disturbed, restless.
विक्षेप	पुं.	1. इधर-उधर छितराना या फेंकना; 2. (मन की) चंचलता, (मानसिक) अशांति, बेचैनी, विकलता; 3. बाधा ।	વિક્ષેપ	विक्षेप	scattering; bewilderment, restlessness (mental), confusion; hindrance.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विक्षोभ	पुं.	1. उद्विग्नता, खिन्नता, विकलता, बेचैनी; 2. उथल-पुथल, अस्त-व्यस्तता, अशांति; 3. (मानसिक) चंचलता, अस्थिरता, अशांति ।	વિક્ષોભ	विक्षोभ	agitation, perturbation; disorder, disturbance; mental restlessness.
विखंडन	पुं.	बहुत छोटे-छोटे, टुकड़ों या अंशों में विभाजित या परिवर्तित करना, टुकड़े-टुकड़े करना ।	વિખંડન	विखंडन	fragmentation.
विखंडित	वि.	1. जिसका विखंडन हुआ हो या किया गया हो; बहुत छोटे-छोटे खंडों-टुकड़ों या अंशों में विभाजित या परिवर्तित; 2. टुकड़े-टुकड़े किया हुआ ।	વિખંડિત	विखंडित	fragmented; divided into pieces.
विख्यात	वि.	प्रसिद्ध, मशहूर, विश्रुत ।	વિખ્યાત	विख्यात	famous, well-known.
विख्यापन	पुं.	1. सार्वजनिक रूप से घोषणा करना; 2. प्रसिद्ध करना, मशहूर करना ।	વિખ્યાપન	विख्यापन	public declaration or pronouncement; making known or famous.
विगणन	पुं.	1. हिसाब लगाना, लेखा करना; 2. ऋण से मुक्त होना ।	વિગણન	विगणन	calculation; paying off a debt.
विगत	वि.	1. बीता हुआ, गत; 2. गत से ठीक पहले का, पिछला; 3. जो किसी बात से रहित या हीन हो चुका हो (समास में) ।	વિગત	विगत	past; last; destitute or deprived of.
विगर्हणा	स्त्री.	निन्दा ।	નિન્દા	निन्दा	censure, reproach.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विगर्हणीय	वि.	निन्दनीय ।	નિન્દનીય	निन्दनीय	deserving censure or reproach.
विगलन	पुं.	1. पूरी तरह से गलना या घुलना; 2. मन का आर्द्र होना, दुखित होना; 3. नाश या लोप होना ।	વિગલન	विगलन	dissolution; melting of heart; disappearance.
विगलित	वि.	1. गला हुआ, पिघला हुआ; 2. द्रवित, आर्द्र (मन); 3. नष्ट, लुप्त ।	વિગલિત	विगलित	dissolved; melted (heart); disappeared, gone away.
विग्रह	पुं.	1. यौगिक शब्दों या समस्त पदों के किसी एक या प्रत्येक शब्द को अलग करना (व्याकरण); 2. लड़ाई-झगड़ा, वैर-विरोध; 3. युद्ध, समर; 4. आकृति, सूरत; 5. देह, शरीर; 6. प्रतिमा, मूर्ति ।	વિગ્રહ	विग्रह	(in gram.) a portion of a compound word, analysis; quarrel, discord; war, battle; shape, form; body; statue, idol.
विघटन	पुं.	1. किसी वस्तु के संयोजक अंगों का अलग होना; 2. नष्ट होना ।	વિઘટન	विघटन	breaking up; destruction, ruin.
विघटित	वि.	1. जिसके संयोजक अंग अलग-अलग किए गए हों, तोड़ा-फोड़ा हुआ; 2. नष्ट किया हुआ; 3. (संस्था आदि) जिसे भंग कर दिया गया हो ।	વિઘટિત	विघटित	shattered, broken; ruined; dissolved (organisation, etc.)
विघातक	वि.	1. विनाशक, नाशक; 2. बाधा पहुंचानेवाला, विघ्नोत्पादक, हानिकर ।	વિઘાતક	विघातक	**destructive, ruinous;** **impeding, interrupting, harmful.**

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विघ्न	पुं.	अड़चन, बाधा ।	વિઘ્ન	विघ्न	obstacle, impediment, disturbance, hindrance, obstruction.
विघ्नकारी	वि.	बाधा उपस्थित करनेवाला, विघ्न डालनेवाला, बाधक ।	વિઘ્નકારી	विघ्नकारी	causing any obstacle or interruption, impeding, hindering, disturbing.
विलक्षण	वि.	1. तीव्र दृष्टिवाला, दूरदर्शी;	વિલક્ષણ	विलक्षण	clear sighted, far seeing, circumspect;
		2. बुद्धिमान्, समझदार;			wise, intelligent;
		3. कुशल, दक्ष ।			skilful, clever.
विचरण	पुं.	घूमना-फिरना, चलना-फिरना, सैर ।	વિચરણ	विचरण	wandering, walk.
विचरना	अ. क्रि.	घूमना-फिरना, चलना-फिरना, फिरना ।	વિચરવું	विचरवुं	to wander, to walk.
विचल	वि.	1. जो बराबर हिलता रहता हो;	વિચળ	विचळ	moving;
		2. अस्थिर;			unfixed, movable;
		3. अपने मार्ग, स्थान, प्रतिज्ञा आदि से हटा, गिरा या डिगा हुआ ।			unsteady, fickle, fallen.
विचलन	पुं.	1. ठीक या सीधा मार्ग छोड़कर इधर-उधर होना, पथ से भ्रष्ट होना;	વિચલન	विचलन	deviation;
		2. अपने कार्य, निश्चय, विचार आदि पर दृढ़ न रहना, अस्थिरता ।			unsteadiness, fickleness.
विचलित	वि.	1. अपनी प्रतिज्ञा, सिद्धांत स्थान आदि से हटा हुआ;	વિચલિત	विचलित	moved or deviated (from promise, principle or place);
		2. अस्थिर, चंचल;			unsteady, fickle;
		3. विकल, बेचैन ।			troubled, disturbed, restless.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विचार	पुं.	1. मन ही मन तर्क-वितर्क करके कुछ सोचने या समझने की क्रिया या भाव, चिन्तन, मनन;	'વિચાર	विचार	thinking, deliberation, pondering;
		2. सोच-समझकर स्थिर की हुई भावना, ख्याल, मत, राय, धारणा;			view, thought, idea;
		3. कोई प्रश्न सामने आने पर उसके संबंध में कुछ निर्णय करने से पहले उसके सब अंग अच्छी तरह तर्क करते हुए देखना या समझना;			consideration;
		4. विवादास्पद विषय के संबंध में कुछ निश्चय करने से पहले किसी न्यायालय या विचारशील व्यक्ति के द्वारा होनेवाली सब अंगों और बातों की जांच-पड़ताल, फैसले के लिए मुकदमे की सुनवाई ।			trial.
विचारक	वि., पुं.	1. विचार करनेवाला, चिन्तन-मनन करनेवाला;	વિચારક;	विचारक;	thinker;
		2. न्यायकर्ता ।	ન્યાયાધીશ	न्यायाधीश	judge.
विचारगोष्ठी	स्त्री.	विद्वानों या विशेषज्ञों की वह गोष्ठी जो किसी विशिष्ट विषय पर विचार करने के लिए बुलाई गई हो ।	પરિસંવાદ	परिसंवाद	seminar.
विचारणा	स्त्री.	1. विचार करने की क्रिया या भाव;	વિચારણા	विचारणा	thinking, deliberation;
		2. सोची-विचारी हुई बात;			view, opinion;
		3. कोई काम करने से पहले यह सोचना कि यह काम करना चाहिए या नहीं अथवा हम से हो सकेगा या नहीं ।			hesitation.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विचारणीय	वि.	1. जिस पर विचार करना उचित हो या विचार किया जाने को हो, चिंत्य; 2. संदिग्ध ।	વિચારણીય	विचारणीय	needing consideration or deliberation; doubtful.
विचारधारा	स्त्री.	विचारों का प्रवाह, सिद्धांत ।	વિચારધારા	विचारधारा	ideology.
विचारना	अ. क्रि.	1. विचार करना, सोचना-समझना, गौर करना; 2. जानने के लिए किसी से कुछ पूछना ।	વિચારવું	विचारवुं	to think, deliberate; to investigate, enquire.
विचारवान	वि.	सोचने-विचारनेवाला, विचारशील ।	વિચારવાન	विचारवान	one who thinks or deliberates, thoughtful, considerate.
विचारशील	वि.	जिसमें किसी विषय पर अच्छी तरह सोचने या विचारने की शक्ति हो ।	વિચારશીલ	विचारशील	disposed to deliberation or reflection, considerate, deliberative, reflective, thoughtful.
विचारशीलता	स्त्री.	विचारशील होने की अवस्था या भाव ।	વિચારશીલતા	विचारशीलता	thoughtfulness, deliberativeness, reflection.
विचाराधीन	वि.	1. (बात या विषय) जिस पर अभी विचार हो रहा हो; 2. जिसके संबंध में न्यायालय में अभी मुकदमा चल रहा हो, न्यायाधीन ।	વિચારાધીન	विचाराधीन	under consideration; sub-judice.
विचित्र	वि.	1. अजीब, अनोखा; 2. असाधारण, विलक्षण और नया; 3. मन में कुतूहल उत्पन्न करनेवाला; 4. चकित या विस्मित करनेवाला ।	વિચિત્ર	विचित्र	unusual, strange; peculiar, queer; curious, wonderful; surprising.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विचित्रता	स्त्री.	1. विचित्र होने की अवस्था या भाव, अनोखापन, अजीबपन; 2. विलक्षणता, असाधारणता ।	વિચિત્રતા	विचित्रता	unusualness, strangeness, wonderfulness; peculiarity.
विच्छिन्न	वि.	1. जो काट या छेदकर अलग कर दिया गया हो; 2. जिसका अपने मूल अंग के साथ कोई संबंध न रह गया हो; 3. अलग, जुदा; 4. जिसका अंत हो चुका हो या कर दिया गया हो ।	વિચ્છિન્ન	विच्छिन्न	cut off or split; torn asunder; separate; ceased, ended.
विच्छेद	पुं.	1. काट या छेदकर अलग करने की क्रिया; 2. खंडित या अलग होना, संबंध न रह जाना, भग्न होना; 3. अलगाव, पार्थक्य; 4. नाश, बरबादी ।	વિચ્છેદ	विच्छेद	cutting, splitting; brokenness, break; separation; cessation, end.
विछोह	पुं.	ऐसी अवस्था जिसमें प्रिय के विदेश चले जाने पर उससे संयोग न होता हो, वियोग ।	વિયોગ	वियोग	separation.
विजन	वि.	1. सुनसान, एकांत; 2. निर्जन, गैर-आबाद ।	વિજન	विजन	desolate; uninhabited.
विजनता	स्त्री.	1. एकांतता; 2. निर्जनता ।	વિજનતા	विजनता	solitude, loneliness; absence of inhabitation, wilderness.
विजय	स्त्री.	1. शत्रु या प्रतिस्पर्धी को हराने पर होनेवाली जीत; 2. सफलता, कामयाबी ।	વિજય	विजय	victory, conquest; success.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विजय-पताका	स्त्री.	जीत के समय फहराई जाने-वाली सेना की पताका ।	વિજય-પતાકા	विजय-पताका	triumphal flag.
विजयश्री	स्त्री.	विजय की अधिष्ठात्री देवी, जिसकी कृपा पर विजय निर्भर मानी जाती है, विजय-लक्ष्मी ।	વિજયશ્રી	विजयश्री	the goddess of victory.
विजया	स्त्री.	भांग, भंग ।	વિજયા, ભાંગ	विजया, भांग	hemp, cannabis sativa.
विजया-दशमी	स्त्री.	आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी जो हिन्दुओं का बहुत बड़ा त्योहार मानी जाती है ।	વિજયાદશમી	विजयादशमी	famous Dussehra festival of Hindus which falls on the tenth day of the bright half of Asvina.
विजयी	वि.	1. जीतनेवाला, विजय प्राप्त करनेवाला; 2. सफलता प्राप्त करने-वाला ।	વિજયી	विजयी	conquering, victorious; successful.
विजाति	स्त्री.	दूसरी या भिन्न जाति ।	વિજાતિ	विजाति	different caste or tribe or kind.
विजातीय	वि.	भिन्न जाति का, पराई जाति का ।	વિજાતીય	विजातीय	of different caste or tribe or kind.
विजिगीषा	स्त्री.	विजय पाने की इच्छा ।	વિજિગીષા	विजिगीषा	desire to conquer.
विजित	वि.	जिस पर विजय पाई गई हो, जिसे जीता गया हो ।	વિજિત	विजित	conquered, defeated.
विजेता	पुं.	जीतनेवाला, विजयी ।	વિજેતા	विजेता	conqueror, victor.
विज्ञ	वि.	किसी विषय का बहुत बड़ा जानकार, विद्वान, विशेषज्ञ ।	વિજ્ઞ	विज्ञ	proficient in or conversant with any particular subject, expert.
विज्ञप्ति	स्त्री.	किसी अधिकारी या उसके कार्यालय की ओर से निकलने-वाली ऐसी सूचना जिसमें	નોટિસ	नोटिस	notice, communique.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		किसी बात या विषय का स्पष्टीकरण हो ।			
विज्ञात	वि.	1. जाना हुआ, समझा हुआ;	વિજ્ઞાત	विज्ञात	known, understood, perceived;
		2. प्रसिद्ध, मशहूर ।			well-known, celebrated, famous.
विज्ञान	पुं.	1. आविष्कृत सत्यों तथा प्राकृतिक नियमों पर आधारित क्रमबद्ध तथा व्यवस्थित ज्ञान;	વિજ્ઞાન	विज्ञान	science;
		2. ज्ञान, जानकारी ।			knowledge.
विज्ञानी	वि.	ज्ञानी, वैज्ञानिक ।	વિજ્ઞાની	विज्ञानी	having knowledge, scientist.
विज्ञापक	वि.	दूसरों को जानाकरी देनेवाला ।	વિજ્ઞાપક	विज्ञापक	one or what makes known.
	पुं.	समाचारपत्रों आदि में विज्ञापन छपानेवाला, विज्ञापनदाता ।			advertiser.
विज्ञापन	पुं.	1. प्रचार, बिक्री, लोगों की जानकारी आदि के लिए किसी बात या वस्तु के संबंध में पत्रों आदि में प्रकाशित कराई जानेवाली सूचना;	જાહેરખબર;	जाहेरखबर;	advertisement;
		2. प्रचार आदि के उद्देश्य से बांटा जानेवाला सूचना-पत्र, इश्तहार;	સૂચન-પત્ર;	सूचन-पत्र;	handbill;
		3. सब लोगों की कोई बात जतलाने या बतलाने की क्रिया या भाव, जानकारी कराना, सूचित करना ।	જાહેરાત	जाहेरात	announcement.
विज्ञापित	वि.	1. जिसके संबंध में विज्ञापन प्रकाशित हो चुका हो;	જેની જાહેરાત પ્રગટ થઈ હોય;	जेनी जहेरात प्रगट थई होय;	advertised;
		2. जिसकी सूचना दी जा चुकी हो या जो बतलाया जा चुका हो ।	વિજ્ઞાપિત	विज्ञापित	informed, made known.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विटप	पुं.	पेड़, वृक्ष ।	વૃક્ષ	वृक्ष	tree.
विडंबना	स्त्री.	1. वह हंसी-मजाक जो किसी को चिढ़ाने या अपमानित करने के लिए किया जाए, क्रूर परिहास;	વિડંબના	विडंबना	mockery, scoff, vexation;
		2. असंगति ।			anomaly.
वितंडा	पुं.	1. छिद्रान्वेषण के विचार से की जानेवाली आपत्ति, आलोचना, विरोध, निरर्थक दलील;	વિતંડા	वितंडा	cavil, captious, objection, hypercriticism;
		2. दूसरे के पक्ष को दबाते हुए अपने मत की स्थापना करना;			assertion of one's own point;
		3. व्यर्थ की कहा-सुनी, झगड़ा ।			wrangling.
वितंडावाद	पुं.	निरर्थक दलील का सहारा लेना ।	વિતંડાવાદ	वितंडावाद	dependence upon cavil or hypercriticism.
वितरक	पुं.	वितरण करनेवाला, बाँटने-वाला, वह व्यक्ति या संस्था जो किसी उत्पादक संस्था की वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबन्ध करती हो ।	વિતરક	वितरक	distributor.
वितरण	पुं.	1. बाँटना;	વિતરણ	वितरण	distribution;
		2. राशि की अदायगी;			disbursement;
		3. भुगतान ।			delivery.
वितरित	वि.	1. जिसका वितरण किया गया हो, बाँटा हुआ;	વિતરિત	वितरित	distributed;
		2. जिसकी अदायगी हो गई हो, भुगतान किया हुआ;			disbursed;
		3. सुपुर्द किया हुआ, दिया हुआ ।			delivered.
वितर्क	पुं.	1. किसी के तर्क का खंडन करने के लिए उसके विपरीत उपस्थित किया जानेवाला तर्क;	વિતર્ક	वितर्क	counter-argument;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. असमंजस की स्थिति, सन्देह ।			state of uncertainty.
वितान	पुं.	1. फैलाव, विस्तार;	વિતાન	वितान	expansion, extension;
		2. ऊपर से फैलाई जाने-वाली चादर, चँदोवा;			canopy;
		3. शून्य स्थान, खाली जगह ।			vacuum, empty space.
वितृष्णा	स्त्री.	विरक्ति, घृणा, अरुचि ।	વિતૃષ્ણા	वितृष्णा	disinclination, aversion, indifference.
वित्त	पुं.	1. धन, संपत्ति; 2. राज्य, संस्था आदि के आय-व्यय आदि की मद या विभाग और उसकी व्यवस्था ।	વિત્ત	वित्त	wealth, property; finance.
वित्तीय	वि.	वित्त संबंधी, वित्त का ।	આર્થિક	आर्थिक	financial.
वित्तीय वर्ष	पुं.	किसी देश की वित्तीय व्यवस्था की दृष्टि से नियत किया हुआ बारह महीनों का समय या वर्ष ।	નાણાકીય વર્ષ	नाणाकीय वर्ष	financial year.
विदग्ध	वि.	1. जिसने किसी विषय का अच्छा या पूरा ज्ञान प्राप्त कर लिया हो, पंडित, विद्वान;	વિદગ્ધ	विदग्ध	learned;
		2. चतुर, निपुण, नागर;			skilled;
		3. जला हुआ ।			burnt.
विदग्धता	स्त्री.	1. विद्वता, पांडित्य; 2. निपुणता, कुशलता ।	વિદગ્ધતા	विदग्धता	learnedness; skill.
विदा	स्त्री.	1. रवाना होना, प्रस्थान; 2. कहीं से चलने के लिए मिली हुई अनुमति ।	વિદાય	विदाय	parting; permission to leave.
विदाई	स्त्री.	1. विदा होने की क्रिया या भाव, प्रस्थान; 2. विदा होने के लिए मिली हुई अनुमति;	વિદાય	विदाय	act of parting, leaving; permission to part or leave;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. विदा होने के समय मिलनेवाला उपहार या धन; 4. किसी के विदा होने के समय उसके प्रति शुभ कामना प्रकट करने आदि के लिए लोगों का एकत्र होना ।			gift or money received at the time of parting; farewell.
विदारक	वि.	विदारण करनेवाला, विदीर्ण करनेवाला, फाड़नेवाला ।	વિદારક	विदारक	tearer.
विदारण	पुं.	फाड़ना	વિદારણ	विदारण	tearing.
विदित	वि.	जाना हुआ, अवगत ।	વિદિત	विदित	known, learnt.
विदीर्ण	वि.	1. जिसे फाड़ा गया हो; 2. टूटा या तोड़ा हुआ ।	વિદીર્ણ	विदीर्ण	torn; broken.
विदुषी	स्त्री.	विद्वान् स्त्री ।	વિદુષી	विदुषी	wise or learned woman.
विदूषक	पुं.	1. अपने वेष, चेष्टा, बातचीत आदि से अथवा ढोंग रचकर और दूसरों की नकल उतारकर लोगों को हंसानेवाला, मसख़रा ।	વિદૂષક	विदूषक	jester, buffoon;
		2. प्राय: नाटकों में इस प्रकार का एक पात्र जो नायक का अंतरंग मित्र या सखा होता है तथा जिसकी सूरत-शक्ल, हावभाव, बातें आदि सबको हंसाने वाली होती हैं ।			(in the drama) the jocose companion and confidential friend of the principal character or hero of the play.
विदेश	पुं.	स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश ।	વિદેશ	विदेश	foreign country, another country.
विदेशनीति	स्त्री.	दूसरे देशों की सरकारों से स्थापित किए जानेवाले	વિદેશનીતિ	विदेशनीति	foreign policy.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		राजनयिक संबंधों से संबंधित नीति, परराष्ट्र नीति ।			
विदेशी	वि.	1. दूसरे देश का; 2. विदेश में बननेवाला ।	વિદેશી	विदेशी	of another country; foreign made.
	पुं.	विदेश अर्थात् दूसरे देश का निवासी ।			foreigner.
विदेह	वि.	1. देहरहित, शरीर से रहित;	વિદેહ	विदेह	without body, bodiless, incorporeal;
		2. शारीरिक चिंताओं आदि से रहित;			free from bodily anxieties;
		3. सांसारिक बातों से विरक्त ।			averse to or free from worldly affairs.
विद्	वि.	जाननेवाला, ज्ञाता (समास में) ।	વિદ્	विद्	knowing, conversant with.
विद्ध	वि.	1. छेदा हुआ, बेधा हुआ;	વિદ્ધ	विद्ध	pierced, penetrated;
		2. घायल ।			injured, wounded.
विद्यमान	वि.	1. जो अस्तित्व में हो, वर्तमान; 2. उपस्थित, मौजूद ।	વિદ્યમાન	विद्यमान	being in existence, existent; present.
विद्यमानता	स्त्री.	1. अस्तित्व; 2. उपस्थिति ।	વિદ્યમાનતા	विद्यमानता	existence; presence.
विद्या	स्त्री.	1. ज्ञान, इल्म;	વિદ્યા	विद्या	knowledge, learning;
		2. शिक्षा;			education;
		3. किसी तथ्य या विषय का व्यवस्थित ज्ञान, विज्ञान;			science;
		4. चातुर्ययुक्त ज्ञान, कौशल ।			skill.
विद्यादान	पुं.	किसी को विद्या देना या सिखाना ।	વિદ્યાદાન	विद्यादान	the imparting of knowledge, teaching.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विद्यापीठ	पुं.	1. शिक्षा का बड़ा और प्रमुख केन्द्र; 2. ऐसा विद्यालय जिसमें ऊंचे दरजे की शिक्षा दी जाती हो, महाविद्यालय ।	વિદ્યાપીઠ	विद्यापीठ	great centre of education, seat of learning; college.
विद्याभ्यास	पुं.	विद्याध्ययन, अध्ययन ।	વિદ્યાભ્યાસ	विद्याभ्यास	practice or pursuit of learning.
विद्यारंभ	पुं.	बालक को विद्या की पढ़ाई आरम्भ कराने का संस्कार ।	વિદ્યારંભ	विद्यारंभ	introduction of child to learning.
विद्यार्जन	पुं.	विद्या की प्राप्ति, अध्ययन ।	વિદ્યાર્જન	विद्यार्जन	acquisition of knowledge, pursuit of learning, study.
विद्यार्थी	पुं.	1. विद्या पढ़नेवाला, शिक्षा-संस्था में अध्ययन करने-वाला, छात्र, शिष्य; 2. वह व्यक्ति जो सदा कुछ न कुछ और किसी न किसी विषय में जानने-सीखने को लालायित तथा प्रयत्नशील रहता है ।	વિદ્યાર્થી	विद्यार्थी	student, pupil; studious, scholar.
	वि.	विद्या प्राप्ति का इच्छुक ।			eager to learn.
विद्यालय	पुं.	ऐसी शिक्षण संस्था जिसमें नियमित रूप से विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को शिक्षा दी जाती है ।	વિદ્યાલય	विद्यालय	school.
विद्युत्	स्त्री.	बिजली ।	વિદ્યુત	विद्युत	lightning, electricity.
विद्रुम	पुं.	1. प्रवाल, मूंगा; 2. वृक्षों का नया पत्ता, कोंपल ।	વિદ્રુમ	विद्रुम	coral; young sprout or shoot.
विद्रूप	वि.	विरूप, कुरूप, बदसूरत ।	વિદ્રૂપ	विद्रूप	disfigured, ugly.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विद्रोह	पुं.	राज्य या शासन के प्रति अविश्वास या दुर्भाव उत्पन्न होने पर उसकी आज्ञा, विधान आदि के विरुद्ध किया जानेवाला आचरण और व्यवहार, देश या राज्य में क्रांति के लिए किया जानेवाला उपद्रव ।	વિદ્રોહ	विद्रोह	rebellion, revolt.
विद्रोही	वि.	1. विद्रोह संबंधी;	વિદ્રોહી	विद्रोही	relating to rebellion;
		2. विद्रोह के रूप में होनेवाला ।			rebellious.
	पुं.	विद्रोह करनेवाला ।			rebel.
विद्वत्ता	स्त्री.	पांडित्य ।	વિદ્વત્તા	विद्वत्ता	scholarship, learning.
विद्वान्	वि., पुं.	जिसने अनेक प्रकार की विद्याएं अच्छी तरह पढ़ी हों, पंडित, ज्ञानी ।	વિદ્વાન	विद्वान	scholar, learned.
विद्वेष	पुं.	1. विशेष रूप से किया जानेवाला द्वेष;	વિદ્વેષ	विद्वेष	hostility;
		2. मनोमालिन्य के कारण मन में रहनेवाला वह द्वेष या बैर जिसके फलस्वरूप किसी को नीचा दिखाने या हानि पहुंचाने का प्रयास किया जाता है;			spite;
		3. शत्रुता, दुश्मनी ।			enmity.
विद्वेषी	वि.	मन में किसी के प्रति विद्वेष रखनेवाला, विद्वेष करनेवाला ।	વિદ્વેષી	विद्वेषी	hostile, inimical.
	पुं.	शत्रु ।			enemy.
विधर्म	पुं.	1. किसी की दृष्टि से उसके धर्म से भिन्न धर्म, पराया धर्म;	વિધર્મ	विधर्म	different religion;
		2. धर्मशास्त्र के विरुद्ध मत या सिद्धांत, अपधर्म ।			irreligion.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विधर्मी	वि., पुं.	1. अपने धर्म के विपरीत आचरण करनेवाला, धर्मभ्रष्ट;	વિધર્મી	विधर्मी	irreligious;
		2. जो किसी दूसरे धर्म का अनुयायी हो;			who follows some different religion;
		3. अपना धर्म छोड़कर कोई दूसरा धर्म अंगीकृत करनेवाला, धर्मपरिवर्तन करनेवाला ।			one who adopts some other religion, convert.
विधवा	स्त्री.	वह स्त्री जिसका धव अर्थात् पति मर गया हो, पतिहीन, बेवा, रांड ।	વિધવા	विधवा	widow.
विधवाश्रम	पुं.	वह स्थान जहां अनाथ विधवाओं को रखकर उनका पालन-पोषण किया जाता हो ।	વિધવાશ્રમ	विधवाश्रम	place for widows where they are looked after.
विधा	स्त्री.	1. ढंग, तरीका, रीति;	રીત;	रीत;	mode, manner,
		2. शैली;	શૈલી;	शैली;	style;
		3. प्रकार, रूप ।	વિધા	विधा	kind, form.
विधाता	पुं.	सृष्टि का रचयिता, स्रष्टा, ब्रह्मा ।	વિધાતા	विधाता	creator, Brahma.
	वि.	1. रचनेवाला, बनानेवाला;			maker;
		2. विधान करनेवाला;			legislator, law maker;
		3. प्रबंध करनेवाला, व्यवस्था करनेवाला ।			arranger.
विधान	पुं.	1. राज्य या शासन के द्वारा जारी किया हुआ कोई कानून जिसमें किसी विषय की विधि और निषेध से संबंध रखनेवाली सभी बातें धाराओं के रूप में लिखी रहती हैं, कानून, विधि;	વિધાન	विधान	law, regulation;
		2. प्रबंध, व्यवस्था;			arrangement;
		3. बनाना, निर्माण, रचना;			making, doing;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		4. किसी चीज या बात का किया जानेवाला उपयोग, प्रयोग या व्यवहार;			use, application;
		5. ढंग, प्रणाली या रीति;			manner, mode;
		6. बतलाई हुई रीति, प्रणाली या ढंग;			prescribed manner, mode;
		7. कायदा, नियम ।			mode, rule.
विधान-परिषद्	स्त्री.	राज्य की विधान सभा से भिन्न दूसरी बड़ी विधि-निर्मात्री सभा जिसका चुनाव परोक्ष रीति से होता है ।	વિધાનપરિષદ	विधानपरिषद्	legislative council.
विधान-मंडल	पुं.	राज्य के संबंध में विधान बनानेवाले दोनों अंगों का सामूहिक नाम और रूप ।	વિધાનમંડળ	विधानमंडळ	legislature.
विधान-सभा	स्त्री.	किसी देश या राज्य की वह सभा या संस्था, विशेषत: निर्वाचित प्रतिनिधियों की सभा या संस्था जिसे कानून या विधान बनाने का अधिकार होता है ।	વિધાનસભા	विधानसभा	legislative assembly.
विधानांग	पुं.	देखें – 'विधान-मंडल' ।	જુઓ 'વિધાન-મંડલ'	जुओ 'विधान-मंडल'	see 'विधान-मंडल'.
विधायक	वि.	1. कार्य का संपादन करनेवाला;	વિધાયક	विधायक	performing, disposing;
		2. निर्माण या रचना करनेवाला;			doing, making, performing;
		3. रचनात्मक			constructive;
		4. प्रबंध या व्यवस्था करनेवाला;			arranging, managing;
		5. विधान करनेवाला, ढंग या रीति बतलानेवाला, निर्धारण करनेवाला, विहित करनेवाला ।			establishing a rule or law.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	पुं.	विधान-सभा (या विधान-परिषद्) का सदस्य ।	ધારાસભ્ય	धारासभ्य	member of legislative assembly (legislative council.)
विधायिका	स्त्री.	विधान निर्मात्री संस्था ।	બંધારણસભા	बंधारणसभा	constituent assembly.
विधायी	वि.	1. विधान निर्माण से संबंधित; 2. विहित करनेवाला, विधान करनेवाला ।	વિધાયી	विधायी	relating to an injunction; performing, accomplishing.
विधि	पुं.	सृष्टि का रचयिता, ब्रह्मा।	વિધિ	विधि	the creator, lord Brahma.
	स्त्री.	1. कार्य करने का ढंग, रीति, प्रक्रिया, प्रणाली; 2. शास्त्रसम्मत व्यवस्था; 3. धर्मग्रंथ या शास्त्र द्वारा निश्चित कर्तव्य निर्देश ।			manner, method, process, law; law; religious act or ceremony, rite, ceremony.
विधिक	वि.	1. विधि-संबंधी;	કાનૂની, વૈધાનિક	कानूनी, वैधानिक	pertaining to law;
		2. विधि के रूप में होनेवाला;			applicable in the form of law;
		3. (कार्य) जिसे करने में कोई कानूनी अड़चन न हो;			legal (act);
		4. जो विधि के अनुसार न्यायसंगत हो ।			legal, in accordance with law.
विधि-निषेध	पुं.	कोई काम करने या न करने का शास्त्रीय निर्देश ।	વિધિનિષેધ	विधिनिषेध	do's and don'ts.
विधिपूर्वक	क्रि. वि.	नियमानुसार ।	વિધિપૂર્વક	विधिपूर्वक	according to rule, duly.
विधिमान्य	वि.	विधि या नियम के अनुसार स्वीकार्य, विधिसम्मत जिसमें सभी औपचारिकताओं का ठीक से पालन किया गया हो ।	વિધિપુરઃસર, કાનૂની	विधिपुरःसर, कानूनी	lawful.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विधिवत्	क्रि. वि.	1. विधिपूर्वक, विधितः, नियमानुसार;	વિધિવત્	विधिवत्	according to law, in conformity to prescribed rules,in due form;
		2. जिस प्रकार होना चाहिए उसी प्रकार, यथोचित ।			duly, methodically.
विधु	पुं.	चंद्रमा ।	વિધુ	विधु	moon.
विधुर	पुं.	वह पुरुष जिसकी स्त्री मर चुकी हो, रंडुआ ।	વિધુર	विधुर	widower.
विधेय	पुं.	व्याकरण में वह पद या वाक्यांश जिसके द्वारा किसी के संबंध में कुछ विधान किया अर्थात् कहा या बतलाया जाता है ।	વિધેય	विधेय	(gram.) predicate.
	वि.	1. जिसके संबंध में विधान किया जाने को हो, जिसके संबंध में कुछ कहा या बतलाया जाने को हो, जिसके संबंध में निर्धारित किया जाने को हो;			to be legislated;
		2. जिसको करना हो, जो संपन्न किया जाने को हो ।			to be done as duty.
विधेयक	पुं.	किसी कानून या विधान का वह प्रस्तावित रूप या मसौदा जो विधान निर्मात्री सभा के सामने विचारार्थ उपस्थित किया जाने को हो ।	વિધેયક, બિલ	विधेयक,बिल	bill.
विध्वंस	पुं.	विनाश, नाश, बरबादी ।	વિધ્વંસ	विध्वंस	devastation, ruin, destruction.
विध्वंसक	वि.	विध्वंस या नाश करनेवाला, विनाशक ।	વિધ્વંસક	विध्वंसक	one who or which spells devastation.
	पुं.	एक प्रकार का विनाशक पोत ।			destroyer.
विध्वस्त	वि.	नष्ट किया हुआ, बरबाद किया हुआ, विनष्ट ।	વિધ્વસ્ત	विध्वस्त	ruined, destroyed.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विनत	वि.	1. जिसने किसी के सामने मस्तक या सिर झुका रखा हो, नतमस्तक;	વિનત	विनत	bent down, bowed;
		2. विनीत, नम्र;			humble, modest;
		3. नीचे की ओर प्रवृत्त, रुका हुआ ।			inclined, sunk down, bent, crooked, curved, depressed.
विनती	स्त्री.	विनीत भाव से की जानेवाली प्रार्थना, अनुनय-विनय ।	વિનંતી	विनंती	request, entreaty.
विनम्र	वि.	1. विशेष रूप से नम्र, विनीत;	વિનમ્ર	विनम्र	modest, humble;
		2. सुशील, शिष्ट ।			courteous, submissive.
विनम्रता	स्त्री.	1. विनम्र होने की अवस्था या भाव;	વિનમ્રતા	विनम्रता	humbleness, meekness;
		2. सुशीलता, शिष्टता ।			courtesy, modesty.
विनय	स्त्री.	1. आचार, व्यवहार आदि में रहनेवाली नम्रता और सौजन्य;	વિનય	विनय	polite conduct, gentleman-like bearing, good breeding or manners;
		2. नम्रतापूर्वक की जानेवाली प्रार्थना, विनती ।			modesty, humility;
विनष्ट	वि.	1. जो पूरी तरह नष्ट हो चुका हो या नष्ट किया जा चुका हो, बरबाद;	વિનષ્ટ	विनष्ट	utterly lost or ruined, perished;
		2. बिगड़ा हुआ, विकृत;			spoilt, disfigured;
		3. भ्रष्ट आचरणवाला, पतित ।			fallen, depraved, corrupted.
विनाश	पुं.	1. नाश, ध्वंस;	વિનાશ	विनाश	destruction, ruin;
		2. दुर्दशा;			bad condition;
		3. हानि, नुकसान;			utter loss, annihilation;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		4. घोर विपत्ति या संकट, अनर्थ;			calamity;
		5. खराबी, विकार ।			breakdown, defect.
विनाशक	वि.	1. नाश करनेवाला, विध्वंसक; 2. बिगाड़नेवाला, विकृत करनेवाला; 3. (धन आदि) बरबाद करनेवाला ।	વિનાશક	विनाशक	annihilating, destroyer; destroying, ruinous; extravagant.
विनिमय	पुं.	1. एक वस्तु लेकर उसके बदले में दूसरी वस्तु देना, वस्तुओं की अदला-बदली; 2. आदान-प्रदान ।	વિનિમય	विनिमय	barter; exchange.
विनियंत्रण	पुं.	शासन द्वारा किसी चीज की बिक्री, मूल्य आदि पर लगाए गए नियंत्रण का हटाया जाना, नियंत्रणरहित करना ।	અંકુશનાબૂદી	अंकुशनाबूदी	decontrol.
विनियम	पुं.	कोई ऐसा विशिष्ट नियम जो किसी नए निश्चय या आदेश के अनुसार बनाया गया हो ।	વિનિયમ	विनियम	regulation.
विनियमन	पुं.	1. विनियम बनाने की क्रिया या भाव; 2. ऐसी व्यवस्था करना जिससे कोई काम या बात ठीक ढंग से और नियमित रूप में होती रहे ।	વિનિયમન	विनियमन	to regulate; to process in a smooth way.
विनियुक्त	वि.	किसी विशेष प्रयोजन या कार्य (व्यापार आदि) में लगाया हुआ (धन या पूंजी) ।	વિનિયુક્ત	विनियुक्त	invested, appropriated.
विनियोक्ता	पुं.	किसी विशेष प्रयोजन या कार्य (व्यापार आदि) में धन या पूंजी लगानेवाला ।	વિનિયોક્તા	विनियोक्ता	investor, appropriator.
विनियोग	पुं.	1. व्यापार में पूंजी लगाना;	વિનિયોગ	विनियोग	investment, apportionment;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी विशिष्ट उद्देश्य, प्रयोजन आदि के निमित्त संपत्ति आदि किसी दूसरे को देना;			distribution, division;
		3. फलप्राप्ति के उद्देश्य से किसी वस्तु का होनेवाला उपयोग ।			use, application, employment.
विनिर्माण	पुं.	शारीरिक श्रम या यंत्रों द्वारा वस्तुओं का बड़े पैमाने पर किया जानेवाला निर्माण या उत्पादन ।	ઉત્પાદન	उत्पादन	manufacture, manufacturing.
विनिर्माता	पुं.	विनिर्माण करनेवाला ।	ઉત્પાદક	उत्पादक	manufacturer.
विनीत	वि.	1. जिसमें विनय हो, विनय से युक्त, विनयी, नम्र; 2. सुशील, शिष्ट; 3. नम्रतापूर्वक किया जानेवाला ।	વિનીત	विनीत	modest, humble, meek; decent, refined; plain, simple.
विनोद	पुं.	1. मन-बहलाव, मनोरंजन; 2. हंसी-ठट्ठा ।	વિનોદ	विनोद	amusement; humour, wit.
विनोदी	वि.	1. विनोद-संबंधी; 2. विनोदप्रिय, विनोदशील; 3. हंसी-दिल्लगी करनेवाला, हंसोड़ ।	વિનોદી	विनोदी	amusing; jovial, humourous; witty, jolly.
विन्यस्त	वि.	1. रखा हुआ, स्थापित; 2. क्रम से सजाकर रखा हुआ; 3. अच्छी-तरह जोड़ा, बैठाया या लगाया हुआ ।	વિન્યસ્ત	विन्यस्त	put or placed down; marshalled, set in order; fixed, arranged.
विन्यास	पुं.	1. कोई चीज कहीं स्थापित करना, जमाकर रखना; 2. सजाने-संवारने, ठीक स्थान पर रखने तथा ठीक क्रम से लगाने की क्रिया या भाव ।	વિન્યાસ	विन्यास	putting down, placing, laying down; arrangement, adjustment.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विपक्ष	पुं.	1. विरोधी पक्ष या दल; 2. विरोध; 3. तर्कशास्त्र में ऐसा पक्ष जिसमें साध्य का अभाव हो ।	વિપક્ષ	विपक्ष	opposition party; opposition; (logic) a negative instance.
विपक्षी	वि.	जिसका संबंध विपक्ष (विरोधी दल आदि) से हो, विरोधी ।	વિપક્ષી	विपक्षी	connected with the opposite party.
	पुं.	1. शत्रु, दुश्मन; 2. वह जो किसी पक्ष के विरोधी पक्ष में हो, दूसरा फरीक, विरोधी पक्ष; 3. प्रतिद्वन्द्वी ।			enemy; one who belongs to the opposition party; rival.
विपणन	पुं.	बाजार में जाकर माल खरीदने या बेचने की क्रिया या भाव ।	ખરીદવેચાણ	खरीदवेचाण	marketing.
विपत्ति	स्त्री.	1. ऐसी घटना या स्थिति जिसके फलस्वरूप कष्ट, चिंता या हानि अधिक मात्रा में होती हो या होने की संभावना हो, संकट; 2. झंझट या बखेड़े का काम या बात, कठिनाई ।	વિપત્તિ	विपत्ति	calamity, misfortune, hardship; misfortune, failure, disaster.
विपद्	स्त्री.	विपत्ति, संकट, आफत ।	વિપદ	विपद्	calamity, misfortune, distress.
विपन्न	वि.	1. आर्त, दुखी; 2. धनाभाव के कारण दुखी, दरिद्र; 3. विपत्ति में पड़ा हुआ, विपत्तिग्रस्त; 4. कठिनाई या झंझट में पड़ा हुआ ।	વિપન્ન	विपन्न	afflicted, distressed; poor; fallen into adversity; ruined, destroyed, decayed.
विपन्नता	स्त्री.	1. दुःख, कष्ट, संकट; 2. आर्थिक कष्ट, दरिद्रता ।	વિપન્નતા	विपन्नता	misfortune, ruin, trouble; poverty, economic crisis.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विपरीत	वि.	1. जैसा होना चाहिए उसका उलटा, उलटे क्रम, स्थिति आदि में होनेवाला;	વિપરીત	विपरीत	opposite, reversed, reverse;
		2. जो अनुकूल या मुआफिक न हो, प्रतिकूल, विरुद्ध;			unfavourable, adverse;
		3. मेल न खानेवाला, असंगत ।			disagreeable.
विपर्यय	पुं.	1. ऐसा उलट-फेर या परिवर्तन जिससे किसी क्रम के अंतर्गत कोई कुछ आगे और कोई कुछ पीछे हो जाए, पारस्परिक स्थान परिवर्तन करनेवाला हेरफेर, व्यतिक्रम;	વિપર્યય	विपर्यय	transposition;
		2. उलटकर फिर पहले रूप, स्थान आदि में लाना;			reversion;
		3. मिथ्या ज्ञान, भ्रम ।			illusory knowledge, illusion.
विपिन	पुं.	वन, जंगल ।	વિપિન, જંગલ	विपिन, जंगल	forest, jungle.
विपुल	वि.	1. संख्या या परिमाण में बहुत अधिक;	વિપુલ	विपुल	numerous, large;
		2. बहुत बड़ा, विशाल ।			large, huge.
विपुलता	स्त्री.	1. विपुल होने की अवस्था या भाव, अधिकता;	વિપુલતા	विपुलता	state of extensiveness, abundance;
		2. विशालता ।			largeness.
विप्र	पुं.	ब्राह्मण ।	વિપ્ર	विप्र	Brahmana.
विप्रलंभ	पुं.	1. एक दूसरे से अलग होना, विच्छेद;	વિપ્રલંભ	विप्रलंभ	separation (rhet);
		2. साहित्य में प्रेमी और प्रेमिका का वियोग या विरह;			the feeling or sentiment of lovers in separation;
		3. बात बनाकर या वचन पूरा न करके किसी को धोखा देना, वंचना ।			(especially) deceiving by false statement or by not keeping promises.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विप्लव	पुं.	1. उथल-पुथल, हलचल; 2. उत्पात, उपद्रव; 3. विद्रोह, बगावत, क्रांति ।	વિપ્લવ	विप्लव	tumult, affray; insurgency, insurrection; uprising, revolt.
विप्लवी	वि.	क्रांति करनेवाला ।	વિપ્લવી	विप्लवी	insurgent, revolutionary.
विफल	वि.	1. जिसका उद्देश्य सिद्ध न हुआ हो, जिसके प्रयत्न का कोई फल न हुआ हो, असफल; 2. जो परीक्षा में उत्तीर्ण न हुआ हो, अनुत्तीर्ण ।	વિફળ	विफळ	fruitless, unsuccessful; failed.
विफलता	स्त्री.	1. विफल होने की अवस्था या भाव, उद्देश्य की सिद्धि न होना, असफलता; 2. परीक्षा में उत्तीर्ण न होना, अनुत्तीर्णता; 3. निरर्थकता ।	વિફળતા	विफळता	fruitlessness, unprofitableness; failure; uselessness.
विभक्त	वि.	1. जिसके विभाग किए गए हों, विभाजित; 2. अलग किया हुआ ।	વિભક્ત	विभक्त	divided; separated.
विभक्ति	स्त्री.	(व्याकरण) शब्द में लगनेवाला वह प्रत्यय जिससे उस शब्द का कारक, लिंग तथा वचन जाना जाता है ।	વિભક્તિ	विभक्ति	(gram.) inflection.
विभव	पुं.	1. ऐश्वर्य; 2. धन-संपत्ति ।	વિભવ	विभव	prosperity; wealth, riches.
विभा	स्त्री.	1. प्रभा, कांति; 2. छवि, शोभा ।	વિભા	विभा	lustre; beauty, splendour.
विभाग	पुं.	1. कोई विशिष्ट कार्य करने के लिए अलग किया हुआ क्षेत्र, कार्यक्षेत्र, महकमा; 2. किसी कार्य के लिए निश्चित किया हुआ क्षेत्र या खंड;	વિભાગ	विभाग	department, division; division;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. किसी चीज को टुकड़ों या खंडों में बांटकर अलग किया हुआ अंश या टुकड़ा, भाग, हिस्सा ।			part, portion or share in general.
विभागाध्यक्ष	पुं.	किसी विभाग अर्थात् कार्यक्षेत्र या महकमे का अध्यक्ष, किसी विभाग का सबसे बड़ा अधिकारी ।	વિભાગીય પ્રમુખ	विभागीय प्रमुख	head of the department.
विभागीय	वि.	किसी विभाग में होने या उससे संबंध रखनेवाला ।	વિભાગીય	विभागीय	departmental.
विभाजक	पुं.	1. विभाजन करनेवाला; 2. बांटनेवाला ।	વિભાજક	विभाजक	one who divides, divider; distributor.
विभाजन	पुं.	1. हिस्से लगाना, विभाग करना; 2. संयुक्त संपत्ति आदि को उसके स्वामियों द्वारा आपस में बांटना, बंटवारा ।	વિભાજન	विभाजन	act of dividing into shares; division, partition.
विभाजित	वि.	1. जिसके हिस्से कर दिए गए हों, विभक्त; 2. जिसका बंटवारा कर दिया गया हो, बांटा हुआ; 3. खंडित ।	વિભાજિત	विभाजित	divided; distributed; broken, fragmented.
विभाज्य	वि.	जिसका विभाजन हो सके या होने को हो ।	વિભાજ્ય	विभाज्य	divisible, to be divided.
विभाव	पुं.	साहित्य में वह निमित्त या हेतु जो आश्रय में भाव जागृत या उद्दीप्त करता हो ।	વિભાવ	विभाव	(in rhet.) any condition which produces or develops a particular state of body or mind.
विभावरी	स्त्री.	1. रात्रि, रात;	વિભાવરી	विभावरी	night;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. तारों से जगमगाती हुई रात ।			the starry night.
विभाषा	स्त्री.	1. भाषाविज्ञान में, किसी भाषा की कोई ऐसी बड़ी शाखा जो उसके विशिष्ट विभाग के अंतर्गत हो और जिसके कई स्थानिक भेद, प्रभेद भी हों, उपभाषा,बोली;	બોલી, વિભાષા	बोली, विभाषा	sub-language, dialect;
		2. विकल्प, चुनाव या पसंद की स्वतंत्रता;			an option, alternative;
		3. व्याकरण का वह सिद्धांत जहां अपवाद और विधान दोनों पाए जाएं ।			(in Gram.) allowing a rule to be optioned.
विभासित	वि.	1. प्रकाशित;	વિભાસિત	विभासित	illuminated;
		2. चमकता हुआ;			brightening, dazzling;
		3. कांतियुक्त ।			lustrous.
विभिन्न	वि.	अनेक प्रकार का, नानाविध, विविध ।	વિભિન્ન	विभिन्न	different, various.
विभिन्नता	स्त्री.	अनेकता, विविधता ।	વિભિન્નતા	विभिन्नता	variety.
विभीषण	वि.	अपने भाई-बंधुओं से द्रोह करके शत्रुओं के साथ जा मिलनेवाला, देशद्रोही (ला.) ।	વિભીષણ	विभीषण	a traitor.
	पुं.	रावण का एक भाई जो राम का पक्ष लेकर रावण से लड़ा ।			name of a brother of Ravana.
विभीषिका	स्त्री.	1. भय-प्रदर्शन, डराने की क्रिया या भाव;	વિભીષિકા	विभीषिका	the act of terrifying;
		2. डराने का साधन;			means of terrifying;
		3. त्रास, आतंक, दशहत ।			terror, dread.
विभु	वि.	सर्वव्यापक ।	વિભુ	विभु	being everywhere, omnipresent.
	पुं.	स्वामी, मालिक, प्रभु ।			master, a lord.
विभूति	स्त्री.	1. ऐश्वर्य, विभव;	વિભૂતિ	विभूति	prosperity, welfare;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. धन-संपत्ति, दौलत;			wealth, riches;
		3. अलौकिक शक्ति, दिव्यशक्ति;			superhuman power;
		4. चिता, यज्ञ, होम आदि की राख, भस्म ।			ashes.
विभूषण	पुं.	1. आभूषण, गहना;	વિભૂષણ	विभूषण	ornament, decoration;
		2. सौंदर्य ।			splendour, beauty.
विभूषित	वि.	1. आभूषणों से सजा हुआ, अलंकृत;	વિભૂષિત	विभूषित	ornamented;
		2. अच्छी बातों या गुणों से युक्त;			adorned;
		3. शोभित			decorated.
विभेद	पुं.	1. वह तत्व जो दो वस्तुओं में होनेवाली असमता का द्योतक हो, अंतर, भेद, भिन्नता, फरक;	વિભેદ	विभेद	difference;
		2. प्रभेद, उपभेद;			subdivision;
		3. विशेष रूप से किया हुआ अलगाव या भेद, भेदभाव ।			distinction.
विभेदक	वि.	1. भेदन करनेवाला, काटने या छेदनेवाला;	વિભેદક	विभेदक	dividing, separating;
		2. विभेद उत्पन्न करनेवाला, भेदभाव करानेवाला;			separator, discriminator;
		3. अंतर या भेद दिखलाने या बतलानेवाला;			a divider;
		4. आपस में मतभेद कराने-वाला ।			disintegrating.
विभोर	वि.	1. मग्न, लीन;	વિભોર	विभोर	engrossed, absorbed;
		2. मत्त, मस्त ।			overjoyed.
विभ्रम	पुं.	1. भ्रम, भ्रांति, मोह;	વિભ્રમ	विभ्रम	delusion;
		2. शक, संदेह;			doubt;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. निर्मूल-भ्रम, मतिभ्रम;			hallucination;
		4. गलत-फहमी;			misunderstanding;
		5. घबराहट, विकलता;			restlessness;
		6. साहित्य में संयोग श्रृंगार के प्रसंग में स्त्रियों का एक हाव जिसमें वे प्रियतम का आगमन सुनकर अथवा उससे मिलने के लिए जाते समय उतावली और उत्सुकता के कारण कुछ उलटे-पुलटे गहने-कपड़े पहन लेती हैं ।			perturbation in love.
विभ्रांत	वि.	1. भ्रम में पड़ा हुआ, भ्रमित;	વિભ્રાંત	विभ्रांत	-confused;
		2. घबराया हुआ, विकल;			restless;
		3. गलत-फहमी में पड़ा हुआ, भ्रांतिपूर्ण ।			having a misunderstanding, illusory.
विभ्रांति	स्त्री.	1. भ्रम, भ्रांति;	વિભ્રાંતિ	विभ्रांति	illusion;
		2. घबराहट, विकलता;			confusion, restlessness;
		3. गलतफहमी, भूल, गलती ।			misunderstanding, mistake, error.
विमर्श	पुं.	1. किसी बात या विषय पर कुछ सोचना-समझना, विचार करना, पर्यालोचन;	વિમર્શ	विमर्श	critical study, thorough review;
		2. परामर्श करना, सलाह लेना;			consultation;
		3. सोच-विचारकर तथ्य या वास्तविकता का पता लगाना;			consideration;
		4. जांचना और परखना;			examination;
		5. नाटक में पांच संधियों में से एक अवमर्श संधि ।			(in drama) critical juncture or crisis.
विमल	वि.	1. मलरहित, निर्मल;	વિમલ	विमल	free from dirt, spotless;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. दूषण या दोष से रहित; 3. साफ ।			flawless; clean.
विमाता	स्त्री.	सौतेली मां ।	વિમાતા	विमाता	step-mother.
विमान	पुं.	1. वायुयान, हवाई जहाज; 2. आकाशमार्ग से चलनेवाला देवताओं का यान या सवारी; 3. फूल-मालाओं से सजी हुई महात्मा, वृद्ध आदि के शव की अरथी; 4. (रामलीला आदि में जलूस में) वह चौकी जिस पर देवताओं की मूर्तियां रखकर वाहक लोग कंधे पर उठाकर चलते हैं ।	વિમાન ફૂલોથી સજાવેલી મહાત્મા જેવાની નનામી દેવમૂર્તિઓની પાલખી	विमान फूलोथी सजावेली महात्मा जेवानी ननामी; देवमूर्तिओनी पालखी	aeroplane; a heavenly car (of gods moving through the skies); a bier of a Mahatma, old man etc. decorated with garlands; an open palanquin carried on men's shoulders.
विमानन	पुं.	हवाई जहाज चलाने की कला, क्रिया या विद्या ।	વિમાનવિદ્યા	विमान विद्या	the art, process or science of aviation.
विमुक्त	वि.	1. कैद, पाश, बंधन आदि से जो छूट चुका हो या छोड़ दिया गया हो, स्वतंत्र किया हुआ; 2. जिसे छूट दी गई हो, छूटप्राप्त; 3. चलाया या छोड़ा हुआ; 4. बरखास्त, कार्यभार से मुक्त किया हुआ ।	વિમુક્ત	विमुक्त	set free, released, liberated (from jail, bonds etc.); freed from; devoid of; discharged.
विमुख	वि.	1. जो किसी से उदासीन या विरक्त हो चुका हो; 2. प्रतिकूल, विरुद्ध; 3. फलप्राप्ति से वंचित; 4. जिसने किसी ओर से मुंह फेरे या मोड़ लिया हो ।	વિમુખ	विमुख	indifferent; adverse; devoid of; with the face averted or turned. away from.
विमुग्ध	वि.	1. मोहित, आसक्त;	વિમુગ્ધ	विमुग्ध	enchanted, spell-bound;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. भ्रम में पड़ा हुआ, भ्रांत ।			misled.
विमूढ़	वि.	1. बहुत बड़ा मूर्ख या नासमझ;	વિમૂઢ	विमूढ	foolish, dull of understanding, stupid;
		2. भ्रम या मोह में पड़ा हुआ; विशेष रूप से मुग्ध, अत्यन्त मोहित ।			tempted, seduced.
विमोचन	पुं.	बंधन आदि खोलकर मुक्त करना, छुड़ाना या छोड़ना ।	વિમોચન	विमोचन	setting free, release.
विमोहित	वि.	मोहित, आसक्त ।	વિમોહિત	विमोहित	charmed, allured.
वियुक्त	वि.	1. जो युक्त या संयुक्त न हो, असंयुक्त;	વિયુક્ત	वियुक्त	detached, disjoined;
		2. जो किसी से अलग, जुदा या पृथक् हो चुका हो;			separated from, deserted by;
		3. परित्यक्त;			abandoned, given up;
		4. वंचित, रहित, हीन;			deprived or devoid of;
		5. वियोगी ।			disunited (as husband & wife).
वियोग	पुं.	1. योग न होने की अवस्था या भाव, पार्थक्य, ऐसी अवस्था जिसमें दो प्राणी, विशेषत: प्रेमी एक दूसरे से दूर हों और इस प्रकार उनमें मिलन न होता हो, विप्रलंभ;	વિયોગ	वियोग	disjunction, separation (especially of lovers);
		2. उक्त के फलस्वरूप प्रेमियों को होनेवाला कष्ट, विरह ।			bereavement pangs of separation.
वियोगिन	स्त्री.	दे. 'वियोगिनी' ।	જુઓ 'વિયોગિની'	जुओ 'वियोगिनी'	see 'वियोगिनी'.
वियोगिनी	स्त्री.	वह नायिका, प्रेमिका या स्त्री जो अपने नायक, प्रेमी या पति के परदेश चले जाने	વિયોગિની	वियोगिनी	a heroine, beloved or wife whose hero,

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		पर उसके विरह में दुखी हो, विरहिणी नायिका ।			lover or husband has gone away and is left alone.
वियोगी	पुं.	अपनी प्रेमिका या पत्नी के वियोग से दुखी नायक ।	વિયોગી	वियोगी	one who is separated (from his beloved or wife).
वियोजक	वि.	वियोजन करनेवाला, पृथक् करनेवाला ।	વિયોજક	वियोजक	separator, one who separates.
वियोजन	पुं.	1. पृथक् करना, अलग करना, पार्थक्य, पृथक्करण;	વિયોજન	वियोजन	separation, disjoining;
		2. संघटक अंगों को अलग करना, विघटन;			disintegration;
		3. जुदाई, वियोग ।			separation.
विरक्त	वि.	1. सांसारिक प्रपंचों, बंधनों आदि से परे रहनेवाला, उदासीन;	વિરક્ત	विरक्त	detached (from the world), indifferent;
		2. भोग-विलास आदि से बहुत दूर रहनेवाला ।			void of attachment to worldly objects.
विरक्ति	स्त्री.	1. विरक्त होने की अवस्था या भाव, उदासीनता, वैराग्य;	વિરક્તિ	विरक्ति	indifference;
		2. मन में अनुराग या चाह न रहने की अवस्था या भाव;			absence of attachment or affection (for), freedom from passion;
		3. भोगविलास आदि के प्रति होनेवाली अरुचि या उदासीनता ।			weariness from the world.
विरचित	वि.	1. रचा या बनाया हुआ, निर्मित, रचित;	વિરચિત	विरचित	constructed, made;
		2. (ग्रंथों आदि के संबंध में) लिखित ।			(books etc.) written, composed.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विरत	वि.	1. जिसका मन किसी ओर से हट गया हो, अप्रवृत्त; 2. जिसने किसी से अपना संबंध तोड़ लिया हो, जो अलग हो गया हो; 3. सांसारिक विषयों से हटा हुआ, विरक्त, वैरागी ।	વિરત	विरत	one who has given up; detached; unattached.
विरल	वि.	1. जो घना न हो, जिसके बीच-बीच में अवकाश हो, सघन का विपर्याय; 2. दुर्लभ; 3. जो गाढ़ा न हो, पतला; 4. अल्प, थोड़ा ।	વિરલ	विरल	not thick, close or compact, separated by interval; rare, scarcely found; dilute, thin; few, little.
विरह	पुं.	1. प्रिय व्यक्तियों का एक दूसरे से अलग होना जो दोनों पक्षों के लिए बहुत कष्टप्रद हो, वियोग; 2. उक्त के फलस्वरूप होनेवाला मानसिक कष्ट या दु:ख; 3. किसी वस्तु से रहित होना, किसी वस्तु के अभाव में होना ।	વિરહ	विरह	separation; agony of separation; lacking, wanting.
विरहाग्नि	स्त्री.	प्रिय के विरह या वियोग के कारण होनेवाला तीव्र मानसिक संताप ।	વિરહાગ્નિ	विरहाग्नि	the fire of separation, the agony or disconsolateness of parted lovers.
विरहिणी	वि.	पति या प्रिय के विरह से संतप्त ।	વિરહિણી	विरहिणी	(a woman) separated from her husband or lover.
	स्त्री.	वह नायिका, स्त्री या प्रेमिका जो अपने नायक पति या प्रेमी के विरह के कारण संतप्त या दुखी हो ।			a woman separated from her husband or lover.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विरही	वि.	प्रियतमा के विरह से संतप्त ।	વિરહી	विरही	separated from his beloved.
	पुं.	वह नायक या प्रेमी जो अपनी नायिका या प्रेमिका के विरह से संतप्त हो ।			person who is separated from his beloved or wife.
विराग	पुं.	1. मन में राग का होनेवाला अभाव, चाह से रहित होना, अनुराग का विपर्याय;	વિરાગ	विराग	absence of desire or passion;
		2. किसी चीज या बात से मन का हट जाना, उचाट, विरक्ति;			detachment, indifference (to);
		3. सांसारिक सुख-भोग की चाह न रह जाना, वैराग्य ।			detachment from worldly affairs.
विरागी	वि.	1. जिसके मन में राग अर्थात् चाह या प्रेम न हो, रागरहित;	વિરાગી;	विरागी;	void of passion or desire;
		2. दे. 'विरक्त' ।	જુ. 'વિરક્ત'	जु. 'विरक्त'	see 'विरक्त'.
विराजना	अ. क्रि.	1. शोभित होना, प्रकाशित होना;	વિરાજવું	विराजवुं	to look splendid, to shine;
		2. उपस्थित या विद्यमान होना (बड़ों के लिए आदर-सूचक);			to be present (used for elderly persons as a mark of respect), to grace an occasion or place;
		3. बैठना (बड़ों के लिए आदर-सूचक) ।			to be seated.
विराजमान	वि.	1. प्रकाशमान, चमकता हुआ, चमक-दमकवाला;	વિરાજમાન	विराजमान	shining, brilliant, splendid;
		2. उपस्थित, विद्यमान (बड़ों के लिए आदरार्थक);			present;
		3. बैठा हुआ (बड़ों के लिए आदरार्थक) ।			seated.
विराट्	वि.	बहुत बड़ा या भारी ।	વિરાટ	विराट	colossal, gigantic.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विराम	पुं.	1. क्रिया, गति, चाल आदि में होनेवाला अटकाव, रुकना, रुकाव;	વિરામ	विराम	cessation, discontinuance;
		2. वाक्य के भीतर या अंत में लगाए जानेवाले रुकने के चिह्न, विराम-चिह्न;			pause in or at the end of the sentence;
		3. पूरे वाक्य की समाप्ति पर लगाया जानेवाला रुकने का चिह्न, पूर्ण विराम;			full stop;
		4. विश्राम, आराम;			rest, repose;
		5. पड़ाव, ठहराव;			halt;
		6. मध्यान्तर, मध्यावकाश, मध्यावधि ।			interval, intermission.
विरासत	स्त्री.	1. वारिस होने की अवस्था या भाव;	વારસો	वारसो	heirship;
		2. वारिस को उत्तराधिकार के रूप में मिलनेवाली संपत्ति, दायभाग, रिक्थ ।			inheritance, legacy.
विरुद	पुं.	1. किसी के गुण, प्रताप आदि का वर्णन, प्रशस्ति;	બિરુદ	बिरुद	eulogy;
		2. कीर्ति, यश ।			fame, glory etc.
विरुदावली	स्त्री.	1. विरुदों या पदवियों का संग्रह;	બિરુદાવલી	बिरुदावली	a collection of epithets;
		2. किसी बड़े व्यक्ति के गुणों, पराक्रम आदि का होनेवाला विस्तारपूर्वक वर्णन, प्रशस्ति ।			eulogy;
विरुद्ध	वि.	1. प्रतिकूल, विपरीत;	વિરુદ્ધ	विरुद्ध	against, opposed, contrary;
		2. उलटा ।			unfavourable, adverse.
विरूप	वि.	भद्दे रूपवाला, कुरूप, बदसूरत ।	વિરૂપ	विरूप	deformed, defaced,ugly.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विरेचक	वि.	(पदार्थ) जो दस्त लानेवाला हो, दस्तावर ।	વિરેચક	विरेचक	purgative.
विरेचन	पुं.	1. ऐसी क्रिया करना जिससे दस्त आएं; 2. ऐसा पदार्थ या औषधि जिसके सेवन से दस्त आते हों, विरेचक पदार्थ ।	વિરેચન	विरेचन	evacuation of the bowels, purging; purgative.
विरोध	पुं.	1. किसी कार्य या प्रयत्न को रोकने या विफल करने के लिए उसके विपरीत होनेवाला प्रयत्न; 2. मतों, व्यक्तियों, सिद्धांतों आदि में होनेवाली पारस्परिक विपरीतता; 3. उक्त के फलस्वरूप आपस में होनेवाला ऐसा संघर्ष जिसमें प्राय: वैर या शत्रुता का भाव भी सम्मिलित होता है; 4. आपस में होनेवाली अनबन या बिगाड़ ।	વિરોધ	विरोध	opposition; contradiction; enmity; discord, rift.
विरोधाभास	पुं.	साहित्य में एक विरोधमूलक अर्थालंकार जिसमें वस्तुत: विरोध का वर्णन न होने पर भी विरोध का आभास होता है, किसी कथन में केवल आपाततः होनेवाली विरोध की प्रतीति ।	વિરોધાભાસ	विरोधाभास	paradox
विरोधी	वि.	1. जो किसी के विरुद्ध आचरण करता हो, विरोध करनेवाला; 2. जो इस प्रयास में हो कि अमुक कार्य को प्रचलन में न लाया जाए अथवा प्रचलन से उठा लिया जाए;	વિરોધી	विरोधी	opponent, adversary; hostile;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. उलटा, विपरीत ।			contradictory.
	पुं.	1. विपक्षी;			one who belongs to the opposition party;
		2. शत्रु, वैरी ।			enemy.
विलंब	पुं.	ऐसी स्थिति जिसमें अनुमान, आवश्यकता, औचित्य से अधिक समय लगे, अतिकाल, देर, देरी ।	વિલંબ	विलंब	delay.
विलंबित	वि.	1. जिसमें विलंब लगा हो या देर हुई हो;	વિલંબિત	विलंबित	delayed;
		2. लटकता या झूलता हुआ ।			hanging down.
	पुं.	संगीत में ऐसी लय जिसमें स्वरों का उच्चारण बहुत मंद गति से होता हो, 'द्रुत' का विपर्याय ।			slow tempo (music).
विलक्षण	वि.	1. अपने वर्ग के अन्यों की अपेक्षा जिसके लक्षणों में विशेषता हो, साधारण से भिन्न प्रकार का, असाधारण;	વિલક્ષણ	विलक्षण	peculiar, strange, unique;
		2. किसी की तुलना में कुछ अलग और विशिष्ट प्रकार का ।			distinct.
विलग	वि.	अलग, जुदा, पृथक् ।	અલગ	अलग	separate, detached, apart.
विलय	पुं.	1. किसी छोटे देश या राज्य का अपनी स्वतंत्र सत्ता गंवाकर दूसरे बड़े देश या राज्य में मिल जाना;	વિલય	विलय	merger;
		2. सृष्टि का नष्ट होकर अपने मूल-तत्वों में मिल जाना, प्रलय, सृष्टि का ध्वंस या नाश;			annihilation, destruction;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. एकपदार्थ का किसी रूप से दूसरे पदार्थ में घुलना-मिलना, घुल जाना, विलीन होना ।			liquefaction, dissolution.
विलयन	पुं.	1. लय या विलय होने की अवस्था, क्रिया या भाव, विलीन होना;	વિલયન	विलयन	the act of dissolving;
		2. एक वस्तु का अपना अस्तित्व समाप्त कर किसी दूसरी वस्तु में मिलकर समा जाना;			absorption;
		3. किसी छोटे देश या राज्य का किसी बड़े देश या राज्य में होनेवाला विलय ।			merger.
विलसन	पुं.	1. प्रमोद, विलास, क्रीड़ा;	વિલસન	विलसन	sport (luxury);
		2. शोभित होना;			to look pretty or splendid;
		3. चमकने की क्रिया या भाव ।			gleaming, glittering.
विलसित	वि.	1. क्रीड़ा में मग्न, विनोदी;	વિલસિત	विलसित	sportive;
		2. व्यक्त;			appeared, manifested;
		3. शोभित;			adorned;
		4. चमकता हुआ ।			glittered.
विलाप	पुं.	हार्दिक दु:ख प्रकट करने के लिए बिलख-बिलख कर या विकल होकर रोने की क्रिया ।	વિલાપ	विलाप	lamentation, wailing.
विलायत	पुं.	1. पराया देश, दूसरों का देश, बहुत दूर का विशेषत: समुद्रपार का देश;	વિલાયત	विलायत	foreign country;
		2. भारतीयों की दृष्टि से इंग्लैंड, अमेरिका, यूरोप आदि देश या महादेश ।			England, America, Europe as viewed by the Indians.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विलायती	वि.	1. विलायत का, विलायत में बना हुआ या रहनेवाला, विदेशी;	વિલાયતી	विलायती	European, foreign;
		2. भारतीयों की दृष्टि से इंग्लैंड, यूरोप, अमेरिका आदि का, वहां का बना हुआ या रहनेवाला ।			English, European, American as viewed by the Indians.
विलास	पुं.	1. अधिक मूल्य की और सुख-सुभीते की वस्तुओं का ऐसा उपभोग या व्यवहार जो केवल मन प्रसन्न रखने के लिए किया जाए;	વિલાસ	विलास	enjoyment, luxury;
		2. अनुराग तथा प्रेम में लीन होकर की जानेवाली क्रीड़ा, सुखोपभोग, भोग, विषय-सुख, विषयानंद ।			amorous play-fulness, wantonness.
विलासी	वि.	1. (व्यक्ति) जो प्रायः ऐसी क्रीड़ाओं में रत रहता हो जिनसे उसे सुख-भोग प्राप्त होता हो;	વિલાસી	विलासी	lustful, debauch;
		2. हंसी-खुशी में समय बितानेवाला;			sportive;
		3. आराम-तलब;			pleasure seeker;
		4. कामुक ।			an amorous person, licentious.
विलीन	वि.	1. (पदार्थ) जो किसी दूसरे पदार्थ में गल, घुल या मिल गया हो;	વિલીન	विलीन	dissolved;
		2. जो अपनी स्वतंत्र सत्ता खोकर दूसरे से मिल गया हो;			merged;
		3. गायब, लुप्त, अदृश्य ।			vanished, disappeared.
विलुप्त	वि.	1. जिसका लोप हो गया हो;	વિલુપ્ત	विलुप्त	extinct;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. गायब, अदृश्य;			vanished, disappeared;
		3. नष्ट, बरबाद ।			destroyed, ruined.
विलोकन	पुं.	1. देखना; 2. विचार करना; 3. अध्ययन करना; 4. ध्यान देना ।	વિલોકન	विलोकन	seeing, looking at; considering; studying; paying attention to.
विलोप	पुं.	1. लोप; 2. नाश ।	વિલોપ	विलोप	disappearance; destruction.
विलोम	वि.	सामान्य क्रम से न होकर विपरीत क्रम से होनेवाला ।	વિલોમ	विलोम	reverse order.
	पुं.	विपरीतार्थक शब्द, विपर्याय ।			a word having opposite meaning, antonym.
विल्वपत्र	पुं.	बेल का पत्ता ।	બીલીપત્ર	बीलीपत्र	leaf of the wood-apple tree.
विवक्षा	स्त्री.	1. कुछ कहने या बोलने की इच्छा;	વિવક્ષા	विवक्षा	a desire to say something or to speak;
		2. शब्द के अर्थ में होनेवाली विशिष्ट छाया जो उसका स्वाभाविक अंग होती है, तात्पर्य, निहितार्थ, आशय ।			purport.
विवक्षित	वि.	1. जो कहे जाने को हो;	વિવક્ષિત	विवक्षित	intended to be said, intended to be spoken;
		2. (आर्थी छाया) जिसे शब्द व्यक्त कर रहा हो ।			implied.
विवर	पुं.	1. छिद्र, बिल; 2. दरार; 3. कंदरा, गुफा;	વિવર	विवर	hole, burrow; slit; cave;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		4. किसी ठोस चीज के अंदर होनेवाला खोखला स्थान ।			cavity.
विवरण	पुं.	1. विस्तृत वर्णन या विवेचन; 2. ब्यौरा; 3. ग्रंथ की टीका या व्याख्या ।	વિવરણ	विवरण	description; particulars, details; commentary.
विवरणिका	स्त्री.	1. वह पत्र या पुस्तिका जिसमें किसी प्रकार का विवरण लिखा हो, विवरणपत्र, प्रतिवेदन; 2. ऐसा सूचीपत्र या पुस्तिका जिसमें सूचित की जाने-वाली वस्तुओं का थोड़ा बहुत विवरण भी हो ।	વિવરણપત્ર; સૂચિપત્ર	विवरणपत्र; सूचिपत्र	report; brochure.
विवरणी	स्त्री.	आय-व्यय आदि की स्थिति बतानेवाला वह लेखा जो प्रतिवेदन के रूप में कहीं उपस्थित किया जाने को हो ।	વિવરણ, રિટર્ન	विवरण, रिटर्न	return.
विवर्ण	वि.	1. कांतिहीन, फीका, श्रीहत; 2. रंगहीन; 3. पांडु, पीला, बदरंग ।	વિવર્ણ	विवर्ण	dimmed, faded; colourless; pallid, discoloured.
विवर्त	पुं.	1. भंवर, जलावर्त; 2. भ्रम, धोखा; 3. अविद्याजन्य मिथ्या रूप (दर्शन); 4. रूपांतर ।	વિવર્ત	विवर्त	whirlpool; illusion; an apparent or illusory form, unreality (philosophy); alteration, modification.
विवर्तन	पुं.	1. किसी के चारों ओर घूमना, चक्कर लगाना, परिक्रमा; 2. परिवर्तित अवस्था, परिवर्तन;	વિવર્તન	विवर्तन	turning round, revolving; transformation;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. भिन्न-भिन्न अवस्थाओं में से होते हुए या उन्हें पार करते हुए आगे बढ़ना, विकास ।			revolution.
विवर्तवाद	पुं.	दार्शनिक क्षेत्र में शंकर वेदान्त का यह सिद्धान्त कि ब्रह्म ही सत्य है और यह दृश्य जगत् अविद्या के कारण प्रतीत मात्र होने से मिथ्या है ।	વિવર્તવાદ	विवर्तवाद	the doctrine of the Shankar Vedant that the visible world is an unreal appearance of Brahma caused by ignorance and that the latter is the only reality.
विवर्धन	पुं.	1. बढ़ाने या वृद्धि करने की क्रिया; 2. बढ़ती, वृद्धि ।	વિવર્ધન	विवर्धन	the act of increasing or augmenting; growth.
विवश	वि.	1. जो स्वयं अपनी इच्छा के अनुसार नहीं, बल्कि दूसरों की इच्छा से अथवा परिस्थितियों के बंधन में पड़कर काम कर रहा हो, मजबूर, बाध्य; 2. जिसका अपने पर वश न हो, बल्कि जो दूसरों के वश में हो, परवश; 3. जिसे कोई विशिष्ट काम करने के अतिरिक्त और कोई चारा न हो, लाचार, असहाय ।	વિવશ	विवश	under compulsion; helpless; compelled.
विवशता	स्त्री.	1. विवश होने की अवस्था या भाव, लाचारी; 2. मजबूरी, बाध्यता; 3. वह कारण जिसके फलस्वरूप किसी को विवश होना पड़ता हो ।	વિવશતા	विवशता	absence of will, helplessness; compulsion; the cause of being compelled.
विवाचक	पुं.	मध्यस्थ ।	મધ્યસ્થ	मध्यस्थ	arbitrator.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विवाचन	पुं.	आपसी झगड़ों का पंच या पंचायतों के द्वारा होनेवाला विचार और निर्णय, मध्यस्थनिर्णय, पंचफैसला ।	મધ્યસ્થી	मध्यस्थी	arbitration.
विवाद	पुं.	1. ऐसी बात जिसके संबंध में दो या अनेक विरोधी पक्ष हों और जिसकी सत्यता निर्णय होने को हो;	વિવાદ	विवाद	dispute, discussion;
		2. जबानी झगड़ा, कहा-सुनी, तकरार;			quarrel;
		3. पारस्परिक मतभेद ।			controversy.
विवादास्पद	वि.	1. (विषय) जिसके संबंध में दो या अधिक पक्षों का विवाद चल रहा हो;	વિવાદાસ્પદ	विवादास्पद	controversial;
		2. (प्रस्ताव, मत, विचार आदि) जिसके संबंध में तर्क-वितर्क चल सकता हो ।			debatable.
विवादी	वि.	विवाद करनेवाला, कहा-सुनी या झगड़ा करनेवाला ।	વિવાદી	विवादी	disputant.
विवाह	पुं.	1. शादी, परिणय, पाणिग्रहण;	વિવાહ	विवाह	marriage;
		2. उक्त के अवसर पर होनेवाला उत्सव या धार्मिक कृत्य ।			nuptials, marriage celebrations.
शोधक	वि., पुं.	1. शुद्ध या साफ करनेवाला;	શુદ્ધ કરનાર;	शुद्ध करनार;	purificatory, purifying, cleansing, purgative, purifier;
		2. त्रुटि शुद्ध करनेवाला;	દુરસ્ત કરનાર;	दुरसत करनार;	corrective, rectifier, corrector;
		3. (ऋण) चुकानेवाला;	(દેવું) ચુકવનાર;	(देवुं) चुकवनार;	paying off a debt;
		4. अन्वेषण करनेवाला, खोजी ।	સંશોધક	संशोधक	researcher.
शोधन	पुं.	1. शुद्ध या साफ करने की क्रिया या भाव, निर्दोषीकरण, शुद्धिकरण;	શુદ્ધિકરણ;	शुद्धिकरण;	purifying, cleansing, refining;
		2. संशोधन, सही करना;	સુધારવું;	सुधारवुं;	correction, rectification, clearing away errors;
		3. (ऋण) चुकाना, अदा करना ।	(દેવું) ચુકવવું	(देवुं)चुकववुं	payment, discharge, acquittance (of debt).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
शोधना	स. क्रि.	1. किसी शुभ कार्य के लिए विहित-अविहित मास, तिथि आदि का विचार करना;	(મુહૂર્ત) કાઢવું;	(मुहूर्त) काढवुं;	to work out an auspicious moment for marriage etc. by astrological calculations;
		2. शुद्ध करना;	શુદ્ધ કરવું;	शुद्ध करवुं;	to cleanse, to purify;
		3. दुरुस्त करना ।	સુધારવું	सुधारवुं	to correct.
शोध प्रबंध	पुं.	ऐसा प्रबंध-लेख जिसमें किसी विषय के सब अंगों की अच्छी तरह जांच-पड़ताल करके उसके संबंध में कोई मत या विचार स्थिर किया गया हो ।	મહાનિબંધ	महानिबंध	thesis, research work.
शोधित	वि.	1. जिसका शोधन हुआ हो, शुद्ध या साफ किया हुआ;	શુદ્ધ કરેલું;	शुद्ध करेलुं;	purified, cleansed, refined;
		2. संशोधित;	સુધારેલું;	सुधारेलुं;	corrected, rectified;
		3. जिसके संबंध में शोध या अन्वेषण हुआ हो;	સંશોધિત;	संशोधित;	researched, discovered;
		4. परिशोधित, चुकाया हुआ (ऋण) ।	ચૂકવેલું (દેવું)	चूकवेलुं (देवुं)	acquitted, paid off, discharged, liquidated (as a debt).
शोभन	वि.	1. शोभायुक्त, सुंदर;	સુંદર;	सुंदर;	handsome, beautiful, lovely, graceful;
		2. शोभावर्धक;	શોભાવર્ધક;	शोभावर्धक;	adorning, beautifying;
		3. उचित;	ઉચિત;	उचित;	befitting, becoming, proper;
		4. मंगलकारक, शुभ ।	શુભ	शुभ	good, auspicious, fortunate.
शोभनीय	वि.	1. उचित;	ઉચિત;	उचित;	befitting, becoming, proper, suitable;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. सुंदर ।	સુંદર	सुंदर	handsome, lovely, graceful.
शोभा	स्त्री.	1. (शारीरिक या प्राकृतिक) सौंदर्य, छवि, लावण्य; 2. कांति, चमक; 3. सौन्दर्यवर्धक तत्व ।	શોભા	शोभा	natural beauty, grace, elegance; lustre, brilliance, radiance; beautifying element, embellishment.
शोभायमान	वि.	1. जो देखने में सुंदर लगता हो; 2. शोभा देता हुआ, शोभा बढ़ाता हुआ; 3. विराजमान ।	શોભાયમાન	शोभायमान	looking beautiful, graceful, lustrous etc.; adding to the beauty of, gracing (the occasion or place) by one's presence; graciously seated.
शोभित	वि.	1. शोभायुक्त, सुंदर; 2. सजा हुआ, सज्जित; 3. विराजमान ।	શોભિત	शोभित	beautiful,lovely, graceful; adorned, graced, decorated, embellished; graciously seated, gracing (an occasion or place) by one's presence.
शोर	पुं.	1. ऊंची, तीखी और कर्णकटु आवाज, हल्ला, कोलाहल; 2. (ला.) किसी चीज की सहसा होनेवाली व्यापक चर्चा, धूम ।	શોરબકોર; વ્યાપક ચર્ચા	शोरबकोर; व्यापक चर्चा	cry, noise, outcry, exclamation, din, tumult; (fig.) burning topic.
शोरबा (शोरवा)	पुं.	पकाए हुए तरकारी, दाल, मांस आदि का जूस, रसा ।	સેરવો	सेरवो	soup, broth.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
शोरा	पुं.	सफेद रंग का एक प्रकार का क्षार जो मिट्टी से निकलता है ।	સુરોખાર	सुरोखार	soda nitre, sodium-nitrate.
शोला	पुं.	आग की लपट, ज्वाला ।	આગની ઝોળ	आगनी झोळ	flame of fire.
शोशा	पुं.	1. किसी बात में निकाली हुई ऐसी अनोखी या नई बात जो उसे किसी दूसरी ओर प्रवृत्त कर सकती हो या उसमें कोई त्रुटि दिखलाती हो;	અદ્‌ભુત વાત;	अद्‌भुत वात;	queer thing;
		2. कोई व्यंग्यपूर्ण या झगड़ा खड़ा करनेवाली बात;	વ્યંગ્ય;	व्यंग्य;	lampoonery;
		3. आगे निकली हुई नोक ।	અણી	अणी	projecting point.
शोषक	वि.	1. सोखनेवाला, नमी आदि चूसनेवाला;	શોષક	शोषक	drying up, sucking up;
		2. अपने स्वार्थ के लिए नष्ट करनेवाला ।			absorbing, absorbent.
	पुं.	1. दूसरों का धन हरण करनेवाला तथा उनका पूर्ण और वास्तविक देय भाग न देनेवाला व्यक्ति या व्यक्तिसमूह, शोषण करनेवाला;			exploiter, one who exploits;
		2. सोखने या चूसनेवाला पदार्थ आदि, अवशोषक, अवशोषी ।			absorber, that which absorbs.
शोषण	पुं.	1. सोखना या सुखाना, चूसना;	શોષણ	शोषण	drying up, sucking up, suction, absorption, soaking, desiccation;
		2. परोक्ष उपायों से किसी की कमाई या धन धीरे-धीरे अपने हाथ में करना,			exploitation.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		किसी के श्रम या व्यापार आदि से अनुचित लाभ उठाना ।			
शोषित	वि.	1. सोखा, सूखा या सुखाया हुआ;	શોષિત	शोषित	dried up, sucked up, absorbed, desiccated;
		2. (व्यक्ति या वर्ग) जिसका देय भाग उसे पूरा-पूरा न मिलता हो और इस प्रकार जिसकी दुर्बलता या असहाय अवस्था का दूसरे फायदा उठाते हों ।			exploited.
शौक	पुं.	1. प्रबल इच्छा, चाह, लालसा;	શોખ	शोख	desire, yearning, fondness, deep longing;
		2. प्रवृत्ति, रुचि;			inclination, predilection, liking, interest, fancy;
		3. चसका, व्यसन;			addiction, compelling habituation;
		4. शौक का काम ।			hobby.
शौकिया	वि.	शौक से भरा हुआ, केवल शौक के लिए कोई काम करनेवाला ।	શોખવાળું	शोखवाळुं	amateur.
	क्रि. वि.	1. शौक से, शौक के कारण, चाव से, दिलबहलाव के लिए;			as a hobby, fondly;
		2. सामान्य प्रचलन के अनुसार ।			fashionably.
शौकीन	वि.	1. जिसे किसी काम, चीज या बात का बहुत शौक हो;	શોખીન	शोखीन	fond of fine things, desirous, longing deeply;
		2. जो सदा सजा-संवरा या बना-ठना रहता हो, छैला;			foppish, dandy;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. सुंदर और नए-नए वस्त्रों का प्रेमी, फैशनप्रिय ।			fashionable.
शौकीनी	स्त्री.	1. शौकीन होने की अवस्था या भाव, चाह, लालसा;	શોખ	शोख	fondness;
		2. सदा बने-ठने रहने की इच्छा, छैलापन;			foppishness, dandyism;
		3. सुंदर और नए-नए वस्त्रों की चाह, फैशनप्रियता ।			fashionableness.
शौच	पुं.	1. शुद्धि, पवित्रता, शुचिता;	શૌચ	शौच	purity, cleanness, purification;
		2. पाखाने जाना, मलत्याग द्वारा शरीर शुद्धि;			voiding of excrement, evacuation of bowels;
		3. मलत्याग के बाद किया जानेवाला गुदा का प्रक्षालन;			ablution of the anus after evacuation;
		4. किसी निकट संबंधी की मृत्यु होने पर लोक व्यवहार के अनुसार निश्चित समय तक क्षौर कर्म आदि कराकर शुद्ध होना ।			purification from defilement caused particularly by the death of a relative.
शौचालय	पुं.	घरों आदि में वह स्थान जहां लोग मलत्याग करने के लिए जाते हैं और वहां हाथ-मुंह धोने के लिए जल की व्यवस्था रहती है, पाखाना, संडास, शौचघर ।	શૌચાલય	शौचालय	latrine, lavatory.
शौर्य	पुं.	शूरता, वीरता, पराक्रम, वीरतापूर्ण कृत्य।	શૌર્ય	शौर्य	heroism, valour, bravery, prowess.
श्मशान	पुं.	1. शव जलाने का स्थान, मसान, मरघट;	સ્મશાન	स्मशान	a place where corpses are burnt, burning ground, cremation ground;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. कब्रिस्तान;			cemetery, grave yard;
		3. बिलकुल उजड़ा हुआ स्थान (ला.) ।			a deserted place (fig.).
श्मश्रु	पुं.	दाढ़ी और मूंछें ।	દાઢીમૂછ	दाढीमूछ	the beard and moustache.
श्याम	वि.	1. काला और नीला मिला हुआ (रंग);	શ્યામ	श्याम	dark blue;
		2. हलका काला, सांवला;			slightly dark complexioned;
		3. काला, कृष्ण ।			dark coloured, black.
	पुं.	श्रीकृष्ण का एक नाम जो उनके शरीर के श्याम वर्ण होने के कारण पड़ा था ।			name of Lord Krishna.
श्यामल	वि.	श्यामवर्णवाला, काला, सांवला ।	શ્યામલ	श्यामल	black, dark-blue, blackish, dark complexioned.
श्रद्धांजलि	स्त्री.	किसी पूज्य या बड़े व्यक्ति के संबंध में श्रद्धा और आदरपूर्वक कही जानेवाली बातें ।	શ્રદ્ધાંજલિ	श्रद्धांजलि	tribute, homage.
श्रद्धा	स्त्री.	1. आदरपूर्ण भावना, पूज्यभाव;	શ્રદ્ધા	श्रद्धा	respect, reverence, veneration;
		2. आस्था, विश्वास;			trust, faith, belief, confidence;
		3. किसी काम या बात की प्रबल इच्छा ।			strong or vehement desire.
श्रद्धालु	वि.	1. श्रद्धायुक्त, आदरपूर्ण भावना से युक्त, श्रद्धावान्;	શ્રદ્ધાળુ	श्रद्धालु	having veneration or reverence, respectful;
		2. श्रद्धा अर्थात विश्वास से युक्त, आस्थावान् ।			having faith, faithful, believing, disposed to trust, trustful.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
श्रद्धेय	वि.	1. श्रद्धाभाजन, पूजनीय, आदरणीय; 2. विश्वसनीय ।	શ્રદ્ધેય	श्रद्देय	venerable, reverend; trustworthy.
श्रम	पुं.	1. शरीर या मन को थकाने या शिथिल करनेवाला काम, परिश्रम, मेहनत; 2. मशक्कत, कठोर मेहनत; 3. क्लांति, थकावट; 4. प्रयत्न, प्रयास ।	શ્રમ	श्रम	labour; exertion; toil, hard labour; weariness, fatigue, exhaustion; effort.
श्रमजीवी	वि.	शारीरिक तथा बौद्धिक परिश्रम कर जीविका चलाने-वाला ।	શ્રમજીવી	श्रमजीवी	working.
	पुं.	मेहनतकश, मजदूर ।			labourer, one who lives by one's sweat.
श्रमण	पुं.	बौद्ध संन्यासी, बौद्ध भिक्षु ।	શ્રમણ	श्रमण	a Buddhist ascetic, a Buddhist monk or mendicant.
श्रमदान	पुं.	किसी सामूहिक हित के लिए स्वेच्छा से निःशुल्क श्रम करना ।	શ્રમદાન	श्रमदान	voluntary contri-bution of labour for a public cause.
श्रमिक	पुं.	शारीरिक श्रम द्वारा जीविका चलानेवाला, मजदूर ।	શ્રમિક	श्रमिक	a labourer, labour.
श्रवण	पुं.	1. सुनने की क्रिया या भाव, सुनना; 2. सुनने की इंद्रिय, कान; 3. ज्योतिष में सत्ताईस नक्षत्रों में से बाईसवां नक्षत्र जिसमें तीन तारे होते हैं ।	શ્રવણ	श्रवण	the act of hearing, audition; the ear, organ of hearing; name of a lunar unison containing three stars.
श्रवणेंद्रिय	स्त्री.	सुनने की इंद्रिय, कान, कर्ण ।	શ્રવણેન્દ્રિય	श्रवणेन्द्रिय	the organ of hearing, the ear.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
श्रव्य	वि.	1. जो सुना जा सके या सुनाई देता हो;	શ્રવ્ય	श्रव्य	perceptible to the ear, audible, which can be heard.
श्रव्यकाव्य	पुं.	भारतीय काव्यशास्त्र की दृष्टि से काव्य का वह प्रकार जिसका रंगमंच पर अभिनय नहीं होता प्रत्युत जो सुना और पढ़ा जाता है ।	શ્રાવ્યકાવ્ય	श्रव्यकाव्य	one of the two main divisions of literature in Indian poetic literature that can be read and heard and is not meant for presentation on the stage.
श्रांत	वि.	श्रांतियुक्त, थका हुआ ।	થાકેલું	थाकेलुं	wearied, tired, fatigued, exhausted.
श्रांति	स्त्री.	थकान ।	થાક	थाक	fatigue, weariness, exhaustion.
श्राद्ध	पुं.	1. सनातनी हिन्दुओं में पितरों या मृत व्यक्तियों को प्रसन्न करने के उद्देश्य से किए जानेवाले पिंडदान, ब्राह्मण भोजन आदि कृत्य जो उनके प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए किए जाते हैं; 2. आश्विन मास का कृष्णपक्ष, जिसमें विशिष्ट रूप से उक्त प्रकार के कृत्य करने का विधान है, पितृपक्ष ।	શ્રાદ્ધ	श्राद्ध	a funeral rite or ceremony performed in honour of the departed spirits of dead relatives as obsequial oblation, a gift or offering at a sraddha; the dark fortnight of the month of Ashvin when oblations are offered to the manes for their spiritual gratification.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
श्राप (शाप)	पुं.	दे. 'शाप'।	જુઓ 'શાપ'	जुओ 'शाप'	same as 'शाप'.
श्रावक	पुं.	1. बौद्ध संन्यासी;	શ્રાવક	श्रावक	a Buddhist ascetic or votary;
		2. जैन संन्यासी;			a Jain ascetic;
		3. जैन मतानुयायी;			a follower of Jainism;
		4. शिष्य, छात्र ।			a pupil, disciple.
श्रावण	पुं.	चांद्रगणना के अनुसार वह महीना जिसकी पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र होता है तथा जो आषाढ़ और भादों के बीच पड़ता है, सावन ।	શ્રાવણ	श्रावण	name of a lunar month corresponding to July and August.
	वि.	1. श्रवण या कान से संबंधित;			relating to the ear;
		2. श्रवणनक्षत्र से संबंधित, श्रवणनक्षत्र का;			of or belonging to the asterism Sravana;
		3. श्रवणनक्षत्र में उत्पन्न ।			born under the asterism Sravana;
श्रावणी	स्त्री.	1. श्रावणमास की पूर्णिमा;	શ્રાવણી	श्रावणी	the day of full moon in Sravana;
		2. उक्त पूर्णिमा को होनेवाला त्योहार ।			name of the annual ceremony performed on this day when the sacred thread is put on anew.
श्री	स्त्री.	1. विष्णु की पत्नी, लक्ष्मी;	શ્રી	श्री	the goddess of wealth, Lakshmi, the wife of Vishnu;
		2. धनदौलत, संपत्ति;			wealth, riches, affluence, prosperity, plenty;
		3. ऐश्वर्य, वैभव;			grandeur, glory, magnificence;
		4. शोभा, सौंदर्य;			beauty, grace;
		5. यश, कीर्ति ।			fame, renown;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	वि.	एक प्रकार का आदरसूचक विशेषण जो पुरुषों के नाम के पहले लगाया जाता है ।			an honorific term prefixed to the names of men, mister, Mr., Sir.
श्रीखंड	पुं.	1. चंदन; 2. एक प्रकार का मीठा पकवान ।	ચંદન ; શ્રીખંડ	चंदन; श्रीखंड	sandal wood; a kind of sweet dish.
श्रीमती	स्त्री. वि.	पत्नी । प्राय: विवाहिता स्त्रियों के नाम के पूर्व जोड़ा जानेवाला आदरसूचक विशेषण ।	શ્રીમતી	श्रीमती	wife. an honorific term prefixed to the name (particularly) of a married woman, Mrs., Madam.
श्रीमन्	वि.	1. पुरुषों के नाम के पूर्व प्रयुक्त एक आदरसूचक विशेषण; 2. धनसंपन्न ।	શ્રીમન્	श्रीमन्	an honorific term prefixed to the name of man, mister, Mr.,Sir; wealthy, rich, opulent.
श्रीयुत्	वि.	1. पुरुषों के नाम से पूर्व प्रयुक्त एक आदरसूचक विशेषण; 2. लक्ष्मीवान्, धनसंपन्न ।	શ્રીયુત્	श्रीयुत्	an honorific term prefixed to the name of man, mister, Mr., Sir. wealthy, prosperous.
श्रुत	वि.	1. सुना हुआ; 2. ज्ञात; 3. प्रसिद्ध ।	શ્રુત	श्रुत	heard, listened; learnt, ascertained, understood; well known, famous, celebrated, renowned.
श्रुति	स्त्री.	1. सुनने की क्रिया या भाव, श्रवण करना, सुनना;	શ્રુતિ	श्रुति	hearing, the act of hearing;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. कान, कर्णेंद्रिय;			the ear, the organ of hearing;
		3. वेद में वह विशिष्ट प्रकार की ध्वनि जो किसी स्वर का उच्चारण करने में आंशिक रूप से सहायक होती है;			the Veda (known by revelation);
		4. अफवाह, किंवदन्ती, जनश्रुति ।			rumour, hearsay, current but un-verified statement.
श्रुतिलेख	पुं.	वह लेख जो किसी के द्वारा बोले हुए वाक्यों को सुनकर लिखा जाए, श्रुतलेख ।	શ્રુતિલેખ	श्रुतिलेख	a dictation.
श्रेणी	स्त्री.	1. कतार, पंक्ति;	શ્રેણી	श्रेणी	line, row, queue;
		2. क्रम, सिलसिला, शृंखला;			order, sequence;
		3. एक ही तरह की ऐसी चीजों या बातों का वर्ग जो कुछ दूर तक एक ही रूप में चलता रहे;			series, succession, range;
		4. कार्य, योग्यता, आदि के विचार से पदार्थों, व्यक्तियों आदि का वर्ग, विभाग,दरजा;			category, class, grade, rank;
		5. ज़ीना, सीढ़ी;			ladder, stair;
		6. दल, समूह ।			group, flock.
श्रेणीबद्ध	वि.	1. पंक्ति के रूप में बंधा हुआ, पंक्तिबद्ध;	શ્રેણીબદ્ધ	श्रेणीबद्ध	forming a row, being in line;
		2. क्रमबद्ध, शृंखलाबद्ध;			orderly, ordered, being in sequence;
		3. दलबद्ध;			grouped;
		4. वर्गीकृत ।			classified, graded.
श्रेय	पुं.	1. अच्छाई, उत्तमता;	શ્રેય	श्रेय	goodness, merit, worth;
		2. मंगल, कल्याण;			welfare, good, good fortune, well being;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. यश; 4. ऐसा धार्मिक कृत्य जो मोक्ष की प्राप्ति में सहायक हो ।			fame, renown; righteous deeds, moral, religious merit leading to salvation,
श्रेयस्कर	वि.	1. मंगलकारी, कल्याणकर, शुभ; 2. यशस्कर; 3. वांछनीय ।	શ્રેયસ્કર	श्रेयस्कर	promoting happiness, favourable, propitious, auspicious; bringing fame or renown; desirable.
श्रेष्ठ	वि.	1. गुण, मान आदि के विचार से बढ़कर, उत्तम, उत्कृष्ट; 2. उच्च मानवीय गुणों से सम्पन्न (व्यक्ति) ।	શ્રેષ્ઠ	श्रेष्ठ	best, most excellent, excellent pre-eminent, superior, great, large-hearted, noble.
श्रेष्ठता	स्त्री.	श्रेष्ठ या उत्तम होने की अवस्था या भाव, उत्तमता, अच्छाई ।	શ્રેષ્ઠતા	श्रेष्ठता	betterness, superiority, eminence, excellence.
श्रेष्ठी	पुं.	1. सेठ; 2. अत्यन्त धनी व्यक्ति; 3. व्यापारियों या बनियों का प्रधान ।	શ્રેષ્ઠી	श्रेष्ठी	a wealthy merchant; a moneyed man, a very rich person; the head or chief of a mercantile guild, chief of the merchants.
श्रोता	पुं.	1. सुननेवाला; 2. किसी सभा, नाटक-प्रदर्शन आदि के दर्शक, सुनने-वाले या पाठक (बहुवचन में) ।	શ્રોતા	श्रोता	a hearer, listener; audience (in plural);

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
श्लाघनीय	वि.	प्रशंसनीय ।	શ્લાઘનીય	श्लाघनीय	admirable, praiseworthy, laudable, commendable.
श्लाघा	स्त्री.	1. प्रशंसा;	શ્લાઘા	श्लाघा	praise, admiration, commendation;
		2. चापलूसी ।			flattery.
श्लिष्ट	वि.	1. किसी के साथ जुड़ा, मिला या लगा हुआ;	શ્લિષ્ટ	श्लिष्ट	embraced, clasped, joined together, clung, adhered to;
		2. सम्मिलित, संयुक्त, संश्लिष्ट;			synthetic, synthesized, mixed;
		3. श्लेषयुक्त, दो अर्थों वाला ।			involving a pun, susceptible of a double interpretation, equivocal.
श्लील	वि.	1. जो अश्लील अर्थात भद्दा न हो;	શ્લીલ	श्लील	which is not obscene;
		2. जो शिष्ट समाज में दिखाए या पढ़े जाने योग्य हो, समयोचित, अग्राम्य ।			not vulgar, decent.
श्लेष	पुं.	1. काव्य में एक अलंकार जिसमें एक शब्द के कई अर्थों द्वारा काव्य में चमत्कार उत्पन्न होता है या किया जाता है;	શ્લેષ;	श्लेष;	pun, paronomasia, agnomination;
		2. संयोग, जुड़ना, मिलना;	સંયોગ	संयोग	clinging or adhering to, union, junction, contact.
		3. आलिंगन ।			embrace.
श्लोक	पुं.	1. यश, कीर्ति;	શ્લોક	श्लोक	celebrity, fame, renown, name;
		2. प्रशंसा;			praise, glory;
		3. प्रशंसा का विषय;			an object of praise;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		4. संस्कृत के अनुष्टुप छंद का पुराना नाम;			a stanza in Sanskrit poetics;
		5. आजकल संस्कृत का कोई छंद या पद्य;			a stanza or verse in general (in Sanskrit);
		6. प्रशंसात्मक पद्य या स्तोत्र ।			hymn of praise.
श्वसुर	पुं.	किसी के पति या पत्नी का पिता, ससुर ।	શ્વસુર	श्वसुर	a father-in-law, wife's or husband's father.
श्वान	पुं.	कुत्ता ।	શ્વાન	श्वान	a dog.
श्वास	पुं.	1. प्राणियों का नाक से हवा खींचकर अंदर फेफड़ों या हृदय तक पहुंचाना और फिर बाहर निकालना, सांस;	શ્વાસ;	श्वास;	breathing, breath, respiration;
		2. दमा नामक रोग ।		दम	asthma.
श्वासनली	स्त्री.	सिर, गले और छाती के अंदर की वह नली जिससे प्राणी सांस लेते और निकालते हैं ।	શ્વાસનળી	श्वासनळी	trachea, wind pipe, bronchial tube.
श्वासोच्छ्वास	पुं.	वेगपूर्वक सांस लेना और बाहर निकालना ।	શ્વાસોચ્છ્વાસ	श्वासोच्छ्वास	deep inspiration and expiration, exhalation and inhalation, respiration.
श्वेत	वि.	1. सफेद, धवल, उजला, उज्ज्वल;	શ્વેત	श्वेत	white;
		2. निर्मल, स्वच्छ, साफ;			clean;
		3. निर्दोष;			flawless, blemishless;
		4. उज्ज्वलवर्ण का, गोरा ।			fair complexioned.
श्वेतपत्र	पुं.	आधुनिक राजनीति में वह राजकीय विज्ञप्ति जो किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक चर्चा, वार्ता आदि के संबंध में (प्राय: सफेद कागज पर लिखकर) प्रकाशित की जाती है ।	શ્વેતપત્ર	श्वेतपत्र	white paper.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
श्वेतसार	पुं.	अनाज, आलू, मटर आदि में पाया जानेवाला एक प्रकार का गंधहीन सफेद खाद्य पदार्थ जिसका उपयोग औषधों और शिल्पीय कार्यों में होता है, चावल में यही माड़ के रूप में निकलता है, मण्ड, मांड़ी ।	સ્ટાર્ચ, મંડ	स्टार्च, मंड	starch.
षट्	वि.	पांच और एक, छः ।	ષટ્	षट्	six.
	पुं.	छः का सूचक अंक या संख्या ।			the number six.
षट्कोण	वि.	छः कोणोंवाला (क्षेत्र), छपहला, षट्कोणीय, षड्भुजाकार ।	ષટ્કોણ	षट्कोण	hexagonal, six-angled.
	पुं.	ज्यामिति में छह कोणोंवाली आकृति, षड्भुज ।			a hexagon, any six-angled figure (in geometry).
षट्पद	पुं.	1. भ्रमर;	ષટ્પદ	षट्पद	a bee, big male black bee;
		2. छः पदोंवाला छंद ।			a type of verse.
	वि.	छः पैरोंवाला ।			six footed.
षड्यंत्र	पुं.	1. कुछ लोगों द्वारा सामूहिक रूप से कोई अनुचित तथा अपराधपूर्ण काम करने के लिए गुप्त रूप से बनाई गई योजना, साजिश, दुरभिसंधि, कुचक्र;	ષડ્યંત્ર	षड्यंत्र	underhand plotting, plot, intrigue;
		2. कोई बड़ा परिवर्तन करने के लिए गुप्त रूप से की जानेवाली कार्यवाही, अभिसंधि ।			conspiracy.
षष्टि	स्त्री.	साठ की सूचक संख्या ।	ષષ્ટિ	षष्टि	the number sixty.
	वि.	जो गिनती में पचास से दस अधिक हो, साठ ।			sixty.
षष्ठ	वि.	छठा ।	ષષ્ઠ	षष्ठ	sixth, the sixth.
षष्ठी	स्त्री.	1. चांद्रमास के शुक्ल या कृष्ण पक्ष की छठी तिथि, छठ;	ષષ્ઠી;	षष्ठी;	the sixth day of a lunar fortnight.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. बच्चे के जन्म दिन से छठा दिन तथा उस दिन होनेवाला कृत्य, छठी;	છઠી	छठी	the sixth day from the day of child-birth, and the celebrations of that day;
		3. संबंध कारक की विभक्ति (व्याकरण) ।			(in gram.) the sixth or genitive case, possessive case.
षोडश	वि.	जो गिनती में दस से छः अधिक हो, सोलह ।	ષોડશ	षोडश	sixteen.
	पुं.	सोलह की सूचक संख्या ।			the number sixteen.
षोडशी	वि.	सोलह वर्षों की (युवती), तरुणी ।	ષોડશી	षोडशी	(a girl) of sixteen years of age, young (girl or woman);
	स्त्री.	सोलह वर्षों की युवती स्त्री ।			a girl of sixteen years of age, or woman in the period of youth.
संकट	पुं.	विपत्ति, मुसीबत ।	સંકટ	संकट	distress, crisis, emergency.
संकटापन्न	वि.	कष्ट में पड़ा हुआ, विपद्ग्रस्त ।	સંકટાપન્ન	संकटापन्न	beset with difficulties, in distress.
संकर	वि.	1. दो या अधिक भिन्न-भिन्न तत्वों या पदार्थों के मेल से बना हुआ;	સંકર	संकर	hybrid;
		2. दो अलग-अलग जातियों के जीवों या प्राणीयों के संसर्ग से उत्पन्न ।			cross bred.
संकरा	वि.	तंग, कम चौड़ा ।	સાંકડું	सांकडुं	narrow, strait.
संकलन	पुं.	1. एकत्र करने की क्रिया, संग्रह करना;	સંકલન	संकलन	the act of heaping together;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. ऐसी साहित्यिक कृति जिसमें अनेक ग्रन्थों या स्थानों से बहुत सी बातें इकट्ठी करके रखी गई हों ।			collection, compilation, anthology.
संकलित	वि.	1. एकत्रीकृत;	સંકલિત	संकलित	amassed, assembled;
		2. जो संकलन की क्रिया से बना हो ।			collection, compilation.
संकल्प	पुं.	1. विचार, इरादा;	સંકલ્પ	संकल्प	intention;
		2. दृढ़ निश्चय;			determination, resolve;
		3. दान पुण्य या और कोई देवकार्य आरम्भ करने से पूर्व मंत्रोच्चारण करते हुए हाथ में जल लेकर उसका विचार प्रकट करना;			a solemn vow to perform an observance;
		4. सभा समिति में किसी विषय में विचारपूर्वक किया हुआ पक्का निश्चय ।			resolution.
संकल्पना	वि.	1. संकल्प करने की क्रिया या भाव;	સંકલ્પના;	संकल्पना;	making a vow;
		2. धारणा;	વિભાવના;	विभावना;	concept;
		3. इच्छा ।	ઇચ્છા	इच्छा	desire.
संकल्पित	वि.	1. जिसका संकल्प किया गया हो;	સંકલ્પિત	संकल्पित	determined, resolved upon;
		2. जिसकी कल्पना की गई हो ।			imagined, fancied.
संकाय	पुं.	उच्च कोटि के अध्ययन के लिए ज्ञान-विज्ञान आदि का कोई विशिष्ट विभाग या शाखा ।	સંકાય, ફેકલ્ટી	संकाय, फेकल्टी	faculty.
संकीर्ण	वि.	तंग, संकुचित ।	સંકીર્ણ	संकीर्ण	narrow, parochial.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संकीर्णता	स्त्री.	संकीर्ण होने की अवस्था या भाव ।	સંકીર્ણતા	संकीर्णता	narrowness, parochiality.
संकीर्तन	पुं.	सम्यक् वर्णन, देवता के नाम का जाप, गुणगान आदि ।	સંકીર્તન	संकीर्तन	glorification (of a deity), singing of hymns or devotional songs.
संकुचन	पुं.	सिकुड़ना, संकुचित होना ।	સંકોચ	संकोच	contraction, shrinking.
संकुचित	वि.	1. सिकुड़ा या सिकोड़ा हुआ;	સંકુચિત	संकुचित	contracted, abridged;
		2. तंग, संकरा ।			narrow, strait, parochial.
संकुल	वि.	1. घना;	ગાઢ;	गाढ;	thick, dense, congested;
		2. भरा हुआ, पूर्ण ।	પરિપૂર્ણ	परिपूर्ण	filled (with), full (of).
संकुलता	स्त्री.	संकुल होने की अवस्था या भाव ।	ગાઢતા, પરિપૂર્ણતા	गाढता, परिपूर्णता	congestion, crowd.
संकेत	पुं.	1. अभिप्रायसूचक अंगचेष्टा, इशारा ।	સંકેત	संकेत	a sign, gesture, hint, signal;
		2. चिह्न, निशान ।			sign, mark, token.
संकेतित	वि.	1. जिसके संबंध में संकेत हुआ हो;	સંકેતિત	संकेतित	indicated;
		2. निश्चित ।			agreed upon, fixed by.
संकोच	पुं.	1. सिकुड़ने की क्रिया या भाव;	સંકોચ	संकोच	shrinking up, contraction;
		2. झिझक, हिचक;			hesitation;
		3. लज्जा ।			modesty, shyness.
संकोची	वि.	1. संकुचित होनेवाला, सिकुड़नेवाला;	સંકોચશીલ	संकोचशील	shrinking, contracting;
		2. झिझकनेवाला;			hesitant;
		3. लज्जालु ।			shy, bashful, modest.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संक्रमण	पुं.	1. एक स्थिति या अवस्था से दूसरी में प्रवेश; 2. रोग आदि का फैलते हुए एक से दूसरे को होना ।	સંક્રમણ	संक्रमण	transition; infection.
संक्रमण काल	पुं.	वह समय जब कोई पहले रूप से बदलकर दूसरे रूप में आ रहा हो ।	સંક્રમણકાળ	संक्रमणकाळ	transitional period.
संक्रमित	वि.	1. किसी के अन्दर पहुंचाया या प्रविष्ट किया हुआ; 2. परिवर्तित किया या बदला हुआ ।	સંક્રમિત	संक्रमित	conducted, led to; transferred, changed.
संक्रांत	वि.	1. गमन; 2. प्रविष्ट; 3. स्थानांतरित ।	સંક્રાંત	संक्रांत	passed, gone; passed through or into, entered into; transferred.
संक्रांति	स्त्री.	1. सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में जाना; 2. वह दिन जिसमें सूर्य का उक्त प्रकार का संचार होता है ।	સંક્રાંતિ	संक्रांति	passage of the sun or a planet from one sign or position in the heaven into another; the above day observed as a festival.
संक्रामक	वि.	एक से दूसरे में संक्रमण करनेवाला, छूत आदि से फैलनेवाला (रोग) ।	ચેપી	चेपी	infectious (disease).
संक्षिप्त	वि.	1. छोटा किया हुआ (पुस्तक आदि का रूप); 2. संक्षेप में कहा या लिखा गया ।	સંક્ષિપ્ત	संक्षिप्त	short, abridged; brief, concise.
संक्षिप्ति	स्त्री.	संक्षिप्तीकृत रूप, संक्षिप्त शब्द ।	સંક્ષેપ	संक्षेप	abbreviation.
संक्षिप्तीकरण	पुं.	किसी कथा, विषय आदि को संक्षिप्त करना ।	સંક્ષિપ્તીકરણ	संक्षिप्तीकरण	abridgement, summarization.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संक्षेप	पुं.	1. थोड़े में कही बात का रूप;	સંક્ષેપ;	संक्षेप;	an abridgement, summary;
		2. लेख आदि का काट-छांट कर कम किया हुआ रूप ।	સોમલ	सोमल	epitome, precis.
संखिया	पुं.	एक बहुत तेज विष ।	સંખિઆ	संखिआ	arsenic.
संख्या	स्त्री.	1. गणना, गिनती;	સંખ્યા	संख्या	reckoning, calculation;
		2. 1, 2, 3 आदि अंक ।			number, figure.
संग	पुं.	साथ होने या रखने की अवस्था या भाव, साथ, सोहबत ।	સંગ, સોબત	संग, सोबत	association, company, contact.
संगठन	पुं.	कार्य विशेष की सिद्धि के लिए निर्मित कोई संस्था ।	સંગઠન	संगठन	organization, set up.
संगठित	वि.	कार्य विशेष के लिए परस्पर संबद्ध ।	સંગઠિત	संगठित	organized.
संगणन	पुं.	गणना का वह गंभीर और जटिल प्रकार और रूप जिसमें साधारण गणना के सिवा अनुभवों और नियत सिद्धांतों आदि का भी उपयोग होता है ।	સંગણન	संगणन	computation.
संगत	स्त्री.	1. संग रहने या होने का भाव, सोहबत;	સંગતિ ;	संगति ;	company;
		2. गाने वाले के साथ सारंगी तबला आदि बजाना ।	સંગત	संगत	accompaniment (in music).
	वि.	1. मिला हुआ या लगा हुआ;			relevant;
		2. उपयुक्त, मौजूं;			proper, apt;
		3. पूर्वापर संबंध के विचार से मेल खानेवाला ।			logical, compatible.
संगति	स्त्री.	1. मिलन, संपर्क;	સંગતિ	संगति	company, society, association;
		2. सामंजस्य, उपयुक्तता ।			fitness, appropriateness.
संगतिया (संगती)	पुं.	गाने आदि के साथ साथ बजानेवाला ।	સંગતી	संगती	an accompanyist.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संगदिल	वि.	निर्दय, बेरहम ।	નિર્દય	निर्दय	hard-hearted, unfeeling, cruel.
संगम	पुं.	1. दो धाराओं या नदियों के मिलने का स्थान; 2. मिलन, संयोग ।	સંગમ	संगम	confluence (of rivers); union, junction, conjunction.
संगमरमर	पुं.	सफेद रंग का एक प्रकार का बहुत चिकना और मूल्यवान प्रसिद्ध पत्थर ।	આરસપહાણ	आरसपहाण	marble.
संगरोध	पुं.	वह क्रिया या व्यवस्था जिसके अनुसार देश में बाहर से आनेवाले किसी संक्रामक रोग के रोकने के लिए मार्ग में या किसी स्थान पर यात्रियों को कुछ समय के लिए रखा जाता है ।	કવૉરેન્ટિન	कवॉरेन्टिन	quarantine.
संगिनी	स्त्री.	1. साथ रहनेवाली स्त्री, सहचरी; 2. पत्नी, भार्या ।	સંગિની	संगिनी	female companion; wife.
संगी	पुं.	जो प्रायः सदा संग रहता हो, साथी ।	સંગી	संगी	companion, associate.
संगीत	पुं.	ध्वनियों या स्वरों का कुछ विशिष्ट नियमों के अनुसार विशिष्ट लय में होनेवाला प्रस्फुटन ।	સંગીત	संगीत	music.
संगीतज्ञ	पुं.	संगीत विद्या का ज्ञाता, गायक या वादक ।	સંગીતજ્ઞ	संगीतज्ञ	musician.
संगीन	वि.	1. पत्थर का बना हुआ; 2. सख्त, कठोर, मजबूत; 3. गंभीर ।	સંગીન	संगीन	made of stone; hard, firm, solid; grave, serious.
	स्त्री.	बंदूक में लगाया जानेवाला छुरी के आकार का लंबा नोकदार हथियार ।			bayonet.
संगूढ़	वि.	सुरक्षित, छिपाया हुआ ।	સુરક્ષિત	सुरक्षित	completely concealed or hidden.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संगृहीत	वि.	संग्रह किया हुआ, एकत्र किया हुआ ।	સંગૃહીત	संगृहीत	collected, compiled.
संगोपन	पुं.	अच्छी तरह से छिपा कर रखना ।	સંગોપન	संगोपन	complete concealment.
संगोपनीय	वि.	छिपाकर रखने योग्य ।	સંગોપનીય	संगोपनीय	to be completely hidden, concealed.
संग्रह	पुं.	1. एकत्र करने की क्रिया या भाव, संचय; 2. इकट्ठी की हुई चीजों का समूह या ढेर ।	સંગ્રહ	संग्रह	collection; depository, storage.
संग्रहण	पुं.	1. ग्रहण करना, लेना; 2. संकलन करना, एकत्र करना ।	સંગ્રહ કરવો	संग्रह करवो	taking hold of, seizing; collecting.
संग्रहणी	स्त्री.	अतिसार का एक रूप जिसमें खाना बिना पचे ही मल के रूप में निकल जाता है ।	સંગ્રહણી	संग्रहणी	dysentery.
संग्रहणीय	वि.	संग्रह करने योग्य ।	સંગ્રહણીય	संग्रहणीय	fit to be collected or preserved or acquired.
संग्रहालय	पुं.	वह स्थान जहाँ विशेष महत्व की वस्तुओं का संग्रह किया गया हो ।	સંગ્રહસ્થાન	संग्रहस्थान	museum.
संग्रही (संग्रहीता)	पुं.	एकत्र करनेवाला ।	સંગ્રાહી	संग्राही	collector, procurer.
संग्राहक	वि.	एकत्र या जमा करनेवाला ।	સંગ્રાહક	संग्राहक	collector, compiler.
संग्राह्य	वि.	जमा करके रखने लायक ।	સંગ્રાહ્ય	संग्राह्य	fit to be collected or preserved.
संघ	पुं.	1. समूह, झुंड, दल;	સંઘ	संघ	assemblage, multitude, crowd;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए बना हुआ संगठन;			organization, association.
		3. प्राचीन भारत में एक प्रकार का लोकतंत्री राज्य जिसकी व्यवस्था जनता के चुने हुए प्रतिनिधि करते थे;			federation, union;
		4. आधुनिक राजनीति में राज्यों, राष्ट्रों आदि के पारस्परिक समझौते से बननेवाला ऐसा संगठन जो कुछ विशिष्ट बातों में एक केन्द्रीय सत्ता का अधिकार एवं अनुशासन मानता हो ।			federation, union.
संघटन	पुं.	दे. 'संगठन' ।	જુઓ, 'સંગઠન'	जुओ 'संगठन'	see 'संगठन'.
संघटित	वि.	दे. 'संगठित' ।	જુઓ 'સંગઠિત'	जुओ 'संगठित'	see 'संगठित'.
संघर्ष	पुं.	1. दो वस्तुओं का आपस में रगड़ खाना;	સંઘર્ષ	संघर्ष	competition, emulation;
		2. होड़, स्पर्द्धा;			competition, emulation;
		3. दो विरोधी दलों में एक दूसरे को दबाने के लिए होनेवाला कोई ऐसा प्रयत्न जिसमें दोनों अपनी सारी शक्ति लगा देते हैं;			rivalry, contest for superiority;
		4. कठिनाइयों या प्रबल विरोधी शक्तियों को दबाने के लिए प्राणपण से की जानेवाली चेष्टा ।			struggle.
संचित	वि.	इकट्ठा किया हुआ, एकत्र किया हुआ ।	સંચિત	संचित	accumulated, collected.
संजीवनी	स्त्री.	मृत को जीवित करनेवाली एक कल्पित ओषधि ।	સંજીવની	संजीवनी	a kind of elixir (said to restore the dead to life).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संजोना	स. क्रि.	1. सजाना, सज्जित करना;	સજાવવું;	सजाववु;	to decorate, to embellish;
		2. सामग्री आदि एकत्र करके क्रम से रखना ।	ગોઠવવું	गोठववुं	to put together, to arrange.
संज्ञा	स्त्री.	1. चेतना शक्ति, होश;	સંજ્ઞાજ્ઞાન;	संज्ञा, भान;	consciousness, sense;
		2. वस्तु, व्यक्ति आदि का नाम;	નામ	नाम	name, designation, appellation;
		3. व्याकरण में वह विकारी शब्द, जो किसी वास्तविक या कल्पित वस्तु का द्योतक होता है ।			(in gram.) a noun substantive.
संज्ञाहीन	वि.	चेतनारहित, बेहोश ।	બેભાન	बेभान	unconscious.
संड़सी	स्त्री.	रसोई में बरता जानेवाला एक तरह का कैंचीनुमा उपकरण जिससे बटलोई आदि चूल्हे पर से उतारे जाते हैं ।	સાણસી	साणसी	pair of pincers or forceps.
संडास	पुं.	कुएँ की तरह का एक प्रकार का गहरा गड्ढा जिसमें लोग मल त्याग करते हैं ।	સંડાસ	संडास	a cesspool, latrine.
संत	पुं.	साधु, धर्मात्मा, महात्मा ।	સંત	संत	a pious or venerable man, a saint.
संतत	क्रि. वि.	निरन्तर, लगातार।	સંતત	संतत	continuous, uninterrupted.
संतति	स्त्री.	संतान, बाल-बच्चे ।	સંતતિ	संतति	offspring, posterity.
संतप्त	वि.	1. बहुत अधिक तपा या जला हुआ;	સંતપ્ત	संतप्त	greatly heated or inflamed, red-hot;
		2. दुखी, पीड़ित ।			tormented, distressed, afflicted.
संतरा	पुं.	एक प्रकार का बड़ा और मीठा नीबू ।	સંતરું	संतरुं	orange.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संतरी	पुं.	किसी स्थान पर पहरा देनेवाला सिपाही, पहरेदार ।	સંતરી	संतरी	sentry.
संतान	पुं.	संतति, औलाद ।	સંતાન	संतान	progeny, offspring, issue.
संताप	पुं.	1. अग्नि, धूप आदि का बहुत तीव्र ताप; 2. कष्ट, पीड़ा; 3. पाप आदि करने पर मन में होनेवाला अनुताप ।	સંતાપ	संताप	great heat, burning heat; affliction, pain; remorse, penitence, repentance.
संतुलन	पुं.	1. तौलते समय दोनों पलड़ों का बराबर होना; 2. वह स्थिति जिसमें सभी अंग बराबर के या यथास्थान हों ।	સંતુલન	संतुलन	balance, equilibrium; equipoise.
संतुलित	वि.	1. जिसका संतुलन हुआ हो; 2. न अधिक, न कम, ठीक ।	સમતોલ	समतोल	balanced, equipoised; equal.
संतुष्ट	वि.	1. जिसका संतोष कर दिया गया हो अथवा हो गया हो, तृप्त; 2. जो समझाने-बुझाने से मान गया हो या राजी हो गया हो ।	સંતુષ્ટ	संतुष्ट	satisfied, gratified, contented; consoled, comforted.
संतुष्टि	पुं.	1. संतुष्ट होने की क्रिया या भाव, तृप्ति; 2. तृप्ति, प्रसन्नता; 3. धैर्य ।	સંતુષ્ટિ	संतुष्टि	satisfaction, contentment, gratification; delight; patience.
संतोषी	वि.	संतुष्ट रहनेवाला, सब्र करनेवाला ।	સંતોષી	संतोषी	satisfied, contented.
संत्रस्त	वि.	बहुत अधिक डरा हुआ ।	સંત્રસ્ત	संत्रस्त	frightened, alarmed.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संदर्भ	पुं.	पुस्तक, लेख आदि में वर्णित प्रसंग, विषय आदि जिसका विचार या उल्लेख हो, प्रसंग ।	સંદર્ભ	संदर्भ	reference, context.
संदर्भ ग्रन्थ	पुं.	ऐसा ग्रन्थ जिसे कुछ विशिष्ट प्रसंगों की जानकारी या विमर्श के लिए देखा जाता है, साधारणत: आद्योपान्त पढ़ा नहीं जाता ।	સંદર્ભ-ગ્રંથ	संदर्भ-ग्रंथ	reference book.
संदर्शन	पुं.	दे. 'मार्गदर्शन' ।	જુઓ 'માર્ગદર્શન'	जुओ 'मार्गदर्शन'	see 'मार्गदर्शन'.
संदल	पुं.	चंदन	ચંદન	चंदन	sandal wood.
संदली	वि.	चंदन का, चंदन के रंग का ।	ચંદનનું, ચંદનના રંગનું;	चंदननुं, चंदनना रंगनुं;	made of sandal wood, of the colour of sandal wood.
	स्त्री.	ऊंची तिपाई, कुर्सी या चौकी ।	ખુરશી કે ટિપાઈ	खुरशी के टिपाई	bench, seat.
संदिग्ध	वि.	1. जिसके संबंध में संदेह या भ्रम हुआ हो; 2. जिसके संबंध में किसी प्रकार का अनिश्चय हो ।	સંદિગ્ધ	संदिग्ध	dubious, doubtful; uncertain, ambiguous.
संदिग्धता	स्त्री.	संदिग्ध होने की अवस्था, धर्म या भाव ।	સંદિગ્ધતા	संदिग्धता	uncertainty, doubt, ambiguity.
संदीपन	पुं.	तीव्र या प्रबल करने की क्रिया या भाव, उद्दीपन ।	ઉદ્દીપન	उद्दीपन	kindling, exciting, provoking.
संदीप्त	वि.	प्रज्वलित, जिसका उद्दीपन हुआ हो ।	ઉદ્દીપ્ત	उद्दीप्त	kindled or inflamed, excited, stimulated.
संदेश	पुं.	1. खबर, समाचार;	સંદેશ	संदेश	news, tidings;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. वह कथन या बात जो प्रायः लिखित या मौखिक रूप में एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति को भेजी जाती है ।			report, message.
संदेशवाहक	पुं.	संदेश या समाचार ले जानेवाला ।	સંદેશવાહક	संदेशवाहक	messenger.
संदेशहर	पुं.	दे. 'संदेशवाहक' ।	જુઓ 'સંદેશવાહક'	जुओ 'संदेशवाहक'	see 'संदेशवाहक'.
संदेशा	पुं.	दे. 'संदेश' ।	જુઓ 'સંદેશ'	जुओ 'संदेश'	see 'संदेश'.
संदेह	पुं.	किसी वस्तु अथवा बात के सम्बन्ध में मन में होनेवाला यह भाव या विचार कि कहीं यह अनुचित, त्याज्य या दूषित तो नहीं है अथवा क्या इसकी सत्यता मानने योग्य है, शक ।	સંદેહ	संदेह	doubt, uncertainty, suspicion.
संदेहात्मक	वि.	संदेहपूर्ण, संदिग्ध ।	સંદેહાત્મક	संदेहात्मक	doubtful.
संधान	पुं.	1. निशाना बैठाना;	સંધાન	संधान	fixing (an arrow to a bow etc.);
		2. दो वस्तुओं का मिलना ।			act of placing or holding together.
संधि	स्त्री.	1. समझौता, सुलह;	સંધિ	संधि	treaty;
		2. वह स्थान जहां एक वस्तु दूसरी में जुड़ी हो, जोड़;			joint, articulation;
		3. दरार;			breach, chasm;
		4. व्याकरण में शब्दों के रूपों में होनेवाला वह विकार जो दो अक्षरों के पास-पास करने पर उनके योग के कारण होता है;			conjunction;
		5. परिवर्तन काल;			period of transition;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		6. नाटक में किसी प्रधान प्रयोजन के साधक कथांशों का किसी एक मध्यवर्ती प्रयोजन के साथ होनेवाला संबंध ।			division or joint (in a drama).
संध्या	स्त्री.	1. दिन और रात दोनों के मिलने का समय;	સંધ્યા	संध्या	twilight or evening;
		2. उस समय किया जानेवाला धार्मिक कृत्य जो प्रात: सांय और मध्याह्न में किया जाता है;			evening prayer;
		3. दो युगों के मिलने का समय ।			period which precedes a Yuga, time intervening between the expiration of one Yuga and the commencement of another.
संन्यास	पुं.	1. हिन्दुओं के चार आश्रमों में से अंतिम जिसमें सब प्रकार के सांसारिक संबंध छोड़कर मनुष्य त्यागी और विरक्त हो जाता है;	સંન્યાસ	संन्यास	the fourth religious order (asram);
		2. पूरी तरह से छोड़ना, परित्याग करना ।			relinquishment, resignation, abandonment.
संन्यासी	पुं.	1. जिसने संन्यास आश्रम ग्रहण किया हो;	સંન્યાસી	संन्यासी	a Brahman of the fourth order or asram;
		2. त्यागी और विरक्त ।			one who abandons or resigns.
संपत्ति	स्त्री.	1. धन-दौलत और जायदाद;	સંપત્તિ	संपत्ति	opulence, wealth, property;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. कोई ऐसी वस्तु जो महत्व की हो और जिसे संजोया जाता हो ।			attainment, acquisition, possession.
संपदा	स्त्री.	धन दौलत, ऐश्वर्य ।	સંપદા	संपदा	wealth, opulence, estate.
संपन्न	वि.	1. पूरा किया हुआ, पूर्ण, साधित;	સંપન્ન	संपन्न	accomplished, effected, completed;
		2. किसी गुण या वस्तु से युक्त;			endowed (with), possessed (of);
		3. धनी, अमीर ।			prosperous, thriving, rich.
संपर्क	पुं.	1. मेल, संयोग;	સંપર્ક	संपर्क	mixture;
		2. आपस में होनेवाला किसी प्रकार का लगाव या वास्ता;			contact, association,
		3. स्पर्श;			touch;
		4. गणित में राशियों का जोड़ ।			addition, sum.
संपादक	पुं.	1. वह जो किसी पुस्तक, सामयिक पत्र आदि के सब लेख या विषय अच्छी तरह ठीक करके या देखकर उन्हें प्रकाशन के योग्य बनाता हो;	સંપાદક	संपादक	editor;
		2. कोई काम पूरा करनेवाला, प्रस्तुत या तैयार करनेवाला ।			one who accomplishes or obtains.
संपादकीय	वि.	संपादक संबंधी या संपादक का ।	સંપાદકીય	संपादकीय	editorial.
	पुं.	संपादक द्वारा लिखी हुई टिप्पणी या अग्रलेख ।			(an) editorial.
संपादन	पुं.	1. पूरा करना, प्रस्तुत करना;	સંપાદન	संपादन	accomplishing, effecting, fulfilment;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. ग्रन्थादि शुद्ध कर उन्हें प्रकाशन योग्य बनाना या सामयिक या दैनिक पत्र विषय आदि की दृष्टि से ठीक करना और उसका संचालन करना ।			editing.
संपादित	वि.	जिसका संपादन किया गया हो ।	સંપાદિત	संपादित	accomplished, edited.
संपीडन	पुं.	1. चारों ओर से इस प्रकार दबाना कि उसका विस्तार कम हो जाए; 2. कष्ट देना ।	સંપીડન	संपीडन	squeezing together, compression; pain, torture.
संपुट	पुं.	1. कटोरे जैसी कोई वस्तु, दोना; 2. अंजलि ।	સંપુટ	संपुट	hemispherical bowl; space between two palms.
संपूर्ण	वि.	1. आदि से अंत तक सब, सारा; 2. पूरा या समाप्त किया हुआ ।	સંપૂર્ણ	संपूर्ण	all, whole, complete; completed, finished.
संपेरा	पुं.	सांप पकड़ने,पालने या सांप का तमाशा दिखलानेवाला ।	મદારી	मदारी	snake-charmer.
संप्रति	अव्य.	आजकल में, इस समय ।	સંપ્રતિ	संप्रति	now, at present.
संप्रदान	पुं.	1. व्याकरण में एक कारक जो उस संज्ञा की स्थिति का बोध कराता है जिसके निमित्त कोई कार्य किया गया होता है; 2. देना, प्रदान करना ।	સંપ્રદાન	संप्रदान	(in Gram.) dative case; giving, bestowing.
संप्रदाय	पुं.	1. परम्परा से चला आया हुआ ज्ञान या सिद्धान्त; 2. किसी धर्म के अन्तर्गत कोई विशिष्ट मत या सिद्धान्त ।	સંપ્રદાય	संप्रदाय	traditional doctrine or knowledge; a peculiar system of religious teaching;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. एक ही तरह का मत या सिद्धांत रखनेवाले लोगों का समूह या वर्ग ।			sect, community.
संप्रदायवाद	पुं.	केवल अपने ही संप्रदाय को विशेष महत्व देना और अन्य संप्रदायवालों से द्वेष करना ।	સંપ્રદાયવાદ	संप्रदायवाद	communalism, sectarianism.
संबंध	पुं.	1. रिश्ता, नाता;	સંબંધ	संबंध	relation, relationship;
		2. आपस में होनेवाली घनिष्ठता या मेलजोल;			friendly connection, friendship;
		3. व्याकरण में छठा कारक जिसमें एक शब्द के साथ दूसरे शब्द का संबंध या लगाव सूचित होता है ।			relation, as the meaning of the genitive case (in Gra.).
संबंधी	वि.	संबंध या लगाव रखनेवाला ।	સંબંધી	संबंधी	connected with, belonging to, related (to).
	पुं.	वह जिसके साथ रक्त अथवा विवाह का संबंध हो ।			relative, kinsman.
संबद्ध	वि.	1. किसी के साथ जुड़ा हुआ, मिलाया गया हुआ;	સંબદ્ધ	संबद्ध	joined, bound or fastened together, attached;
		2. किसी प्रकार का संबंध रखनेवाला ।			connected with, related to, belonging to.
संबल	पुं.	1. कोई ऐसी वस्तु जिससे किसी कार्य या बात में आगे बढ़ने में पूरी-पूरी सहायता मिलती हो या जिसका आश्रय लिया जाता हो, सहारा;	સંબલ	संबल	support, backing;
		2. पाथेय ।			stock of provision for a journey.
संबोधन	पुं.	1. आह्वान करना, पुकारना;	સંબોધન	संबोधन	calling to, addressing;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. वह शब्द जिससे किसी को पुकारा जाता है; 3. व्याकरण में आठवां कारक ।			an epithet (used in calling a person); (in Gram.) vocative case.
संबोधित	वि.	जिसका संबोधन किया गया हो ।	સંબોધિત	संबोधित	called to, addressed.
संभलना	अ. क्रि.	1. अपनी बिगड़ती हुई स्थिति को ठीक कर लेना;	સંભાળવું	संभाळवुं	to recover oneself (from a stumble or fall etc.);
		2. रुकना, थमना, काबू में रहना;			to stand, to stop;
		3. सावधान होना, चोट आदि से बचाव करना ।			to be alert, to be cautious.
संभव	वि.	जो किया जा सकता हो या हो सकता है, मुमकिन ।	સંભવ	संभव	possible.
संभवतः	क्रि. वि.	हो सकता है, शायद, मुमकिन है ।	સંભવતઃ	संभवतः	probably, perhaps, possibly.
संभार	पुं.	साज-सामान, सामग्री ।	સંભાર	संभार	equipment provision, necessaries.
संभाल	स्त्री.	1. संभलने या संभालने की क्रिया या भाव; 2. कोई वस्तु संभाल कर रखने की क्रिया या भाव, देखरेख, हिफाजत ।	સંભાળ	संभाळ	act or process of being alert or safe; care-taking, upkeeping, maintenance.
संभालना	स.क्रि.	1. पालन करना, रक्षा करना, सहारा देना;	સંભાળવું	संभाळवुं	to support, to sustain, to look after;
		2. प्रबंध करना, सहेजना, भार उठाना;			to manage, to superintend;
		3. गिरते हुए को बीच में रोकना;			hold up, uphold, prop;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		4. बिगड़ते हुए संबंध में ऐसी क्रिया करना जिससे वह अधिक न बिगड़ने पाये, प्रत्युत धीरे-धीरे सुधरने लगे ।			to reconcile, to amend.
संभाला	पुं.	मरणासन्न व्यक्ति की वह स्थिति जिसमें वह कुछ समय के लिए संभला हुआ जान पड़े ।	મરણાસન્ન વ્યક્તિ મૃત્યુ પહેલાં જરા હોશમાં હોય તેવી જણાતી અવસ્થા	मरणासन्न व्यक्ति मृत्यु पहेलां जरा होशमां होय तेवी जणाती अवस्था	the apparent rally before death.
संभावना	स्त्री.	किसी घटना या बात के संबंध में वह स्थिति जिसमें उस घटना के घटित होने या उस बात के पूरे होने की शक्यता होती है ।	સંભાવના	संभावना	possibility, probability, likelihood.
संभावित	वि.	जिसकी संभावना हो, मुमकिन, संभव ।	સંભાવિત	संभावित	probable, likely.
संभाव्य	वि.	जो हो सकता हो, जो कल्पना या विचार में आ सकता हो ।	સંભાવ્ય	संभाव्य	supposable, imaginable, probable.
संभाषण	पुं.	बातचीत, वार्तालाप ।	સંભાષણ	संभाषण	conversation, discourse.
संभोक्ता	पुं.	उपभोग करनेवाला, भोगनेवाला ।	ઉપભોગ કરનાર	उपभोग करनार	consumer, one who eats or enjoys.
संभोग	पुं.	1. स्त्री पुरुष का मैथुन, रतिक्रीड़ा;	સંભોગ;	संभोग;	sexual union, coition;
		2. किसी वस्तु का किया जाने-वाला पूरा उपयोग ।	પૂરો ઉપયોગ	पूरो उपयोग	full or best use.
संभ्रम	पुं.	1. उतावली, जल्दबाजी, घबराहट;	સંભ્રમ	संभ्रम	eagerness, haste, nervousness;
		2. आदर, मान ।			respect.
संभ्रांत	वि.	प्रतिष्ठित, सम्मानित ।	સંભ્રાંત	संभ्रांत	respectable.
संयत	वि.	1. जितेंद्रिय;	સંયત	संयत	one who has restrained his passion;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. व्यवस्थित किया हुआ;			arranged;
		3. रोका हुआ, कैद किया हुआ ।			fettered, captive, imprisoned.
संयम	पुं.	1. चित्त की अनुचित वृत्तियों का निरोध, इन्द्रिय निग्रह, रोक, नियंत्रण; 2. हानिकारक कार्यों या बातों से बचते हुए अलग या दूर रहना ।	સંયમ	संयम	restraint, control, continence; sobriety, temperance, forbearance.
संयमन	पुं.	निग्रह, दमन ।	સંયમન	संयमन	self-denial, restraint.
संयमित	वि.	1. नियंत्रित, रोका हुआ; 2. धार्मिक प्रवृत्तिवाला ।	સંયમિત	संयमित	restrained, checked, subdued; piously disposed.
संयमी	पुं., वि.	संयम करनेवाला, आत्मनिग्रही ।	સંયમી	संयमी	one who subdues or controls his passions, continent, temperate, sober.
संयुक्त	वि.	1. किसी के साथ जुड़ा, मिला, लगा या सटा हुआ; 2. जिसके दो या अधिक भागीदार हों ।	સંયુક્ત	संयुक्त	joined, connected, united; consisting of two or more partners.
संयुक्ताक्षर	पुं.	वह अक्षर जो दो अक्षरों के मेल से बना हो ।	જોડાક્ષર	जोडाक्षर	combined consonants.
संयोग	पुं.	1. दो या अधिक वस्तुओं का एक में या एक साथ होना, मेल, मिश्रण; 2. आकस्मिक रूप से आनेवाली वह स्थिति जिसमें एक घटना के साथ ही कोई दूसरी घटना भी घटित हो;	સંયોગ	संयोग	combination, communion, association; chance, coincidence;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. प्रेमी और प्रेमिका का मिलन;			union;
		4. व्याकरण में कई व्यंजनों का एक साथ होनेवाला मेल ।			conjunct consonant.
संयोगी	वि.	जिसका संयोग हो चुका हो ।	સંયોગી	संयोगी	united, conjoined.
संयोजक	वि.	संयोजन करनेवाला ।	સંયોજક	संयोजक	joining together, connecting.
	पुं.	1. सभा, समिति आदि की बैठक का आयोजन करनेवाला;			convenor;
		2. व्याकरण में वह शब्द जो दो शब्दों या वाक्यों को जोड़ने का काम करता हो ।			conjunction (gram.).
संयोजन	पुं.	1. जोड़ने, मिलाने की क्रिया;	સંયોજન	संयोजन	act of joining or uniting with;
		2. कार्य का आयोजन या व्यवस्था, प्रबन्ध ।			arrangement.
संयोजित	वि.	जिसका संयोजन हुआ हो या किया गया हो ।	સંયોજિત	संयोजित	conjoined, attached.
संरक्षक	वि., पुं.	1. देखभाल, निरीक्षण करनेवाला, आश्रयदाता;	સંરક્ષક;	संरक्षक;	custodian, protector, guardian;
		2. संस्थाओं आदि में वह बड़ा और मान्य व्यक्ति जो उसके प्रधान पोषकों या समर्थकों में माना जाता हो ।	પેટ્રન	पेट्रन	patron.
संरक्षणीय	वि.	संरक्षण का अधिकारी या पात्र ।	સંરક્ષણીય	संरक्षणीय	worthy of being protected or guarded against.
संरक्षित	वि.	जिसका संरक्षण किया गया हो या हुआ हो ।	સંરક્ષિત	संरक्षित	protected, guarded, preserved.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संरचना	स्त्री.	1. कोई ऐसी वस्तु बनाने की क्रिया या भाव जिसमें अनेक प्रकार के बहुतसे अंगों-उपांगों का प्रयोग करना पड़ता हो; 2. उक्त प्रकार से बनी हुई कोई चीज ।	રચના	रचना	construction; structure.
संलग्न	वि.	किसी के साथ मिला हुआ, लगा हुआ, जुड़ा हुआ ।	સંલગ્ન	संलग्न	attached, enclosed, appended.
संलाप	पुं.	1. आपस की बातचीत, वार्तालाप; 2. अपने आप बकना या बड़बड़ाना ।	સંલાપ	संलाप	conversation, discourse; ramble.
संवत्	पुं.	सन्, वर्ष, साल ।	સંવત	संवत	year, era (as Saka or Vikram).
संवत्सर	पुं.	दे. 'संवत्' ।	જુ. 'સંવત'	जुओ 'संवत्'	see 'संवत्'.
संवरण	पुं.	1. मनोवेग आदि को दबाकर वश में रखना; 2. छिपाना, परदा करना ।	નિગ્રહ કરવો ; છુપાવવું	निग्रह करवो; छुपाववुं	subjugation of passions; covering, screening, hiding, concealment.
संवरना	अ. क्रि.	अच्छी या ठीक दशा को प्राप्त होना, सुन्दर रूप में आना ।	સજવું	सजवुं	to be made up, to be decorated, to be arranged.
संवर्ग	पुं.	कार्यालयों आदि में सेवा अथवा पद का एक विशिष्ट वर्ग ।	કેડર	केडर	cadre.
संवर्ती	वि.	किसी के साथ वर्तमान रहने या होनेवाला या एक ही काल में औरों के साथ प्रायः उसी रूप में परन्तु भिन्न-भिन्न स्थानों में होनेवाला ।	સમકાલીન	समकालीन	contemporary, contemporaneous.
संवर्द्धक	वि.	बढ़ानेवाला ।	સંવર્ધક	संवर्धक	augmenting, increasing.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संवर्द्धन	पुं.	1. अच्छी तरह बढ़ना या बढ़ाना; 2. पालपोसकर बड़ा करना ।	સંવર્ધન	संवर्धन	augmenting, increasing; bringing up, rearing, raising.
संवर्द्धित	वि.	जिसका संवर्द्धन किया गया हो या हुआ हो ।	સંવર્ધિત	संवर्धित	brought up, raised.
संवाद	पुं.	1. बातचीत, वार्तालाप;	સંવાદ ;	संवाद;	conversation, discourse;
		2. खबर, समाचार;	ખબર	खबर	information, news;
		3. सादृश्य आदि के कारण चीजों, बातों आदि का आपस में ठीक बैठना या मेल खाना ।			conformity, correspondence, harmonisation, concordance (in music).
संवाददाता	पुं.	समाचार भेजनेवाला ।	સંવાદદાતા	संवाददाता	correspondent, pressman.
संवादी	वि.	1. किसी के साथ अनुकूल पड़ने, बैठने या होनेवाला;	સંવાદી	संवादी	agreeing or harmonizing with, corresponding to;
		2. बात करनेवाला ।			speaking, conversing.
	पुं.	संगीत में वह स्वर जिसका वादी से मेल हो और जो राग विशेष में वादी से कम पर अन्य स्वरों से अधिक मेल रखता हो ।			sub-ominent or the note next in importance to Vadi in a rag.
संवारना	स. क्रि.	1. सुसज्जित करना, सजाना;	સજાવવું;	सजाववु;	to dress, to decorate;
		2. ठीक करना, तरतीब में रखना;	ઠીક કરવું	ठीक करवु	to arrange, to methodize;
		3. सुधारना, मरम्मत करना ।			to correct, to mend, to improve.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संविदा	स्त्री.	कुछ खास शर्तों पर आपस में होनेवाला किसी प्रकार का इकरार या समझौता ।	કંટ્રાટ	कंट्राट	contract.
संविदाकार	पुं., वि.	इकरार या समझौता करनेवाला ।	કંટ્રાટી	कंट्राटी	contractor, contracting.
संविधान	पुं.	1. राजनीति और शासनतंत्र में कानून के रूप में बने हुए वे मौलिक नियम और सिद्धांत जिनके अनुसार किसी राज्य, राष्ट्र या संस्था का संघटन और संचालन होता है;	બંધારણ	बंधारण	constitution;
		2. व्यवस्था, प्रबन्ध ।			arrangement.
संविधि	पुं.	विधानसभा द्वारा पारित प्रस्ताव जो विधान के अंग के रूप में स्वीकार किया जाता है ।	ધારો	धारो	statute.
संवेदन	पुं.	1. अनुभूति या प्रतीति;	સંવેદન	संवेदन	sensation, feeling;
		2. किसी को किसी बात का ज्ञान या बोध कराना ।			making known, communication.
संवेदना	स्त्री.	मन में होनेवाला बोध या अनुभव, अनुभूति ।	સંવેદના	संवेदना	sensitivity, sensation.
संवेद	वि.	जिसकी अनुभूति या ज्ञान हो सकता हो ।	સંવેદ	संवेद	intelligible, perceptible, worth experiencing.
संशय	पुं.	1. संदेह, अनिश्चय;	સંશય;	संशय;	uncertainty, doubt;
		2. खतरे या संकट की आशंका या संभावना ।	જોખમ	जोखम	risk, peril , danger.
संशयात्मक	वि.	संदेहपूर्ण, अनिश्चित ।	સંશયાત્મક	संशयात्मक	dubious, uncertain.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संशयी	वि.	संशय, संदेह करनेवाला, शक्की ।	સંશયી	संशयी	wavering, doubtful, sceptic.
संशोधक	पुं.	1. सुधारनेवाला; 2. (तत्व) जो किसी बात या पदार्थ की शुद्धि में सहायक होता हो ।	સંશોધક	संशोधक	mendor, rectifier; purifier.
संशोधन	पुं.	1. शुद्ध करना या साफ करना; 2. त्रुटि, दोष आदि दूर करके ठीक और दुरुस्त करना ।	સંશોધન	संशोधन	purification, cleansing; correction, amendment.
संशोधित	वि.	1. शुद्ध किया हुआ; 2. सुधारा हुआ ।	સંશોધિત	संशोधित	completely cleansed and purified; corrected, amended.
संश्लिष्ट	वि.	अच्छी तरह जुड़ा, मिला या लगा हुआ ।	સંશ્લિષ્ટ	संश्लिष्ट	mixed up, synthesised.
संसद	स्त्री.	शासन संबंधी कार्यों में सहायता देने, नये विधान बनाने तथा पुराने विधानों में संशोधन करने के लिए प्रजा द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों की सभा ।	સંસદ	संसद	parliament.
संसर्ग	पुं.	संयोग, मेल, लगाव या संबंध ।	સંસર્ગ	संसर्ग	contact, company association.
संसर्गी	वि.	संसर्ग या लगाव रखनेवाला ।	સંસર્ગી	संसर्गी	keeping compan with, familiar, associate.
संसार	पुं.	दुनिया, मर्त्यलोक ।	સંસાર	संसार	mundane existence, the world.
संसारी	वि.	1. संसार संबंधी, लौकिक;	સંસારી	संसारी	mundane, worldly;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. गृहस्थ जीवन व्यतीत करनेवाला·			one who has a family;
		3. लोक व्यवहार में कुशल ।			a worldly man.
संस्करण	पुं.	1. पुस्तकों आदि की एक बार में एक ही तरह की होनेवाली छपाई, आवृत्ति;	આવૃત્તિ;	आवृत्ति;	edition, issue (of a journal);
		2. दुरुस्त या शुद्ध करना, सुधारना ।	સુધારોવધારો	सुधारोवधारो	correction, improvement.
संस्कार	पुं.	1. किसी वस्तु को ठीक या दुरुस्त करके उचित रूप देने की क्रिया, परिष्कार;	સંસ્કાર	संस्कार	refinement;
		2. पूर्वजन्म के आचार-व्यवहार, पाप-पुण्य आदि का आत्मा पर पड़ा हुआ वह प्रभाव जो मनुष्य के परवर्ती जन्म में उसके कार्यों, प्रवृत्तियों, रुचियों आदि के रूप में प्रकट होता है;			mental impressions (forming the mind);
		3. हिन्दुओं में जन्म से मरण तक होनेवाले वे विशिष्ट धार्मिक कृत्य जो द्विजातियों के लिए विहित हैं ।			ritual, sacrament, ceremony.
संस्कारी	वि.	अच्छे संस्कारवाला ।	સંસ્કારી	संस्कारी	cultured, refined.
संस्कृत	वि.	1. संस्कार द्वारा शुद्ध, पवित्र किया हुआ;	સંસ્કૃત	संस्कृत	cultured;
		2. परिमार्जित, परिष्कृत ।			refined, polished.
	स्त्री.	भारतीय आर्यों की प्राचीन साहित्यिक भाषा जिसमें उनके धर्मग्रन्थ आदि हैं ।			Sanskrit (language)
संस्कृति	स्त्री.	1. आचरणगत परम्परा, सभ्यता;	સંસ્કૃતિ	संस्कृति	civilization, culture;
		2. संस्कार करने की क्रिया या भाव ।			perfection, purification.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संस्ताव	पुं.	1. सिफारिश; 2. प्रशंसा, स्तुति;	ભલામણ; પ્રશંસા;	भलामण, प्रशंसा;	recommendation; praise, celebration;
		3. यज्ञ में स्तुति करनेवाले ब्राह्मणों के बैठने का स्थान ।	સંસ્તાવ	संस्ताव	the place which Brahmanas reciting hymns and prayers occupy at a sacrifice.
संस्था	स्त्री.	संघटित वर्ग, समाज या समूह, सभा, समिति ।	સંસ્થા	संस्था	institution, organisation.
संस्थान	पुं.	1. साहित्य, कला, विज्ञान आदि की उन्नति के लिए स्थापित संस्था या संघटन;	સંસ્થાન	संस्थान	institute;
		2. ढांचा, संरचना ।			structure, configuration.
संस्थापक	पुं.	1. स्थापित करनेवाला; 2. नये काम या बात का प्रवर्तन करनेवाला ।	સંસ્થાપક	संस्थापक	founder; precursor, pioneer.
संस्थापन	पुं.	1. स्थापित करना;	સંસ્થાપન	संस्थापन	the act of establishing, founding;
		2. कोई नया काम या नई बात चलाना ।			pioneering, introducing something.
संस्थापना	स्त्री.	दे. 'संस्थापन' ।	જુ. 'સંસ્થાપન'	जुओ 'संस्थापन'	see 'संस्थापन'.
संस्थापित	वि.	स्थापित किया हुआ ।	સંસ્થાપિત	संस्थापित	established, founded.
संस्मरण	पुं.	1. इष्ट देव आदि का बारबार स्मरण करना या उनका नाम जपना;	સંસ્મરણ	संस्मरण	remembering, calling to mind;
		2. किसी व्यक्ति के जीवन की महत्वपूर्ण और मुख्य घटनाओं या बातों का उल्लेख या कथन ।			memoirs, reminiscences, recollections.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संस्मरणीय	वि.	1. बहुत दिनों तक याद रहने लायक; 2. जिसका नाम-जप आदि करना आवश्यक और उचित हो ।	સંસ્મરણીય	संस्मरणीय	to be remembered for a long time; worthy of being worshipped.
संस्मृति	स्त्री.	पूर्ण स्मृति, पूरी याद ।	પૂર્ણ સ્મૃતિ	पूर्ण स्मृति	remembrance, recollection.
संहार	पुं.	1. ध्वंस, नाश; 2. बहुत से व्यक्तियों की युद्ध आदि में एक-साथ होनेवाली हत्या ।	સંહાર	संहार	annihilation, destruction; massacre.
संहारक	वि., पुं.	नाश करनेवाला ।	સંહારક	संहारक	destroyer, ruiner, destructor.
संहिता	स्त्री.	1. वेदों का मन्त्रभाग; 2. संग्रह, संकलन; 3. राजकीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किया हुआ नियमों-विधियों आदि का संग्रह ।	સંહિતા	संहिता	arrangement of the text of the Vedas; collection, compilation, compendium; compendium or compilation of laws, code, digest.
सकना	अ. क्रि.	समर्थ होना, योग्य होना ।	શકવું	शकवुं	can, may, to be able, to be competent.
सकपकाना	अ. क्रि.	1. चकित होना; 2. लज्जा आदि के कारण घबड़ाहट में पड़ जाना; 3. हिचकना, आगापीछा करना ।	ચકિત થવું; શરમાવું; અચકાવું	चकित थवुं; शरमावुं; अचकावुं	to be startled; to be unnerved out of blushing or hesitation; to hesitate, to be dubious.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सकर्मक	वि.	(वह क्रिया) जिसका प्रभाव कर्ता पर न पड़कर दूसरे पर पड़े ।	સકર્મક	सकर्मक	(in Gram.) having an object, transitive.
सकल	वि.	सब, समस्त, कुल ।	સકલ	सकल	all, entire, whole.
सकाम	वि.	कामनायुक्त, फलाकांक्षा से युक्त ।	સકામ	सकाम	desirous of, lustful.
सकारना	स. क्रि.	1. हुंडी पर हस्ताक्षर करके उसे स्वीकार कर लेना;	(હૂંડી) સ્વીકારવી;	(हूंडी) स्वीकारवी;	to accept or endorse as accepted (a bill);
		2. स्वीकार करना, मान लेना ।	સ્વીકારવું	स्वीकारवुं	to accept, to agree.
सकुचाना	अ. क्रि.	1. संकोच करना, शरमाना;	સંકોચાવું, શરમાવું	संकोचावुं, शरमावुं	to hesitate, to blush;
		2. फूलों आदि का संपुटित या बंद होना ।			to wither (as a flower).
सकोरा	पुं.	मिट्टी की एक प्रकार की छोटी कटोरी ।	શકોરું	शकोरुं	small earthen cup.
सक्का	पुं.	भिश्ती, मशक में पानी भरकर पिलानेवाला ।	ભિસ્તી	भिस्ती	water-carrier.
सक्रिय	वि.	1. क्रियायुक्त; 2. जो क्रियात्मक रूप में हो ।	સક્રિય	सक्रिय	having a verb; active.
सक्षम	वि.	1. क्षमतायुक्त, समर्थ; 2. जो किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए उपयुक्त फलत: उसका अधिकारी या पात्र हो ।	સક્ષમ	सक्षम	capable, efficient; competent.
सक्षमता	स्त्री.	सक्षम होने की अवस्था गुण या भाव ।	સક્ષમતા	सक्षमता	capability, competence.
सखा	पुं.	दोस्त, मित्र, सहचर ।	સખા	सखा	friend, associate, companion.
सखी	स्त्री.	सहेली, सहचरी, संगिनी ।	સખી	सखी	a woman's friend, companion, a female friend or confidant.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सख्त	वि.	1. कठोर, कड़ा; 2. कठिन, मुश्किल; 3. तीक्ष्ण, तेज; 4. बहुत अधिक ।	સખ્ત	सखत	hard, stiff, strong; difficult, arduous; intense, vehement, violent; excessive.
सख्ती	स्त्री.	1. कड़ापन, कठोरता; 2. कठोर व्यवहार ।	સખ્તાઈ	सखताई	strictness, stiffness, rigidity; atrocity, cruelty.
सगा	वि.	1. एक ही माता से उत्पन्न, सहोदर; 2. रिश्ते में अपने ही कुल या परिवार का ।	સગો	सगो	real, born of the same parents; kin, blood relation.
सगाई	स्त्री.	विवाह का ठहराव, मंगनी ।	સગાઈ	सगाई	betrothal.
सगुण	वि.	गुण से युक्त ।	સગુણ	सगुण	possessing good qualities or attributes;
	पुं.	सत्व, रज, तम – तीनों गुणों से युक्त परमात्मा का वह रूप जिसमें वह लौकिक प्राणियों सदृश आचरण करता है ।			God incarnation possessed of attributes.
सगुणोपासना	स्त्री.	साकार ब्रह्म की उपासना ।	સગુણોપાસના	सगुणोपासना	worship of God possessed of attributes.
सगोत्र	वि.	एक ही गोत्र का ।	સગોત્ર	सगोत्र	being of the same family or kin, related.
सघन	वि.	घना, अविरल, ठोस ।	સઘન	सघन	thick, dense, solid.
सघनता	स्त्री.	सघन होने की अवस्था, गुण या भाव ।	સઘનતા	सघनता	denseness, intensity.
सच	वि.	जो यथार्थ हो, वास्तविक ।	સાચું	साचुं	true, real.
	पुं.	सच्ची बात ।			truth, reality.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सचमुच	क्रि. वि.	यथार्थतः, ठीक-ठाक, वास्तव में ।	ખરેખર	खरेखर	truly, verily, indeed.
सचाई	स्त्री.	1. सत्यता, वास्तविकता; 2. ईमानदारी ।	સચ્ચાઈ	सच्चाई	truth, reality; sincerity, honesty.
सचित्र	वि.	चित्रों से युक्त ।	સચિત્ર	सचित्र	pictorial, illustrated.
सचिव	पुं.	1. मंत्री या वजीर;	સચિવ ;	सचिव;	minister, counsellor;
		2. किसी बड़े अधिकारी या विभाग का वह व्यक्ति जो अभिलेख आदि सुरक्षित रखता हो और मुख्य रूप से पत्र-व्यवहार आदि की व्यवस्था करता हो ।	સેક્રેટરી	सेक्रेटरी	secretary.
सचिवालय	पुं.	वह स्थान जहां राज्य के प्रमुख विभागों के सचिवों और प्रमुख अधिकारियों के कार्यालय हों ।	સચિવાલય	सचिवालय	secretariat.
सचेत	वि.	1. जिसमें चेतना हो; 2. सतर्क, सावधान ।	જીવતુંજાગતું; સાવધ	जीवतुंजागतुं; सावध	conscious; watchful, on (one's) guard.
सचेतक	पुं.	1. सचेत या सजग रखने-वाला;	સાવધ ;	सावध;	one who cautions;
		2. संसद आदि में वह अधिकारी जिसका कर्तव्य सदस्यों को इस विषय में सचेत कराना होता है कि अमुक प्रस्ताव पर मत देने के लिए आपकी उपस्थिति आवश्यक है ।	વીપ	वीप	whip (political).
सचेतन	वि.	चेतनायुक्त ।	સચેતન	सचेतन	conscious.
सचेष्ट	वि.	चेष्टाशील, चेष्टा करनेवाला ।	સચેષ્ટ	सचेष्ट	making efforts, acting.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सच्चा	वि.	1. सच बोलनेवाला, सत्यवादी; 2. ईमानदार; 3. जिसमें कोई खोट या मैल न हो ।	સાચું	साचुं	true, genuine, real; honest, sincere; pure, unalloyed.
सजग	वि.	सतर्क, सावधान, होशियार ।	સજગ	सजग	alert, cautious, vigilant.
सजधज	स्त्री.	सजावट, बनाव-सिंगार ।	સજાવટ	सजावट	ornamentation, adorning.
सजन	पुं.	1. स्त्री का पति, स्वामी; 2. प्रियतम के लिए शिष्ट संबोधन ।	પતિ; પ્રિય	पति; प्रिय	husband; beloved, dear, darling.
सजना	अ. क्रि.	1. वस्त्रादि से अलंकृत होना; 2. सुन्दर जान पड़ना, सुशोभित होना ।	સજવું	सजवुं	to be adorned or decorated; to be well arranged, neatly dressed.
	पुं.	प्रियतम ।	પ્રિયતમ	प्रियतम	lover.
सजनी	स्त्री.	सखी, सहेली ।	સખી	सखी	sweetheart, beloved, wife.
सजल	वि.	जलयुक्त, भीगा हुआ ।	સજલ	सजल	wet, moist, humid.
सजा	स्त्री.	अपराध, आदि के कारण अपराधी को दिया जानेवाला दंड ।	સજા	सजा	punishment, penalty.
सजाति	वि.	एक ही जाति का, वर्ग का ।	સજાતીય	सजातीय	of one and the same species, of the same tribe or caste or race.
सजातीय	वि.	दे. 'सजाति' ।	જુ. 'સજાતિ'	जु. 'सजाति'	see 'सजाति'
सजाना	स. क्रि.	1. वस्तुओं को ऐसे क्रम से रखना कि वे आकर्षक और सुन्दर जान पड़ें;	સજાવવું	सजाववुं	to furnish, to arrange;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. अलंकृत करना, किसी वस्तु को ऐसी वस्तुओं से युक्त करना कि वह सुन्दर जान पड़े ।			to decorate, to beautify.
सजावट	स्त्री.	सजे हुए होने की अवस्था, क्रिया या भाव, शोभा ।	સજાવટ	सजावट	decoration, ornamentation.
सजीला	वि.	1. सजधजवाला, सजधज से रहनेवाला;	છેલબટાઉ ;	छेलबटाउ;	well-dressed;
		2. सुन्दर, आकर्षक ।	સુન્દર	सुन्दर	graceful, handsome.
सजीव	वि.	जीवयुक्त, जिसमें प्राण हो ।	સજીવ	सजीव	having life, living, alive.
सजीवता	स्त्री.	सजीव होने का भाव ।	સજીવતા	सजीवता	liveliness.
सज्जन	वि., पुं.	भला आदमी, सत्पुरुष ।	સજ્જન	सज्जन	well-born, gentleman, nobleman, gentle, noble.
सज्जनता	स्त्री.	सज्जन होने की अवस्था, गुण या भाव ।	સજ્જનતા	सज्जनता	gentility, nobility.
सज्जा	स्त्री.	साज-सामान ।	સજ્જા	सज्जा	apparatus, equipment.
सज्जित	वि.	1. सजा हुआ, अलंकृत;	સજ્જિત	सज्जित	dressed, decorated, embellished;
		2. सामान आदि से युक्त ।			equipped.
सज्जी	स्त्री.	एक प्रकार की क्षार युक्त मिट्टी ।	સાજીખાર	साजीखार	saltpetre.
सटक	स्त्री.	1. चुपके से चल देने की क्रिया;	સટકી જવું તે;	सटकी जवुं ते;	act of slinking off or away;
		2. तंबाकू पीने का लम्बा लचीला नैचा जो अन्दर छल्लेदार तार देकर बनाया जाता है ।	લાંબી વળી શકે તેવી હૂકાની નેહ	लांबी वळी शके तेवी हूकानी नेह	huqqa-snake.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सटकना	अ. क्रि.	धीरे से खिसक जाना, चल देना, चंपत होना ।	સટકવું, છટકી જવું	सटकवुं, छटकी जवुं	to disappear, to run away, to slink away, to decamp, to vanish.
सटकाना	स. क्रि.	छड़ी आदि से मारना ।	સોટી વગેરેથી મારવું	सोटी वगेरेथी मारवुं	to strike with a cane.
सटना	अ. क्रि.	दो वस्तुओं का एक साथ लग जाना, चिपकना ।	ચોટવું	चोटवुं	to stick, to adhere, to come close.
सटपटाना	अ. क्रि.	हिचकिचाना, भौचक्का होना ।	ચકિત થવું	चकित थवुं	to be amazed or to be confounded, to be unnerved.
सटाना	स. क्रि.	1. जोड़ना, मिलाना; 2. चिपकाना ।	જોડવું	जोडवुं	to join, to unite, to graft (in); to stick (in or on), to paste.
सटीक	वि.	1. जिसमें मूल के साथ टीका भी हो; 2. बिलकुल ठीक, उपयुक्त ।	સટીક; બરાબર	सटीक; बराबर	accompanied or explained by a commentary; apt, befitting, correct and accurate.
सटोरिया	पुं.	जो सट्टा खेलने का शोकीन हो, सट्टेबाज़ ।	સટોડિયો	सटोडियो	speculator.
सट्टा	पुं.	साधारण व्यापार से भिन्न क्रय-विक्रय का एक कल्पित प्रकार जिसमें लाभ-हानि का निश्चय भाव के उतरने चढ़ने के हिसाब से होता है ।	સટ્ટો	सट्टो	speculation.
सट्टी	स्त्री.	वह बाजार जिसमें एक ही मेल की बहुत सी वस्तुएँ लोग लाकर बेचते हों ।	હાટ, બજાર	हाट, बजार	market place.
सट्टेबाज़	पुं.	दे. 'सटोरिया' ।	જુ, 'સટોરિયા'	जु. 'सटोरिया'	see 'सटोरिया'.
सठियाना	अ. क्रि.	1. साठ वर्ष की अवस्था का होना;	સાઠ વર્ષના થવું;	साठ वर्षना थवुं;	to be of sixty years;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. वार्धक्य के कारण मानसिक शक्ति का ह्रास होना ।	સાઠે બુદ્ધિ નાઠી	साठे बुद्धि नाठी	to become decrepit, to be in (one's) dotage.
सड़क	स्त्री.	मनुष्यों, सवारियों आदि के गमनागमन के योग्य बना हुआ चौड़ा मार्ग, रास्ता ।	સડક	सडक	road, highway.
सड़न	स्त्री.	सड़ने की अवस्था या क्रिया ।	સડો	सडो	decay, decomposition, rot.
सड़ना	अ. क्रि.	1. किसी वस्तु का गलना, संयोजक तत्वों का अलग-अलग हो जाना;	સડવું	सडवुं	to decay, to rot;
		2. बुरी हालत में रहना ।			to be in misery.
सड़सठ	वि. पुं.	साठ से सात अधिक; उक्त की द्योतक संख्या ।	સડસઠ	सडसठ	sixtyseven. number sixty-seven.
सड़यांध	स्त्री.	सड़ी हुई वस्तु से निकलने-वाली दुर्गन्ध ।	બદબૂ	बदबू	putrid or fetid smell, stench.
सड़ाना	स. क्रि.	1. किसी वस्तु को सड़ने में प्रवृत्त करना;	સડાવવું	सडाववुं	to cause to rot, to reduce to a state of putrefaction;
		2. बुरी हालत में रखना ।			to reduce to misery or bad plight.
सड़ियल	वि.	बहुत ही निकम्मा, निम्न कोटि का या रद्दी ।	સડેલું	सडेलुं	worthless, good for nothing.
सत	पुं.	किसी वस्तु में से निकला सारभाग ।	સત	सत	essence, juice.
सतत	वि.	अविच्छिन्न;	સતત	सतत	constant, lasting, incessant.
	क्रि. वि.	हमेशा, सर्वदा ।	હંમેશા	हंमेशा	incessantly, uninterruptedly.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सतमासा	वि., पुं.	जो गर्भ में सात ही महीने रहने के उपरांत जनमा हो ।	સાતમે મહિને અવતરેલો તે	सातमे महिने अवतरेलो ते	seven months, born in the seventh month to pregnancy, child born in the seventh month of pregnancy.
सतर्क	वि.	1. तर्कयुक्त, तर्कपूर्ण; 2. सचेत, सावधान ।	સતર્ક	सतर्क	argumentative; alert, cautious, careful.
सतर्कता	स्त्री.	सावधानी, होशियारी ।	સતર્કતા	सतर्कता	vigilance, alertness.
सतसई	स्त्री.	सात सौ पद्यों का समूह या ग्रंथ ।	સતસાઈ	सतसाई	collection of seven hundred couplets.
सतह	स्त्री.	किसी वस्तु का ऊपरी भाग या विस्तार ।	સપાટી	सपाटी	surface, level.
सतहत्तर	वि.	जो गिनती में सत्तर से सात अधिक हो ।	સિત્તોતેર	सित्तोतेर	seventy-seven.
	पुं.	उक्त की सूचक संख्या ।			number seventy-seven.
सतही	वि.	1. सतह या ऊपरी स्तर पर होनेवाला; 2. ऊपरी दिखौआ ।	સપાટી ઉપરનું ; આડંબરપૂર્ણ	सपाटी उपरनुं; आडंबरपूर्ण	of or belonging to a surface; superficial, ostentatious.
सताना	स. क्रि.	तंग या परेशान करना, कष्ट देना ।	સતાવવું	सतावव्वुं	to harass, to torment, to trouble.
सतासी	वि.	जो गिनती में अस्सी से सात अधिक हो ।	સિત્યાસી	सित्यासी	eighty-seven.
	पुं.	उक्त की सूचक संख्या ।			number eighty-seven.
सती	स्त्री.	1. साध्वी, पतिव्रता स्त्री;	સતી	सती	chaste woman;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. वह स्त्री जो अपने पति की मृत्यु के बाद स्वेच्छा से चिता पर जलकर प्राणांत करती हो ।			Sati, a woman who willingly burns herself on her husband's funeral pyre.
सतीत्व	पुं.	सती होने का भाव, पतिव्रत्य ।	સતીત્વ	सतीत्व	virtuousness, chastity.
सत्	वि.	1. सत्ता-युक्त, विद्यमान;	સત્	सत्	being, existing, existent;
		2. सज्जन, साधु;			good, virtuous, honest;
		3. उत्तम, श्रेष्ठ ।			excellent, best.
सत्कर्म	पुं.	नेक काम, पुण्य कर्म ।	સત્કર્મ	सत्कर्म	good or virtuous act, pious deed.
सत्कार	पुं.	1. आवभगत, आतिथ्य; 2. आदर-सम्मान ।	સત્કાર	सत्कार	hospitality; reverence, respect, honour.
सत्त	पुं.	किसी पदार्थ का सार भाग, असली तत्व ।	સત્ત	सत्त	essence, extract.
सत्तर	वि.	जो गिनती में साठ से दस अधिक हो ।	સિત્તેર	सित्तेर	seventy.
	पुं.	उक्त की बोधक संख्या ।			number seventy.
सत्तरह (सत्रह)	वि.	जो गिनती में दस से सात अधिक हो ।	સત્તર	सत्तर	seventeen.
	पुं.	उक्त की बोधक संख्या ।			number seventeen.
सत्ता	स्त्री.	1. अस्तित्व, हस्ती;	સત્તા	सत्ता	existence, entity, being;
		2. अधिकार, शक्ति या सामर्थ्य ।			power, authority.
सत्ताइस (सत्ताईस)	वि.	जो गिनती में बीस से सात अधिक हो ।	સત્તાવીસ	सत्तावीस	twenty-seven.
	पुं.	उक्त की बोधक संख्या ।			number twenty-seven.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सत्ताधारी	वि., पुं.	जिसके हाथ में सत्ता हो ।	સત્તાધારી	सत्ताधारी	ruling, in authority, man of authority, power.
सत्तानवे	वि.	जो गिनती में सौ से तीन कम हो ।	સત્તાણું	सत्ताणुं	ninety-seven.
	पुं.	उक्त की बोधक संख्या ।			number ninety-seven.
सत्तावन	वि.	जो गिनती में पचास से सात अधिक हो ।	સત્તાવન	सत्तावन	fifty-seven.
	पुं.	उक्त की बोधक संख्या ।			number fifty-seven.
सत्तू (सतुआ)	पुं.	भुने हुए जौ, चने आदि का आटा ।	સાથવો	साथवो	flour of parched gram or barley.
सत्व	पुं.	1. किसी वस्तु में से निकाला हुआ मूल और सार भाग;	સત્વ	सत्व	substance;
		2. शक्ति, प्राण तत्व;			strength, vitality, vigour;
		3. प्रकृति के तीन गुणों में से एक जो सर्वोच्च हो ।			any natural property or quality.
सत्पुरुष	पुं.	सदाचारी, भला आदमी ।	સત્પુરુષ	सत्पुरुष	good or virtuous man.
सत्य	वि.	सच, यथार्थ ।	સત્ય	सत्य	true, real, genuine.
	पुं.	यथार्थ और वास्तविक तथ्य या बात; ।			truth, reality.
सत्यता	स्त्री.	सचाई, वास्तविकता ।	સત્યતા	सत्यता	truth, veracity.
सत्यवादी	पुं.	सच बोलनेवाला ।	સત્યવાદી	सत्यवादी	one who speaks the truth, truthful person.
सत्यांकन	पुं.	अनुसमर्थन ।	બહાલી, સમર્થન	बहाली, समर्थन	ratification.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सत्याग्रह	पुं.	आधुनिक राजनीति में वह अहिंसात्मक कार्रवाई जो किसी निश्चय, व्यवहार आदि के प्रति अपना विरोध आदि प्रकट करने के लिए की जाती है और जिसका मुख्य अंग उस निश्चय या व्यवहार का पालन न करने के रूप में होता है ।	સત્યાગ્રહ	सत्याग्रह	satyagraha (insistence for truth), passive resistance.
सत्याग्रही	वि., पुं.	सत्याग्रह करनेवाला ।	સત્યાગ્રહી	सत्याग्रही	one who offers passive resistance.
सत्यानाश	पुं.	सर्वनाश, बरबादी ।	સત્યાનાશ	सत्यानाश	complete ruin, total destruction.
सत्यानाशी	वि.	सत्यानाश करनेवाला, चौपट करनेवाला ।	સત્યાનાશી	सत्यानाशी	ruining, devastating.
सत्यापन	पुं.	जाँच या मिलान करके देखना कि ज्यों का त्यों और ठीक है कि नहीं ।	બહાલી	बहाली	verification.
सत्र	पुं.	1. वह स्थान जहाँ गरीबों को भोजन दिया जाता है; 2. वह नियत काल जिसमें कोई काम एक बार आरंभ होकर कुछ समय तक निरंतर चलता रहता हो ।	સત્ર	सत्र	free kitchen; session.
सत्वर	वि.	तेज, फुर्तीला ।	સત્વર	सत्वर	speedy, swift, quick.
	अव्य.	शीघ्र, तुरन्त ।			quickly, speedily.
सत्संग	पुं.	अच्छे आदमियों का साथ, अच्छी सोहबत ।	સત્સંગ	सत्संग	association with virtuous people.
सदन	पुं.	1. घर, मकान; 2. वह स्थान जहाँ किसी देश या राज्य के विधान बनाने के कार्य होते हों ।	સદન	सदन	residence, house, place; either house of legislature.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सदमा	पुं.	कष्टप्रद मानसिक आघात ।	આઘાત	आघात	blow, emotional stroke.
सदर	वि. पुं.	प्रधान, मुख्य । 1. सभा का सभापति;	મુખ્ય પ્રમુખ;	मुख्य प्रमुख;	head, chief. chairman, president;
		2. सबसे ऊपर का भाग या स्थान ।	સૌથી ઉપરનો ભાગ કે સ્થાન	सौथी उपरनो भाग के स्थान	upper or uppermost part or end (of anything).
सदर मुकाम	पुं.	प्रधान कार्यालय, मुख्यालय ।	મુખ્ય કાર્યાલય	मुख्य कार्यालय	headquarters.
सदस्य	पुं.	उन व्यक्तियों में से हर एक जिनके योग से कुटुम्ब, परिवार, समाज आदि बनते हैं ।	સદસ્ય	सदस्य	member.
सदस्यता	स्त्री.	सदस्य की स्थिति या भाव ।	સદસ્યતા	सदस्यता	membership.
सदा	क्रि. वि.	1. नित्य, हमेशा; 2. निरन्तर, लगातार ।	સદા	सदा	always, perpetually; continually, ever.
सदाचरण	पुं.	अच्छा चालचलन ।	સદાચરણ	सदाचरण	good moral conduct.
सदाचार	पुं.	धर्म नीति आदि की दृष्टि से अच्छा और शुभ आचरण, अच्छा चालचलन ।	સદાચાર	सदाचार	moral or virtuous conduct, traditionary observance.
सदाचारी	वि.	अच्छे आचरणवाला (व्यक्ति) ।	સદાચારી	सदाचारी	of virtuous or moral conduct.
सदाबहार	वि.	सदा हराभरा रहनेवाला, जिसमें कभी पतझड़ न होता हो ।	સદાબહાર	सदाबहार	evergreen, perennial.
सदाशय	वि.	उच्च विचारोंवाला, सज्जन ।	સદાશય	सदाशय	of a good or noble mind.
सदाशयता	स्त्री.	1. सदाशय होने की अवस्था, गुण या भाव;	સદાશયતા	सदाशयता	bonafides, genuineness;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. विधिक क्षेत्र में वह स्थिति जिसमें मनुष्य ईमानदारी और सचाई से कोई काम करता है और जिसके फलस्वरूप कोई अनुचित कार्य हो जाने पर भी वह दोषी नहीं माना जाता ।			nobility, magnanimity.
सदी	स्त्री.	सौ वर्ष का काल, शताब्दी ।	સદી	सदी	century, centenary.
सदुपदेश	पुं.	उत्तम शिक्षा, अच्छी सलाह ।	સદુપદેશ	सदुपदेश	wholesome instruction, salutary counsel.
सदुपयोग	पुं.	अच्छा, उत्तम उपयोग ।	સદુપયોગ	सदुपयोग	good or proper use, usage.
सदृश	वि.	समान ।	સદૃશ	सदृश	like, resembling, of the same rank.
सदैव	क्रि. वि.	सर्वदा, हमेशा ही ।	સદૈવ	सदैव	always, ever.
सदोष	वि.	1. जिसमें दोष हो, दोष से युक्त;	સદોષ;	सदोष;	faulty, defective;
		2. अपराधी ।	ગુનેગાર	गुनेगार	sinful, guilty.
सद्भाव	पुं.	1. शुभ भाव, हित का भाव;	સદ્ભાવ	सद्भाव	kindly feeling, amiability;
		2. दो पक्षों में होनेवाली मैत्रीपूर्ण स्थिति ।			understanding, goodwill.
सद्यः	क्रि. वि.	1. तत्काल, तुरन्त;	સદ્યઃ	सद्यः	forthwith, immediately, at once;
		2. आज ही ।			today, this very day.
सधना	अ. क्रि.	1. काम पूरा होना, कार्य सिद्ध होना;	કામ પૂરું થવું;	काम पूरुं थवुं;	to be accomplished, to be finished;
		2. ठीक तरह से अभ्यस्त होना;	ટેવાવું;	टेवावुं;	to be familiarized, to be accustomed;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. घोड़ों आदि का सीखकर काम लायक होना ।	ઘોડા વગેરેનું તૈયાર થવું	घोड़ा वगेरेनुं तैयार थवुं	to be trained.
सधवा	स्त्री.	ऐसी स्त्री जिसका पति जीवित हो, सुहागिन ।	સધવા, સૌભાગ્યવતી	सधवा, सौभाग्यवती	woman whose husband is alive.
सधाना	स. क्रि.	1. साधने के काम में दूसरे को प्रवृत्त करना;	સધાવવું;	सधाववुं;	to cause to get used;
		2. जंगली पशुपक्षियों को विशेष प्रकार का आचरण सिखाना ।	જંગલી પ્રાણીને કેળવવું	जंगली प्राणीने केळववुं	to teach, to train (an animal), to tame, to familiarize, to domesticate.
सधुक्कड़ी	स्त्री.	साधुओं की भाषा ।	સાધુઓની ભાષા	साधुओनी भाषा	language of the Sadhus.
सन	पुं.	एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी छाल के रेशों से टाट, रस्से आदि बनते हैं ।	શણ	शण	hemp.
सनक	स्त्री.	धुन, झोंक, खब्त ।	ધૂન	धून	whim, craze, mania.
सनकी	वि., पुं.	जिसे किसी तरह की सनक या झक हो, झक्की ।	ધૂની	धूनी	whimsical, crazy, crank (person).
सनद	स्त्री.	प्रमाणपत्र ।	સનદ	सनद	testimonial, certificate.
सनना	अ. क्रि.	1. जल के योग से चूर्णादि का एक में मिलना;	પલળીને એક સરખું થવું;	पलळीने अेक सरखुं थवुं;	to be kneaded (as dough, flour, earth);
		2. लिप्त होना ।	લિપ્ત થવું	लिप्त थवुं	to be involved in.
सनसनी	स्त्री.	भय, आश्चर्य आदि के कारण उत्पन्न स्तब्धता, हलकी उत्तेजना और घबराहट, खलबली ।	સનસનાટી	सनसनाटी	tingling or thrilling sensation.
सनातन	वि.	1. नित्य, अनादि, स्थायी;	સનાતન	सनातन	perpetual, constant, eternal;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. बहुत पुराना ।			primeval, ancient.
सनातनी	वि.	सनातन धर्म का अनुयायी ।	સનાતની	सनातनी	follower of Sanatan Dharma.
सन्	पुं.	साल, संवत् ।	સને	सने	era, year.
सन्न	वि.	भौंचक्का, स्तंभित, स्तब्ध ।	સૂમ, શૂન્ય	सूम, शून्य	stunned, stupefied.
सन्नद्ध	वि.	1. कोई कार्य करने के लिए उद्यत, तैयार; 2. किसी के साथ जुड़ा या लगा हुआ ।	સન્નદ્ધ	सन्नद्ध	ready, prepared; tied together, bound.
सन्नाटा	पुं.	निस्तब्धता, नीरवता ।	સન્નાટો	सन्नाटो	silence, solitude, quietude.
सन्निकट	क्रि. वि.	पास, नजदीक ।	નજીક	नजीक	near, close, proximate.
सन्निधि	स्त्री.	समीपता, निकटता ।	સંનિધિ	संनिधि	proximity, vicinity.
सन्निपात	पुं.	एक प्रकार का भीषण ज्वर जिसमें वात, पित्त तथा कफ तीनों कुपित हो जाते हैं ।	સનેપાત	सनेपात	combined derangement of the three humours of the body causing fever which is of a dangerous kind.
सन्निवेश	पुं.	उचित स्थान पर रखना, जमाना ।	સંનિવેશ	संनिवेश	seating in the proper place, insertion.
सन्निहित	वि.	1. पास रखा हुआ, निकटस्थ; 2. रखा, जमाया हुआ ।	સંનિહિત	संनिहित	placed near, together, near, contiguous; fixed, placed.
सन्मार्ग	पुं.	उत्तम या भला मार्ग ।	સન્માર્ગ	सन्मार्ग	right path, path of virtue.
सपत्नीक	वि.	पत्नी के साथ ।	સપત્નીક	सपत्नीक	accompanied by one's wife.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सपना	पुं.	वह घटना या दृश्य जो सोये होने पर अन्तर्मन में काल्पनिक रूप में भासित होता है, स्वप्न ।	સ્વપ્ન	स्वप्न	dream.
सपरिवार	वि.	परिवार के सदस्यों के साथ ।	સપરિવાર	सपरिवार	with family, attended by a retinue.
सपाट	वि.	जिसका तल बराबर या सम हो, समतल, जो ऊबड़-खाबड़ न हो ।	સપાટ	सपाट	flat, smooth, even, plain.
सपाटा	पुं.	1. चलने या दौड़ने का वेग; 2. झपटने की क्रिया या भाव ।	સપાટો	सपाटो	quick or forced march; leap, spring.
सपूत	पुं.	अच्छा, कुल का नाम बढ़ाने-वाला पुत्र ।	સપૂત	सपूत	dutiful or worthy son.
सपेरा	पुं.	सांप पकड़कर पालने तथा लोगों को तमाशा दिखाने-वाला ।	મદારી	मदारी	snake-charmer.
सप्त	वि. पुं.	जो गिनती में सात हो । उक्त की द्योतक संख्या ।	સપ્ત	सप्त	seven. number seven.
सप्तक	पुं.	1. सात वस्तुओं का संग्रह; 2. संगीत के सात स्वरों का समाहार ।	સપ્તક	सप्तक	collection or aggregate of seven; octave.
	वि.	1. सात; 2. सातवां ।			seven; seventh.
सप्तपदी	स्त्री.	विवाह की एक विधि जिसमें अग्नि की सात बार परिक्रमा की जाती है ।	સપ્તપદી	सप्तपदी	seven steps at marriage ceremony.
सप्तम	वि.	सातवां ।	સપ્તમ	सप्तम	seventh.
सप्तमी	स्त्री.	1. चांद्र मास के किसी पक्ष की सातवीं तिथि; 2. व्याकरण में अधिकरण कारक की विभक्ति ।	સપ્તમી	सप्तमी	seventh day of the lunar fortnight; locative case.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सप्तर्षि	पुं.	सात प्राचीन ऋषियों का समूह या मंडल ।	સપ્તર્ષિ	सप्तर्षि	seven principal stars in the constellation of Ursa Major (supposed to represent the seven sages).
सप्ताह	पुं.	सात दिन की अवधि, हफ्ता ।	સપ્તાહ	सप्ताह	week.
सफर	पुं.	शहर से बाहर जाना, यात्रा ।	સફર	सफर	journey, travel.
सफरी	वि.	सफर सम्बन्धी ।	સફરમાં કામનું	सफरमां कामनुं	of or relating to travelling or a journey.
सफल	वि.	1. फलवाला, फलयुक्त; 2. कृतकार्य, कामयाब ।	સફળ	सफळ	fruitful, bearing or yielding fruit, productive; accomplished, fulfilled, successful.
सफलता	स्त्री.	कामयाबी, सिद्धि ।	સફળતા	सफळता	success, achievement.
सफा	वि.	साफ, स्वच्छ ।	સાફ,સ્વચ્છ	साफ, स्वच्छ	white, clean.
	पुं.	पृष्ठ।	પૃષ્ઠ	पृष्ठ	page.
सफाई	स्त्री.	1. स्वच्छता, निर्मलता; 2. स्पष्टीकरण; 3. आरोपित दोष से रहित होने की अवस्था या भाव, बचाव ।	સફાઈ	सफाई	cleanliness, purity; clarification; defence (in law suit).
सफाचट	वि.	बिल्कुल साफ, जिसका कुछ भी अंश या चिह्न बाकी न रहने दिया गया हो ।	સફાચટ	सफाचट	perfectly clean, blank.
सफाया	पुं.	समाप्ति, नाश ।	સમાપ્તિ, નાશ	समाप्ति, नाश	clean sweep, ruination.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सफेद	वि.	1. जो रंगीन न हो, श्वेत; 2. स्वच्छ तथा उज्ज्वल ।	સફેદ	सफेद	white; clean and bright.
सफेदा	पुं.	1. जस्ते का चूर्ण या भस्म जो दवा तथा रंगाई के काम आती है;	સફેદો;	सफेदो;	white lead;
		2. एक प्रकार का बढ़िया आम ।	એક જાતની સરસ કેરી	एक जातनी सरस केरी	name of a kind of mango.
सफेदी	स्त्री.	1. सफेद होने की अवस्था या भाव, श्वेतता;	સફેદી;	सफेदी;	whiteness;
		2. दीवारों आदि पर होनेवाली चूने के घोल की पुताई ।	ધોળવું તે	घोळवुं ते	whitewash.
सब	वि.	1. कुल; 2. समस्त, सारा, सम्पूर्ण ।	બધું	बधुं	all; entire, whole, total.
सबक	पुं.	1. अध्ययन के समय उतना अंश जितना एक बार में पढ़ाया जाए, पाठ;	પાઠ	पाठ	lesson;
		2. नसीहत, शिक्षा ।			moral.
सबब	पुं.	कारण, वजह, हेतु ।	કારણ, હેતુ	कारण, हेतु	cause, reason.
सबल	वि.	बलवान्, ताकतवर ।	સબળ	सबळ	strong, powerful.
सबूत	पुं.	वह चीज या बात जिससे कोई और बात साबित होती हो, प्रमाण ।	સાબિતી	साबिती	proof, testimony.
सब्जी	स्त्री.	1. सागपात, हरी तरकारी;	શાકભાજી;	शाकभाजी;	herbage, vegetables;
		2. हरियाली, हरापन ।	હરિયાળી	हरियाळी	verdure, greenery, greenness.
सब्र	पुं.	वह मानसिक स्थिति जिसमें मनुष्य किसी प्रकार की विपत्ति या विलम्ब का सामना होने पर भी चुपचाप और शांत भाव से सहन करता है, धैर्य, तसल्ली ।	સબર, ધીરજ	सबर, धीरज	patience, self-restraint, endurance.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सभा	स्त्री.	1. परिषद्, समिति, एक स्थान पर बैठे हुए बहुत से भले आदमियों का समूह;	સભા	सभा	assembly, meeting;
		2. वह संस्था जो किसी विशेष कार्य की सिद्धि के लिए संघटित हुई हो ।			association, society.
सभाकक्ष	पुं.	वह कमरा जहां सभा आयोजित की जाती हो ।	સભાખંડ	सभाखंड	assembly hall, chamber.
सभापति	पुं.	सभा का अध्यक्ष ।	પ્રમુખ	प्रमुख	president, chairman.
सभासद	पुं.	जो किसी समुदाय, संस्था आदि का सदस्य हो ।	સભાસદ	सभासद	member of an assembly or society.
सभ्य	वि.	शिष्ट, संस्कृत, विनम्र ।	સભ્ય	सभ्य	refined, civilized; cultured, civil.
सभ्यता	स्त्री.	1. सभ्य होने का भाव;	સભ્યતા	सभ्यता	courtesy, decency, good manners;
		2. वे सब काम और बातें जो किसी जाति या देश के लोग प्रकृति पर विजय पाने और जीवन निर्वाह में सुगमता लाने के लिए भौतिक साधनों का उपयोग करते हुए आरम्भ से अब तक करते आए हैं । किसी जाति या देश की बाह्य तथा भौतिक उन्नतियों का सामूहिक रूप ।			civilization, culture.
सम	वि.	1. हमवार, जो ऊबड़-खाबड़ न हो;	સમ	सम	plain, smooth, even;
		2. एक बराबर, तुल्य, समान;			similar, equal;
		3. (संख्या) जिसे दो से भाग देने पर कुछ न बचे ।			even (as number).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	पुं.	संगीत में वह स्थान जहां लय के विचार से गति की समाप्ति होती है ।			first accented beat in a rhythmic cycle.
समकक्ष	वि.	जोड़ या बराबरी का, सब बातों में बराबरी करनेवाला ।	સમકક્ષ	समकक्ष	equal, equivalent.
समकालीन	वि.	जो एक ही समय में हो ।	સમકાલીન	समकालीन	contemporary, contemporaneous.
समकोण	वि., पुं.	जिसमें आमने-सामने के दोनों कोण समान हों ।	સમકોણ	समकोण	rectangular, a right angle.
समक्ष	वि.	जो आंखों के सम्मुख हो, गोचर, उपस्थित ।	સમક્ષ	समक्ष	before, visible.
	क्रि. वि.	सामने ।			before the eyes (of), in sight (of).
समग्र	वि.	समस्त, समूचा, सारा ।	સમગ્ર	समग्र	all, entire, whole.
समझ	स्त्री.	वह मानसिक शक्ति जिसमें सब चीजों और बातों के आशय, भलाई-बुराई आदि का परिज्ञान होता है, अक्ल, बुद्धि ।	સમજ	समज	understanding, grasp, sense.
समझदार	वि.	जिसमें अच्छी समझ हो, अक्लमंद ।	સમજદાર	समजदार	intelligent, sensible.
समझदारी	स्त्री.	समझदार होने का गुण ।	સમજદારી	समजदारी	keenness, understanding, wisdom.
समझना	अ. क्रि.	1. जान लेना, ठीक और पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना; 2. विचारना ।	સમજવું	समजवुं	to understand, grasp; to think, consider, suppose.
समझाना	स. क्रि.	बोध कराना, जतलाना ।	સમજાવવું	समजावववुं	to explain, to advise.
समझौता	पुं.	1. राजीनामा, मेल;	સમજૂતી	समजूती	compromise, understanding;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. आपस में होनेवाला करार या निश्चय ।			agreement, pact.
समतल	वि.	जो ऊबड़-खाबड़ न हो, हमवार ।	સમતલ	समतल	level, even, plain.
समता	स्त्री.	सादृश्य, बराबरी, तुल्यता ।	સમતા	समता	similarity, equality, parity.
समत्व	पुं.	दे. 'समता' ।	જુ. 'સમતા'	जु. 'समता'	see 'समता'.
समदर्शी	वि., पुं.	सबको एकसा देखने-समझने वाला ।	સમદર્શી	समदर्शी	looking at both sides impartially, impartial, impartial person.
समधियाना	पुं.	पुत्र या पुत्री की ससुराल ।	પુત્ર કે પુત્રીનું સાસરું	पुत्र के पुत्रीनु सासरुं	the home or family of a son's or daughter's father-in-law.
समधी	पुं.	पुत्र या पुत्री का ससुर ।	વેવાઈ	वेवाई	son's or daughter's father-in-law (the fathers of a bride and bridegroom are samdhis to each other).
समन्वय	पुं.	वह अवस्था जिसमें कथनों या बातों का पारस्परिक विरोध दूर करके उनमें एकरूपता लाई जाती है ।	સમન્વય	समन्वय	coordination, harmony.
समन्वित	वि.	जिसका समन्वय हुआ हो ।	સમન્વિત	समन्वित	coordinated, harmonized.
समय	पुं.	1. दिन-रात के विचार से काल का कोई मान, वक्त; 2. अवसर, मौका ।	સમય	समय	time, hour, period; moment, opportunity, occasion.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
समयसारणी	स्त्री.	वह पुस्तिका जिसमें विभिन्न गाड़ियों आदि के विभिन्न स्टेशनों पर पहुंचने तथा छूटने के समय का उल्लेख किया जाता है ।	સમયપત્રક	समयपत्रक	time-table.
समयोचित	वि.	अवसर के उपयुक्त ।	સમયોચિત	समयोचित	opportune, timely.
समयोपरि	वि.	जो निश्चित समय के अलावा अतिरिक्त समय में किया गया हो या हुआ हो ।	ઓવરટાઇમ	ओवरटाइम	overtime.
समर	पुं.	युद्ध, संग्राम ।	સમર	समर	war, battle.
समर्थ	वि.	1. बलवान, सशक्त; 2. योग्य, उपयुक्त ।	સમર્થ	समर्थ	powerful, strong; capable, competent.
समर्थक	वि.	समर्थन करनेवाला, पुष्टि करनेवाला, ताईद करनेवाला ।	સમર્થક	समर्थक	supporter.
समर्थता	स्त्री.	क्षमता, सामर्थ्य, शक्ति ।	સમર્થતા	समर्थता	capability, competency.
समर्थन	पुं.	पुष्टि करना, ताईद करना, किसी के मत, विचार आदि के संबंध में यह कहना कि इसमें हमारी भी सहमति है ।	સમર્થન	समर्थन	support, corroboration.
समर्थनीय	वि.	जिसका समर्थन किया जा सकता हो या हो सकता हो ।	સમર્થનીય	समर्थनीय	worth supporting.
समर्थांग	वि.	कार्य करने के लिए जिसके सब अंग ठीक और क्षमतायुक्त हों ।	સમર્થાંગ	समर्थांग	able-bodied.
समर्थित	वि.	जिसका समर्थन किया गया हो ।	સમર્થિત	समर्थित	supported.
समर्पण	पुं.	1. सौंपना, देना; 2. भेंट करना ।	સમર્પણ	समर्पण	surrender; dedication.
समर्पित	वि.	दिया हुआ, सौंपा हुआ, भेंट किया हुआ ।	સમર્પિત	समर्पित	surrendered, dedicated.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
समवयस्क	वि.	समान अवस्था वाला ।	સમવયસ્ક	समवयस्क	of the same age, equal in age.
समवर्ती	वि.	1. जो समान रूप से स्थिर रहता हो; 2. जो पास ही स्थित हो ।	સમવર્તી	समवर्ती	concurrent; contiguous.
समवाय	पुं.	1. समूह, झुंड; 2. नियमानुसार गठित वह व्यापारिक संस्था जिसके हिस्सेदारों को अपनी लगाई पूंजी के अनुपात से लाभांश मिलता हो ।	સમવાય	समवाय	collection, multitude; company.
समवेत	वि.	एक जगह इकट्ठा किया हुआ, एकत्र ।	સમવાય એકત્રિત	समवाय, एकत्रित	collected, collective.
समवेदना	स्त्री.	किसी के दु:ख में दु:खी होने का भाव, सहानुभूति ।	સહાનુભૂતિ	सहानुभूति	condolence, sympathy.
समशीतोष्ण	वि.	जहां सर्दी-गर्मी की मात्रा बराबर रहे ।	સમશીતોષ્ણ	समशीतोष्ण	moderate, temperate.
समष्टि	स्त्री.	सामूहिकता, संपूर्णता ।	સમષ્ટિ	समष्टि	collectiveness, totality, aggregate.
समस्त	वि.	1. सब, कुल, पूरा; 2. जो समास के नियमों के अनुसार मिलकर एक हो गया हो ।	સમસ્ત	समस्त	all, whole, entire, complete; (in Gram.) compounded.
समस्या	स्त्री.	1. उलझन वाली ऐसी विचारणीय बात जिसका निराकरण सहज में न हो सकता हो, कठिन या विकट प्रसंग;	સમસ્યા	समस्या	problem;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. कविता का अंतिम चरण या अंश जो उसी तुक तथा लय में छंद को पूरा करने के लिए स्पर्धी को दिया जाए ।			the last portion or line of a metrical composition which is meant for completion in the same metre by a competitor.
समस्यापूर्ति	स्त्री.	किसी समस्या को लेकर छंद, कविता आदि को पूरा करना ।	સમસ્યાપૂર્તિ	समस्यापूर्ति	completing a metrical composition posed as a समस्या ।
समां	पुं.	1. समय, वक्त;	સમય;	समय;	time, occasion, weather;
		2. ऋतु, जमाना;	ઋતુ;	ऋतु;	season;
		3. सुंदर और सुहावना दृश्य ।	સુંદર દૃશ્ય	सुंदर दृश्य	scene, landscape, view.
समाई	स्त्री.	1. समाने की क्रिया या भाव;	સમાવેશ;	समावेश;	capacity;
		2. सहनशक्ति ।	સહનશક્તિ	सहनशक्ति	endurance.
समागम	पुं.	1. भेंट, मिलन;	સમાગમ	समागम	encounter, meeting;
		2. संभोग, मैथुन ।			intercourse.
समाचार	पुं.	वृत्तांत, खबर, संवाद ।	સમાચાર	समाचार	news, report, message.
समाचार-पत्र	पुं.	नियमित समय पर प्रकाशित होनेवाला वह पत्र जिसमें अनेक प्रदेशों, राष्ट्रों आदि से संबंधित समाचार रहते हों, अखबार ।	છાપું	छापुं	newspaper.
समाज	पुं.	1. बहुत से लोगों का गिरोह या झुंड;	સમાજ	समाज	community, society, congregation;
		2. किसी विशिष्ट उद्देश्य से स्थापित की हुई सभा ।			club, association.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
समाजवाद	पुं.	एक आर्थिक तथा राजनीतिक विचार-प्रणाली जिसके अनुसार सत्ता तथा स्वामित्व व्यक्तिगत हाथों में नहीं रहना चाहिए बल्कि सामूहिक रूप से समाज में निहित रहना चाहिए ।	સમાજવાદ	समाजवाद	socialism.
समाजवादी	वि.	1. समाजवाद सम्बन्धी;	સમાજવાદને લગતુ ;	समाजवादनुं लगतु ;	socialistic;
		2. समाजवाद का अनुयायी या समर्थक ।	સમાજવાદી	समाजवादी	socialist.
समादर	पुं.	अच्छा और उचित आदर, सम्मान, खातिर ।	સમાદર	समादर	great respect, reverence, veneration.
समादृत	वि.	जिसका अच्छी तरह आदर हुआ हो ।	સમાદૃત	समादृत	respected, honoured.
समादेश	पुं.	आज्ञा, आदेश, निदेश ।	આદેશ	आदेश	command.
समाधान	पुं.	1. आपत्ति की निवृत्ति करना, संदेह निवारण करना; 2. वह युक्ति या योजना जिसके द्वारा समस्या हल की जाती हो ।	સમાધાન	समाधान	the act of solving a problem; solution.
समाधि	स्त्री.	1. ईश्वर के ध्यान में मग्न होना; 2. वह स्थान जहां किसी का मृत शरीर या अस्थियां गाड़ी गई हों ।	સમાધિ	समाधि	meditation, trance; grave, tomb.
समाधिस्थ	वि.	जो समाधि लगाए हुए हो ।	સમાધિસ્થ	समाधिस्थ	absorbed in meditation or contemplation.
समान	वि.	गुण, मूल्य, महत्व आदि के विचार से किसी के अनुरूप या बराबरी का, बराबर, तुल्य, सदृश ।	સમાન	समान	equal, equivalent, similar.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
समानता	स्त्री.	तुल्यता, बराबरी, सादृश्य ।	સમાનતા	समानता	parity, equality, similarity.
समानांतर	वि.	1. (रेखाएं आदि) जो नित्य समान अंतर पर रहें; 2. साथ-साथ चलने, काम करने वाला ।	સમાનાંતર	समानांतर	parallel; as above.
समाना	अ. क्रि.	1. अंदर आना, भरना, अटना; 2. व्याप्त होना ।	સમાવું, સમાવવું	समावु, समाववुं	to be contained (in), to fit (in); to permeate, to pervade.
समानाधिकार	पुं.	बराबर का अधिकार ।	સમાનાધિકાર	समानाधिकार	equal rights.
समानार्थक	वि.	समान अर्थ रखनेवाला, पर्यायवाची ।	સમાનાર્થક	समानार्थक	having the same meaning, synonymous.
समापन	पुं.	समाप्त करना, पूरा करना ।	સમાપન	समापन	completion, conclusion.
समाप्त	वि.	1. (कार्य) पूरा किया हुआ; 2. (वस्तु) जिसका भोग, संहार आदि के कारण अस्तित्व नष्ट हो गया हो; 3. (नौकरी) जिसका कार्यकाल बीत चुका हो ।	સમાપ્ત	समाप्त	completed, concluded; exhausted, finished; terminated.
समाप्ति	स्त्री.	खतम या पूरा होना ।	સમાપ્તિ	समाप्ति	completion, end, termination.
समाप्य	वि.	खतम या पूरा करने या होने के लायक ।	સમાપ્ય	समाप्य	to be accomplished or concluded or completed.
समारंभ	पुं.	आरंभ, शुरूआत ।	આરંભ	आरंभ	commencement, inauguration.
समारोह	पुं.	कोई ऐसा शुभ आयोजन जिसमें चहलपहल तथा धूमधाम हो ।	સમારોહ	समारोह	function, celebration.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
समालोचक	पुं.	समीक्षक, समालोचना करनेवाला ।	વિવેચક	विवेचक	critic.
समालोचन	पुं.	1. किसी वस्तु, कृति या व्यक्ति आदि के गुण-दोष का सम्यक् विवेचन करना;	વિવેચન	विवेचन	criticism;
		2. साहित्य में, वह लेख जिसमें किसी कृति के गुण-दोषों के संबंध में किसी ने अपने विचार प्रकट किए हों ।			literary criticism.
समालोचना	स्त्री.	दे. 'समालोचन' ।	જુ. 'સમાલોચન'	जु. 'समालोचन'	see 'समालोचन'.
समावर्तन	पुं.	1. वापस आना, लौटना, विशेषकर प्राचीन भारत में वह समारोह जिसमें गुरुकुल के स्नातकों को विद्याध्ययन कर लेने के उपरांत विदाई दी जाती थी;	સમાવર્તન;	समावर्तन;	return;
		2. विश्वविद्यालयों में होनेवाला वह समारोह जिसमें उच्च परीक्षाओं में उत्तीर्ण होनेवाले छात्रों को प्रमाण-पत्र आदि दिए जाते हैं, दीक्षान्त समारोह ।	પદવીદાન સમારોહ	पदवीदान समारोह	convocation.
समाविष्ट	वि.	जिसका समावेश कर लिया गया हो, जो मिला लिया गया हो ।	સમાવિષ્ટ	समाविष्ट	entered, included, incorporated.
समावेश	पुं.	मिलना, शामिल होना ।	સમાવેશ	समावेश	inclusion, entry, incorporation.
समास	पुं.	1. योग, मेल;	સમાસ	समास	conjunction, combination, union;
		2. संक्षेप;			contraction, abbreviation;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. दो या अधिक पदों को मिलाकर एक पद का रूप देना ।			compound word.
समाहर्ता	पुं.	वह राज कर्मचारी जिसके जिम्मे किसी जिले से राजकर या प्राप्य धन आदि उगाहने का काम होता है ।	કલેકટર	कलेकटर	collector (as of taxes).
समाहार	पुं.	1. बहुत-सी वस्तुओं को एक जगह इकट्ठा करना, संग्रह;	સમાહાર	समाहार	collection, accumulation;
		2. ढेर, राशि ।			heap, pile.
समाहित	वि.	1. एक जगह इकट्ठा किया हुआ;	સમાહિત	समाहित	brought together, assembled;
		2. केंद्रित;			concentrated;
		3. शांत ।			composed, collected, calm (as mind).
समिति	स्त्री.	1. विशेष कार्य के लिए गठित कुछ व्यक्तियों की सभा;	સમિતિ	समिति	committee;
		2. सभा, समाज ।			union, association.
समिधा	स्त्री.	यज्ञ में जलाने की लकड़ी ।	સમિધા	समिधा	wood, fuel, epsecially sacrificial sticks
समीकरण	पुं.	1. समान या बराबर करना;	સમીકરણ	समीकरण	the act of making even or equal, equalizing;
		2. (गणित में) ज्ञात राशि की सहायता से अज्ञात राशि निकालने की एक क्रिया ।			(in Arith.) reducing fractions to a common denominator, equation.
समीक्षक	पुं.	सम्यक् रूप से देखने या समीक्षा करनेवाला, समालोचक ।	સમીક્ષક	समीक्षक	reviewer, critic.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
समीक्षा	स्त्री.	1. ग्रंथों, लेखों आदि के गुण-दोषों का विवेचन, समालोचन;	સમીક્ષા	समीक्षा	review, criticism;
		2. अच्छी तरह देखने की क्रिया ।			looking well at, full consideration.
समीचीन	वि.	ठीक, उचित, न्याय्य ।	સમીચીન	समीचीन	fit, proper, right.
समीप	वि.	निकट, पास ।	સમીપ	समीप	near, adjacent, close by, beside.
समीपता	स्त्री.	निकटता	સમીપતા	समीपता	nearness, proximity.
समीपवर्ती	वि.	जो समीप या पास में स्थित हो ।	સમીપવર્તી	समीपवर्ती	adjacent, neighbouring.
समीर	पुं.	वायु, हवा ।	સમીર	समीर	wind, air, breeze.
समुंदर	पुं.	समुद्र ।	સમુદ્ર	समुद्र	sea, ocean.
समुचित	वि.	ठीक, उचित, उपयुक्त ।	સમુચિત	समुचित	fit, right, proper, appropriate.
समुच्चय	पुं.	1. समूह, राशि;	સમુચ્ચય	समुच्चय	collection, accumulation;
		2. शब्दों या वाक्यों का योग ।			(in Gram.) conjunction of words.
समुदाय	पुं.	1. समूह, राशि;	સમુદાય	समुदाय	number, heap, mass, aggregate;
		2. समाज, बिरादरी ।			community.
समुद्र	पुं.	वह विशाल जल राशि जो इस पृथ्वी तल के प्राय: तीन-चौथाई हिस्से में व्याप्त है, सागर ।	સમુદ્ર	समुद्र	sea, ocean.
समुद्री (समुद्रीय)	वि.	समुद्र का, समुद्र-सम्बन्धी ।	સામુદ્રિક	सामुद्रिक	marine, oceanic.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
समुन्नत	वि.	1. जिसकी यथेष्ट उन्नति हुई हो, खूब बढ़ा-चढ़ा; 2. बहुत ऊंचा ।	સમુન્નત	समुन्नत	progressed, developed; elevated, high, lofty.
समुन्नति	स्त्री.	1. समृद्धि;	સમુન્નતિ;	समुन्नति;	rise, prosperity, progress, development;
		2. ऊंचाई ।	ઊંચાઈ	ऊंचाई	height, loftiness.
समूचा	वि.	कुल, पूरा, सब ।	સમૂચું, બધું	समूचुं, बधुं	whole, entire, complete.
समूल	वि.	जिसमें मूल या जड़ा हो ।	સમૂલ	समूल	having roots, well founded.
	क्रि. वि.	जड़ या मूल से, पूरी तरह ।			completely, utterly.
समूह	पुं.	1. ढेर, राशि; 2. झुंड, समुदाय ।	સમૂહ	समूह	quantity, heap; group, multitude, assemblage.
समृद्ध	वि.	संपन्न, धनवान् ।	સમૃદ્ધ	समृद्ध	very prosperous, flourishing, wealthy.
समृद्धि	स्त्री.	बहुत अधिक सम्पन्नता, अमीरी ।	સમૃદ્ધિ	समृद्धि	prosperity, affluence, richness.
समेटना	स. क्रि.	1. बिखरी हुई वस्तुओं को इकट्ठा करना; 2. शेष कार्य को पूरा करना, समाप्त करना ।	સમેટવું	समेटवुं	to collect together, to amass; to wind up.
समेत	वि.	किसी के साथ मिला या लगा हुआ, संयुक्त ।	સમેત	समेत	united together, associated (with).
	क्रि. वि.	सहित, साथ ।			with, together with, along with.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
समोना	स. क्रि.	1. समाविष्ट या सम्मिलित करना; 2. इकट्ठा या संगृहीत करना ।	સમાવવું	समाववुं	to include, to incorporate; to collect, to assemble.
समोसा	पुं.	सिंघाड़े की शक्ल का एक नमकीन पकवान ।	સમોસું	समोसुं	a kind of stuffed piece of a triangular shape.
सम्मत	वि.	1. एक ही राय का, सहमत; 2. पुष्ट, समर्थित, अनुमोदित ।	સંમત	संमत	of one mind, of the same opinion; supported by, approved by, acknowledged.
सम्मति	स्त्री.	1. सलाह, राय; 2. सहमति ।	સંમતિ	संमति	advice, opinion; consent, agreement.
सम्मन (समन)	पुं.	न्यायालय द्वारा प्रेषित वह पत्र जिसमें किसी को न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया जाता है ।	સમન	समन	summons.
सम्मान	पुं.	इज्जत, आदर, प्रतिष्ठा ।	સંમાન	संमान	honour, respect, homage.
सम्माननीय	वि.	जिसका सम्मान किया जाना आवश्यक और उचित हो ।	સંમાનનીય	संमाननीय	honourable, respectable.
सम्मानित	वि.	जिसका सम्मान किया गया हो ।	સંમાનિત	संमानित	honoured, respected.
सम्मिलन	पुं.	मिलना, एकत्र होना ।	સંમિલન	संमिलन	coming together, union.
सम्मिलित	वि.	1. किसी के साथ मिला या मिलाया हुआ; 2. मिलजुल कर किया हुआ, सामूहिक ।	સંમિલિત	संमिलित	included; collective.
सम्मिश्रण	पुं.	1. मिलाने की क्रिया; 2. मिलावट ।	સંમિશ્રણ	संमिश्रण	the act or process of mixing together; adulteration.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सम्मिश्रित	वि.	1. मिलाया हुआ, एक साथ किया हुआ; 2. मिलावटी ।	સંમિશ્રિત	संमिश्रित	mixed together, intermixed; adulterated.
सम्मुख	वि.	सामने, समक्ष, आगे ।	સંમુખ	संमुख	in front (of), in the presence (of), before.
सम्मेलन	पुं.	मनुष्यों का किसी विशेष उद्देश्य से अथवा किसी विषय पर विचार करने के लिए एकत्र होने वाला समाज ।	સંમેલન	संमेलन	gathering, conference.
सम्मोह	पुं.	1. मूर्च्छा, बेहोशी; 2. प्रेम, मोह; 3. अज्ञान, मूर्खता ।	સંમોહ	संमोह	hypnosis; infatuation, fascination; ignorance, folly.
सम्मोहक	वि.	1. बेहोश या संज्ञाहीन करने वाला; 2. मुग्ध करनेवाला, वश में करनेवाला ।	સંમોહક	संमोहक	hypnotic; hypnotising, fascinating.
सम्मोहन	पुं.	1. मुग्ध करना; 2. बहकाना ।	સંમોહન	संमोहन	fascination, hypnosis; beguilement.
सम्यक्	वि.	1. उचित, उपयुक्त; 2. ठीक, सही ।	સમ્યક	सम्यक	right, fit, appropriate; correct, accurate.
सम्राज्ञी	स्त्री.	सम्राट् की पत्नी ।	સમ્રાજ્ઞી	सम्राज्ञी	empress.
सम्राट	पुं.	साम्राज्य का स्वामी ।	સમ્રાટ	सम्राट	emperor.
सम्हलना	अ. क्रि.	दे. 'संभलना' ।	જુ. 'સંભલના'	जु. 'संभलना'	see 'संभलना'.
सयाना	वि.	1. जो बाल्यावस्था पार कर वयस्क हो चला हो; 2. बुद्धिमान, समझदार; 3. चालाक, धूर्त ।	શાણું; સમજદાર; ચાલાક	शाणुं; समजदार; चालाक	grown up, adolescent; sagacious, wise; clever, shrewd, cunning.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सर	वि.	1. हराया हुआ, पराजित;	સર, તાબે કરેલું;	सर, ताबे करेलु;	defeated, vanquished;
		2. (काम) पूरा या समाप्त किया हुआ ।	પૂરું કરેલું	पूरुं करेलुं	completed, accomplished.
	पुं.	1. बड़ा तालाब;	સર;	सर;	pond, pool, tank;
		2. सिर;	માથું;	माथुं;	head, top;
		3. चोटी, शीर्षभाग ।	ટોચ	टोच	pinnacle, tip.
सरकंडा	पुं.	सरपत की जाति का एक पौधा जिसमें गांठें होती हैं ।	સરપત	सरपत	a kind of reed.
सरकना	अ. क्रि.	1. जमीन से सटे हुए आगे बढ़ना, रेंगना;	સરકવું	सरकवुं	to slide, to slip, to crawl;
		2. धीरे-धीरे तथा थोड़ा-थोड़ा आगे बढ़ना ।			to move slowly.
सरकार	स्त्री.	किसी देश के सम्राट, राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री द्वारा चुने हुए मंत्रियों का वह दल जो सामूहिक रूप से उस देश का शासन करता है ।	સરકાર	सरकार	administration, government.
सरकारी	वि.	सरकार का, राजकीय ।	સરકારી	सरकारी	relating to Government,official.
सरगम	पुं.	1. संगीत में षड्ज से निषाद तक के सातों स्वरों का समूह;	સરગમ	सरगम	the gamut;
		2. किसी गीत में लगने वाले स्वरों का उच्चारण;			solfa notation;
		3. किसी गीत में लगने वाले स्वरों का क्रम, स्वरलिपि ।			a syllabic form of musical composition.
सरगर्मी	स्त्री.	सक्रियता, क्रियाशीलता ।	જોશ	जोश	hectic activity.
सरणि (सरणी)	स्त्री.	1. मार्ग, रास्ता;	સરણિ (ણી)	सरणि (सरणी)	channel;
		2. पंक्ति ।			row, line.
सरनाम	पुं.	प्रसिद्ध, मशहूर, विख्यात ।	પ્રખ્યાત	प्रख्यात	well-known, renowned, famous.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सरपंच	पुं.	पंचायत का सभापति ।	સરપંચ	सरपंच	head of the panchayat.
सरपट	स्त्री.	घोड़े की बहुत तेज चाल जिसमें वह दोनों पैर साथ-साथ आगे फेंकता है ।	પૂરપાટ	पूरपाट	quick pace.
	क्रि. वि.	घोड़े की उक्त चाल की तरह तेज भागते या दौड़ते हुए ।	સરપટ	सरपट	galloping.
सरपत	पुं.	कुश की जाति का एक तृण ।	સરપત	सरपत	a kind of reed or reed grass.
सरल	वि.	1. जो टेढ़ा या वक्र न हो, सीधा; 2. जिसके मन में छल-कपट न हो, सीधा और भोला; 3. आसान, सहज ।	સરલ	सरल	straight, not crooked; upright, honest, sincere, artless; simple, easy.
सरलता	स्त्री.	1. सीधापन, भोलापन; 2. आसानी, सुगमता ।	સરલતા	सरलता	artlessness, simplicity; easiness.
सरलीकरण	पुं.	जटिल विषय आदि को आसान बना देना ।	સરલીકરણ	सरलीकरण	simplification.
सरस	वि.	1. रसयुक्त, रसीला; 2. हरा और ताजा; 3. (रचना) जो भावमयी और मोहक हो; 4. रसिक, सहृदय ।	સરસ	सरस	juicy, sapid; fresh, new, blooming; beautiful, elegant; interesting, humorous.
सरसरी	वि.	जमकर या अच्छी तरह नहीं बल्कि यों ही और जल्दी में होनेवाला ।	ઝટઝટ	झटझट	cursory, hurried;
सरसिज	पुं.	कमल ।	સરસિજ	सरसिज	a lotus.
सरसों	स्त्री.	एक तेलहन, सर्षप ।	સરસવ	सरसव	mustard seed or plant.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सरस्वती	स्त्री.	1. विद्या और वाणी की अधिदात्री देवी;	સરસ્વતી	सरस्वती	the goddess of speech and learning;
		2. विद्या, इल्म;			speech, eloquence, learning.
		3. एक प्राचीन नदी ।			the river Saraswati.
सरहज (सलहज)	स्त्री.	साले की पत्नी ।	સાળાવેલી	साळावेली	wife's brother's wife.
सरहद	स्त्री.	किसी देश, भू-भाग या राज्य की सीमा ।	સરહદ	सरहद	boundary, frontiers, border.
सराफ (सर्राफ)	पुं.	1. सोने-चांदी का व्यापारी;	શરાફ;	शराफ;	person who deals in gold jewellery;
		2. वह दुकानदार जो बड़े सिक्कों को कुछ दलाली लेकर छोटे सिक्कों में बदल देता हो ।	શરાફવટું	शराफवटुं	a money changer.
सराफा (सर्राफा)	पुं.	1. सराफा का पेशा;	શરાફી	शराफी	the profession of jewellery or money changing, business of gold;
		2. वह बाजार जिसमें सराफों की अनेक दुकानें हों ।	શરાફબજાર	शराफबजार	Gold and silver exchange.
सराबोर	वि.	अच्छी तरह भीगा हुआ, तरबतर ।	તરબોળ	तरबोळ	completely drenched, soaked.
सराय	स्त्री.	मुसाफिर खाना ।	ધર્મશાળા	धर्मशाळा	inn, tavern.
सरासर	क्रि. वि.	पूर्णतया, बिल्कुल ।	હરાર	हरार	wholly, entirely, out and out.
सराहना	स्त्री.	तारीफ, प्रशंसा।	વખાણ	वखण	praise, eulogy.
	स.क्रि.	तारीफ करना, प्रशंसा करना ।			to praise, commend, applaud.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सराहनीय	वि.	प्रशंसा के योग्य, तारीफ के लायक ।	પ્રશંસનીય	प्रशंसनीय	praise-worthy, laudable.
सरिता	स्त्री.	1. नदी; 2. धारा या प्रवाह।	સરિતા	सरिता	river, stream; flow, current.
सरिया	पुं.	1. सरकंडे का छड़ ।	સરપટનો ટુકડો, સાંઠી;	सरपटनो टुकडो, सांठी;	a piece of reed;
		2. लोहे का पतला लंबा छड़ ।	સળિયો	सळियो	a thin iron rod (used in making bars or fences)
					like resembling, after the pattern or type (of).
सरीखा	वि.	समान, सदृश ।	સરખો	सरखो	like, similar, resembling.
सरूप	वि.	1. समान, सदृश;	સરૂપ	सरूप	like, similar, resembling;
		2. साकार, रूपवाला ।			possessing form or appearance (of), having shape.
सरूपता	स्त्री.	तुल्यरूपता, सादृश्य ।	સરૂપતા	सरूपता	identity, of form, likeness, resemblance.
सरेश (सरेस)	पुं.	एक लसदार पदार्थ जो पशुओं के चमड़े से तैयार किया जाता है और मुख्यत: लकड़ी जोड़ने के काम आता है ।	સરેશ	सरेश	glue.
सरोकार	पुं.	वास्ता, संबंध ।	સંબંધ	संबंध	concern, business.
सरोज	पुं.	कमल ।	સરોજ	सरोज	lotus.
सरोद	पुं.	वीणा की तरह का एक प्रकार का बाजा ।	સરોદ	सरोद	a kind of violin.
सरोवर	पुं.	तालाब ।	સરોવર	सरोवर	large lake or pond.
सरौता	पुं.	सुपारी काटने का एक औजार ।	સરોતો, સૂડી	सरोतो, सूडी	nut cracker.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सर्ग	पुं.	1. किसी ग्रंथ विशेषत: काव्य ग्रंथ का अध्याय या प्रकरण; 2. प्रकृति, स्वभाव; 3. त्याग ।	સર્ગ	सर्ग	section, chapter, canto (as of a poem); nature, disposition; relinquishment, abandonment.
सर्जक	पुं.	रचना करनेवाला, स्रष्टा ।	સર્જક	सर्जक	creator.
सर्जन	पुं.	1. उत्पन्न करना या जन्म देना; 2. त्याग, छोड़ना ।	સર્જન; છોડવું	सर्जन; छोडवुं	creating, producing. abandoning, quitting.
सर्द	वि.	1. ठंडा; 2. फीका, बेमजा; 3. उत्साह रहित ।	ઠંડું; ફીકું; ઉત્સાહરહિત	ठंडु; फीकुं; उत्साहरहित	cold, cool; insipid, tasteless; lifeless.
सर्दा	पुं.	खरबूजे का एक भेद जो बढ़िया और अधिक मीठा होता है ।	એક જાતની શકરટેટી	एक जातनी शकरटेटी	a kind of melon.
सर्दी	स्त्री.	1. जाड़ा; 2. जाड़े का मौसम; 3. जुकाम या प्रतिश्याप नामक रोग ।	ઠંડી; શિયાળો; શરદી	ठंडी; शियाळे; शरदी	cold; winter; cold, chill.
सर्दी-जुकाम	पुं.	ठंड लगने से छींकें आदि आना, नाक से पानी बहना आदि ।	શરદી-સળેખમ	शरदी-सळेखम	cold and cough.
सर्प	पुं.	सरीसृप वर्ग का एक जन्तु, सांप ।	સર્પ	सर्प	serpent, snake.
सर्व	वि.	आदि से अंत तक, सब, समस्त, सारा ।	સર્વ	सर्व	all, whole, entire, complete.
सर्वज्ञ	वि.	सब कुछ जाननेवाला ।	સર્વજ્ઞ	सर्वज्ञ	all knowing, omniscient.
	पुं.	ईश्वर ।			the Supreme Being.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सर्वतः	अव्य.	चारों ओर, सब तरफ ।	સર્વતઃ	सर्वतः	on all sides, everywhere, all round.
सर्वतोमुखी	वि.	1. जिसका मुंह चारों ओर हो;	સર્વતોમુખી	सर्वतोमुखी	facing in all directions, turned, everywhere;
		2. जो सभी ओर प्रवृत्त रहता हो;			versatile;
		3. जो सभी तरह के कार्यों में दक्ष हो ।			all round (worker).
सर्वत्र	क्रि. वि.	सब जगह ।	સર્વત્ર	सर्वत्र	in all places, everywhere.
सर्वथा	क्रि. वि.	हर तरह से, पूर्णतः ।	સર્વથા	सर्वथा	in every respect, by all means, completely.
सर्वदा	क्रि. वि.	हमेशा, सदा ।	સર્વદા	सर्वदा	at all times, always.
सर्वनाम	पुं.	संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होनेवाला शब्द ।	સર્વનામ	सर्वनाम	pronoun.
सर्वनाश	पुं.	पूरा विनाश, तबाही ।	સર્વનાશ	सर्वनाश	complete ruin, devastation.
सर्वव्यापक	पुं.	जो सब पदार्थों और सब स्थानों में व्याप्त हो ।	સર્વવ્યાપક	सर्वव्यापक	omnipresent, universal.
सर्वव्यापी	वि.	दे. 'सर्वव्यापक' ।	જુ. 'સર્વવ્યાપક'	जु. 'सर्वव्यापक'	see 'सर्वव्यापक' ।
सर्वश्रेष्ठ	वि.	सर्वोत्तम, सबसे बढ़कर ।	સર્વશ્રેષ્ઠ	सर्वश्रेष्ठ	best, finest, most excellent.
सर्वसम्मति	स्त्री.	सब की सम्मति या राय, मतैक्य ।	સર્વસંમતિ	सर्वसंमति	unanimity.
सर्वसाधारण	पुं.	साधारण लोग, जनता ।	સર્વસાધારણ	सर्वसाधारण	common man, people at large.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सर्वस्व	पुं.	सब कुछ, सारी सम्पत्ति ।	સર્વસ્વ	सर्वस्व	the whole of a person's property or possessions, one's all.
सर्वहारा	पुं.	समाज का निम्नतम श्रमिक वर्ग ।	સાધનહીન મજૂર વર્ગ	साधनहीन मजूर वर्ग	proletariat.
सर्वांग	पुं.	सारा शरीर, सब अंग ।	સર્વાંગ	सर्वांग	the whole body.
सर्वांगीण	वि.	1. सब अंगों में व्याप्त होने-वाला;	સર્વાંગીણ	सर्वांगीण	pervading or thrilling through the whole body; permeating all round.
		2. जो सभी अंगों से युक्त हो ।			
सर्वेक्षक	पुं.	सर्वेक्षण करनेवाला ।	સર્વેક્ષક	सर्वेक्षक	surveyor.
सर्वेक्षण	पुं.	1. किसी विषय के सही तथ्यों की जानकारी के लिए इस विषय के सब अंगों का किया जाने-वाला आधिकारिक निरीक्षण;	સર્વે	सर्वे	survey;
		2. ऐसा विवेचन जिसमें किसी विषय के सब अंगों को परखा गया हो ।			survey.
सर्वेश्वर	पुं.	1. सबका स्वामी या मालिक;	સર્વેશ્વર	सर्वेश्वर	the lord of all, master of all;
		2. ईश्वर;			the Supreme Being;
		3. चक्रवर्ती राजा ।			universal monarch.
सर्वोच्च न्यायालय	पुं.	किसी देश का वह सबसे बड़ा न्यायालय जिसके अधीन वहां की सारी न्यायपालिका हो और जिसमें वहां के उच्च न्यायालयों के निर्णय आदि के संबंध में अन्तिम रूप से पुनर्विचार किया जा सकता हो ।	સુપ્રીમ કોર્ટ	सुप्रीम कोर्ट	Supreme Court.

	पुं.	वह पदार्थ, रचना या कार्य जो किसी की स्मृति बनाए रखने के लिए हो, यादगार, स्मरणचिह्न ।			memorial, monument.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
स्मारिका	स्त्री.	किसी महत्वपूर्ण घटना, समारोह या स्थान से संबंधित कोई विचारात्मक विशेषत: सचित्र पुस्तिका ।	સ્મારિકા	स्मारिका	souvenir.
स्मित	पुं.	मन्द हास्य, धीमी हंसी ।	સ્મિત	स्मित	a smile, gentle laugh.
	वि.	1. हंसता हुआ; 2. विकसित, खिला हुआ ।			smiling; expanded, blown, blossomed.
स्मिति	स्त्री.	मन्द हास्य, मुस्कराहट ।	સ્મિતિ	स्मिति	a smile, smiling, gentle laugh.
स्मृत	वि.	स्मरण किया हुआ, स्मृति में आया हुआ ।	સ્મૃત	स्मृत	remembered, recollected.
स्मृति	स्त्री.	1. स्मरण शक्ति; 2. बीती हुई बातों का वह ज्ञान जो स्मरणशक्ति के द्वारा फिर से एकत्र या प्राप्त होता है, याद, अनुस्मरण; 3. धर्म, आचार, व्यवहार आदि से संबंधित हिन्दू-धर्म शास्त्र जिनकी रचना ऋषियों और मुनियों ने वेदों का स्मरण या चिन्तन करके की थी ।	સ્મૃતિ	स्मृति	memory; remembrance, recollection; books of traditional code of Hindu Law.
स्यापा	पुं.	किसी की मृत्यु पर शोक के कारण होनेवाला रोना-पीटना, मातम ।	રોવું-કૂટવું તે	रोवुं-कूटवुं ते	mourning, bewailing on a (relative's) death.
स्याह	वि.	काला ।	કાળું	काळुं	black, dark.
स्याही	स्त्री.	1. एक प्रसिद्ध रंगीन तरल अथवा कुछ गाढ़ा पदार्थ जो लिखने या कपड़े, कागज आदि छापने के काम में आता है, रोशनाई;	શાહી	शाही	ink;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. स्याह अर्थात् काले होने की अवस्था, गुण या भाव, कालापन ।			blackness, darkness.
स्याही-सोख	पुं.	स्याही सोखनेवाला कागज, सोख्ता ।	શાહીચૂસ	शाहीचूस	blotting–paper.
स्रवण	पुं.	1. बहने की क्रिया या भाव;	સ્રવણ	स्रवण	flowing, trickling, oozing;
		2. गर्भ का समय से पहले गिरना, स्राव, गर्भपात ।			premature abortion, miscarriage.
स्रष्टा	वि.	सृष्टि या रचना करनेवाला, रचयिता, निर्माता ।	સ્રષ્ટા	स्रष्टा	maker, creator.
	पुं.	ब्रह्मा, सृष्टि का रचयिता ।			the creator of the universe, an epithet of Brahma.
स्राव	पुं.	1. बहना, चूना;	સ્રાવ	स्राव	flow or course of water, flowing, oozing, dropping, stream, current;
		2. गर्भपात, गर्भस्राव;			miscarriage, premature abortion;
		3. जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों के भीतरी अंगों से निकलनेवाला वह तरल पदार्थ या रस जो विशेष उद्देश्य सिद्ध करता है ।			secretion.
स्रोत	पुं.	1. पानी का बहाव, धारा;	સ્રોત	स्रोत	stream, current, flow or course of water;
		2. पानी का सोता, झरना;			source of water, spring;
		3. आधार या साधन, जिससे कोई वस्तु बराबर निकलती या आती रहे ।			source, resource.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
स्व	वि.	1. अपना, निज का (समास में);	સ્વ	स्व	one's own, personal, self (in comp.);
		2. अपने आपसे होनेवाला, स्वतः, स्वयं (समास में) ।			of one's own accord, auto (in comp.).
	पुं.	अहं ।			ego.
स्वकीय	वि.	अपना, निजी ।	સ્વકીય	स्वकीय	one's own, belonging to one's own, personal.
स्वगत	वि.	1. अपने में ग्रहण किया हुआ, अपना, स्वकीय;	સ્વગત	स्वगत	belonging to own self, own, personal;
		2. मन में आया हुआ ।			passing in one's own mind.
	पुं.	मन ही मन या अपने आप से किया जानेवाला कथन, स्वगत कथन ।			speaking to oneself, aside, soliloquy.
स्वचालित	वि.	जिसके अन्दर ऐसे कल-पुरजे लगे हों कि एक पुरजा चलाने से ही वह आपसे आप चलने या कोई काम करने लगे, अपने आप चलनेवाला ।	સ્વચાલિત	स्वचालित	automatic.
स्वच्छंद	वि.	1. इच्छा, मौज या रुचि के अनुसार अथवा सनक में आकर काम करनेवाला;	સ્વચ્છંદ	स्वच्छंद	capricious, self-willed;
		2. किसी प्रकार का अंकुश, नियंत्रण या मर्यादा ध्यान में न रखते हुए मनमाने ढंग से आचरण करनेवाला ।			unrestrained, arbitrary.
स्वच्छंदता	स्त्री.	स्वच्छन्द होने की अवस्था, गुण या भाव, मनमानापन, निरंकुशता ।	સ્વચ્છંદતા	स्वच्छंदता	arbitrariness, absence of restraint.
स्वच्छ	वि.	1. निर्मल, साफ, मैल या गंदगी से रहित;	સ્વચ્છ	स्वच्छ	clean, neat, clear;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
स्व	वि.	1. अपना, निज का (समास में);	સ્વ	स्व	one's own, personal, self (in comp.);
		2. अपने आपसे होनेवाला, स्वतः, स्वयं (समास में) ।			of one's own accord, auto (in comp.).
	पुं.	अहं ।			ego.
स्वकीय	वि.	अपना, निजी ।	સ્વકીય	स्वकीय	one's own, belonging to one's own, personal.
स्वगत	वि.	1. अपने में ग्रहण किया हुआ, अपना, स्वकीय;	સ્વગત	स्वगत	belonging to own self, own, personal;
		2. मन में आया हुआ ।			passing in one's own mind.
	पुं.	मन ही मन या अपने आप से किया जानेवाला कथन, स्वगत कथन ।			speaking to oneself, aside, soliloquy.
स्वचालित	वि.	जिसके अन्दर ऐसे कल-पुरजे लगे हों कि एक पुरजा चलाने से ही वह आपसे आप चलने या कोई काम करने लगे, अपने आप चलनेवाला ।	સ્વચાલિત	स्वचालित	automatic.
स्वच्छंद	वि.	1. इच्छा, मौज या रुचि के अनुसार अथवा सनक में आकर काम करनेवाला;	સ્વચ્છંદ	स्वच्छंद	capricious, self-willed;
		2. किसी प्रकार का अंकुश, नियंत्रण या मर्यादा ध्यान में न रखते हुए मनमाने ढंग से आचरण करनेवाला ।			unrestrained, arbitrary.
स्वच्छंदता	स्त्री.	स्वच्छन्द होने की अवस्था, गुण या भाव, मनमानापन, निरंकुशता ।	સ્વચ્છંદતા	स्वच्छंदता	arbitrariness, absence of restraint.
स्वच्छ	वि.	1. निर्मल, साफ, मैल या गंदगी से रहित;	સ્વચ્છ	स्वच्छ	clean, neat, clear;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. पवित्र, शुद्ध;			pure;
		3. निष्कपट;			straight-forward, honest, frank;
		4. स्पष्ट, साफ, सुवाच्य (उदा. स्वच्छ प्रति) ।			fair, readable.
स्वच्छता	स्त्री.	1. स्वच्छ होने की अवस्था, गुण या भाव, निर्मलता;	સ્વચ્છતા	स्वच्छता	cleanliness, neatness, clearness;
		2. सफाई विशेषत: शरीर और आसपास की वस्तुओं, स्थानों आदि की ऐसी सफाई जो स्वास्थ्य रक्षा की दृष्टि से आवश्यक हो;			sanitation;
		3. पवित्रता, शुद्धता;			purity;
		4. निष्कपटता ।			frankness, sincerity, straight-forwardness.
स्वजन	पुं.	1. सगे-संबंधी, रिश्ते-नाते के लोग, बन्धु-बांधव;	સ્વજન	स्वजन	kinsman, relative, kith and kin;
		2. आत्मीय जन, अपने परिवार के लोग ।			one's own people or kindred, one's household.
स्वतंत्र	वि.	1. जिसका तंत्र या शासन अपना हो, जो किसी के तंत्र या शासन में न हो;	સ્વતંત્ર	स्वतंत्र	independent;
		2. किसी प्रकार के नियंत्रण, दबाव या बंधन से रहित;			free, unrestrained, uncontrolled;
		3. (काम या बात) जिसमें किसी दूसरे का अवलंब, आधार या आश्रय न लिया गया हो;			self-dependent;
		4. अलग, पृथक्, जुदा ।			separate.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
स्वतंत्रता	स्त्री.	1. स्वतंत्र रहने या होने की अवस्था या भाव, आज़ादी;	સ્વતંત્રતા	स्वतंत्रता	independence;
		2. ऐसी स्थिति जिसमें बिना किसी बाहरी दबाव, नियंत्रण या बंधन के स्वयं अपनी इच्छा से सोच-समझकर सब काम करने का अधिकार होता है;			freedom, latitude;
		3. वह अवस्था जिसमें बिना किसी प्रकार की राजकीय या शासनिक बाधा या रोक-टोक के सभी उचित और संगत काम या व्यवहार करने का अधिकार होता है, स्वातंत्र्य, आज़ादी ।			liberty.
स्वतः	क्रि. वि.	अपने आप, आप से आप, आप ही, स्वयं ।	સ્વતઃ	स्वतः	of one's own self, of one's own accord, voluntarily, spontaneously.
स्वत्व	पुं.	1. स्व का भाव, अहं ।	સ્વત્વ	स्वत्व	ego;
		2. अधिकार, हक;			right, one's due, ownership;
		3. वह स्थिति जिसमें किसी वस्तु या विषय के हानि-लाभ से किसी व्यक्ति का विशेष रूप से संबंध हो, हित ।			interest.
स्वदेश	पुं.	अपना देश, मातृभूमि, वतन ।	સ્વદેશ	स्वदेश	one's own country, native country, mother–land, homeland.
स्वदेशी	वि.	1. अपने देश से संबंधित;	સ્વદેશી	स्वदेशी	belonging to one's own country;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. अपने देश में होने या बननेवाला ।			made or produced in one's own country, indigenous.
स्वप्न	पुं.	1. सोए रहने की दशा में मानसिक दृष्टि के सामने आनेवाली घटनाएं, चित्र और विचार जो अवास्तविक होते हैं, सपना, ख्वाब;	સ્વપ્ન	स्वप्न	dream;
		2. मन ही मन की जानेवाली बड़ी-बड़ी कल्पनाएं और बांधे जानेवाले मनसूबे ।			conscious indulgence of fancy, reverie, castle in the air.
स्वप्नदोष	पुं.	निद्रावस्था में श्रृंगारिक स्वप्न देखने पर वीर्यपात जो एक प्रकार का रोग है ।	સ્વપ્નદોષ	स्वप्नदोष	emission, pollution nocturna.
स्वप्नावस्था	स्त्री.	वह अवस्था जिसमें स्वप्न दिखाई देता है ।	સ્વપ્નાવસ્થા	स्वप्नावस्था	a state of dreaming.
स्वभाव	पुं.	1. जीव-जन्तुओं और प्राणियों का वह मानसिक रूप या स्थिति जो उनकी समस्त जाति में जन्मजात होती है और प्राय: एक ही तरह से काम करती हुई दिखाई देती है, प्रकृति;	સ્વભાવ	स्वभाव	nature, character;
		2. मनुष्य के मन का वह पक्ष जो बहुत कुछ जन्मजात तथा प्राकृतिक होता है और जो उसके आचार-व्यवहार आदि का मुख्य रूप से प्रवर्तक होता है और उसके जीवन में प्राय: अथवा सदा देखने में आता है, मिजाज;			disposition, temperament;
		2. आदत, बान;			habit;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. किसी पदार्थ का वह क्रियात्मक गुण या विशेषता जो उसमें प्राकृतिक रूप से सदा वर्तमान रहती है, खासियत ।			essential or inherent property.
स्वभावतः	क्रि. वि.	स्वभाव के फलस्वरूप, स्वाभाविक अर्थात् प्रकृतिजन्य रूप से ।	સ્વભાવતઃ	स्वभावतः	from natural disposition, by nature, naturally, by one's self.
स्वयं	वि.	1. (सर्वनाम) जिसके द्वारा वक्ता अपने व्यक्तित्व पर जोर देते हुए कोई बात कहता है;	સ્વયં	स्वयं	oneself, in one's own person;
		2. अपने आप करने या होनेवाला (समास में) ।			spontaneous, without external cause, auto.
	क्रि. वि.	1. अपनी इच्छा से, बिना किसी जोर या दबाव के; 2. व्यक्तिगत रूप से; 3. बिना किसी प्रयत्न के ।			of ones' own accord, by oneself; personally; automatically.
	पुं.	खुद (व्यक्ति) ।			one's own self.
स्वयंभू	वि.	1. आप से आप उत्पन्न होनेवाला;	સ્વયંભૂ	स्वयंभू	self-born, self-existent, self-begotten;
		2. (बिना किसी शिक्षा, अधिकार, योग्यता आदि के) आप से आप बन जानेवाला (उदा. स्वयंभू नेता) ।			self-styled.
स्वयंवर	पुं.	1. स्वयं वरण करना, स्वयं चुनना;	સ્વયંવર	स्वयंवर	self-choice, self-selection;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. कन्या द्वारा उपस्थित व्यक्तियों में से अपने लिए वर का स्वयं वरण करने की रीति या विधान ।			ancient custom wherein a bride chose her husband of her own accord, self-selection by a bride of her husband from amongst a galaxy of suiters, choice–marriage;
		3. प्राचीनकाल में वह उत्सव या समारोह जिसमें कन्या उपस्थित व्यक्तियों में से अपने लिए वर का स्वयं वरण करती थी ।			the ceremony or celebrations of choosing a husband by the bride.
स्वयंशिक्षक	पुं.	ऐसी पुस्तक जिससे शिक्षक के अभाव में भी उसकी पूरी बातें सीखी जा सकें, शिक्षक या अध्यापक का काम करनेवाली पुस्तक ।	સ્વયંશિક્ષક	स्वयंशिक्षक	self–instructor, self–taught.
स्वयंसिद्ध	वि.	(बात या तत्व) जो किसी तर्क या प्रमाण के बिना आप ही ठीक और सिद्ध हो, जिसे सिद्ध करनेके लिए प्रमाणों की अपेक्षा न हो ।	સ્વયંસિદ્ધ	स्वयंसिद्ध	self–evident, axiomatic.
स्वयंसिद्धि	स्त्री.	वह सर्वमान्य सिद्धान्त या तत्व जिसे सिद्ध या प्रमाणित करने की आवश्यकता न हो ।	સ્વયંસિદ્ધિ	स्वयंसिद्धि	self–evident truth, axiom.
स्वयंसेवक	पुं.	1. वह व्यक्ति जो किसी सेवा-कार्य में अपनी इच्छा से लगता हो;	સ્વયંસેવક	स्वयंसेवक	one who makes voluntary offer of one's services, volunteer;
		2. किसी ऐसे संगठन का सदस्य जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों की सेवा करना हो ।			member of a voluntary organisation.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
स्वयंसेवी	वि.	स्वेच्छा से दूसरों की सेवा करनेवाला (संगठन), स्वैच्छिक (संगठन या संस्था) ।	સ્વયંસેવી	स्वयंसेवी	voluntary.
	पुं.	स्वयंसेवक ।			volunteer.
स्वयमेव	क्रि. वि.	1. अपने आप, आप ही आप, खुद ही, स्वयं ही; 2. व्यक्तिरूप से ।	સ્વયમેવ	स्वयमेव	by one–self, of one's own accord; in person, personally.
स्वर	पुं.	1. व्याकरण में, वह वर्णात्मक ध्वनि या शब्द जिसका उच्चारण बिना किसी दूसरे वर्ण की सहायता के और आप से आप होता है;	સ્વર	स्वर	vowel;
		2. कोमलता, तीव्रता, उतार-चढ़ाव आदि से युक्त वह शब्द जो प्राणियों के गले या एक वस्तु पर दूसरी वस्तु का आघात होने से निकलता है, आवाज;			sound, noise;
		3. स्वर तंत्रियों के ढीले पड़ने और तनने के परिणामस्वरूप उत्पन्न होनेवाली कंठध्वनि, सुर;			voice;
		4. संगीत में उक्त प्रकार के वे सात निश्चित शब्द या ध्वनियां जिनका स्वरूप तन्मयता, तीव्रता, आदि विशिष्ट प्रकार से स्थिर है;			a note of musical scale or gamut, a tone, tune;
		5. श्वास ।			air breathed through the nostrils.
स्वरबद्ध	वि.	स्वरों में बांधा हुआ (संगीत) ।	સ્વરબદ્ધ	स्वरबद्ध	composed in musical measure, moulded in a rhythm, rhythmic.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
स्वरभंग	पुं.	1. उच्चारण में होनेवाली बाधा य अस्पष्टता; 2. आवाज या गला बैठना, जो एक रोग माना गया है ।	સ્વરભંગ	स्वरभंग	interruption in or indistinctness of utterance; hoarseness or cracking of voice, soreness of throat.
स्वराज्य	पुं.	वह अवस्था जिसमें शासन सत्ता विदेशी शासकों के हाथ से निकलकर देशवासियों के हाथ में आ चुकी होती है, स्वशासन, स्वतंत्रता ।	સ્વરાજ્ય	स्वराज्य	independence, autonomy, home-rule, self-government.
स्वरूप	पुं.	1. आकृति, शक्ल, आकार-प्रकार; 2. चेहरा, रूप; 3. किसी चीज का बंधा हुआ क्रम, ढंग या पद्धति; 4. प्रकृति, स्वभाव, विशेषता, लक्षण, गुण ।	સ્વરૂપ	स्वरूप	shape, form; countenance, appearance; system, order, plan; nature, character.
स्वर्गंगा	स्त्री.	आकाशगंगा, मंदाकिनी ।	સ્વર્ગંગા	स्वर्गंगा	the celestial Ganges, the galaxy or milky way.
स्वर्ग	पुं.	1. हिन्दुओं के अनुसार ऊपर के सात लोकों में से तीसरा लोक जिसका विस्तार सूर्यलोक से ध्रुवलोक तक है और जहां पुण्यकर्म करनेवाले देहत्याग के अनंतर जाकर दु:ख-क्लेशरहित सुख का भोग करते हैं, देवलोक;	સ્વર્ગ		heaven, abode of gods, paradise;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. कोई ऐसा स्थान जहां सभी प्रकार के सुख प्राप्त हों, और नाम का भी कोई कष्ट या चिन्ता न हो ।			a place full of bliss and happiness, a place absolutely free from sorrows and sufferings, paradise.
स्वर्गवास	पुं.	1. स्वर्ग में निवास करना, स्वर्ग में रहना; 2. मर कर स्वर्ग जाना, मरना, मृत्यु ।	સ્વર્ગવાસ	स्वर्गवास	residence in heaven; death.
स्वर्गवासी	वि.	1. स्वर्ग में रहनेवाला; 2. जो मर कर स्वर्ग जा चुका हो, मृत, स्वर्गीय ।	સ્વર્ગવાસી	स्वर्गवासी	dwelling in heaven; dead, late.
स्वर्गीय	वि.	1. स्वर्ग-संबंधी, स्वर्ग का, स्वर्ग में रहने या होनेवाला; 2. जो मरकर स्वर्ग चला गया हो, मृत (मृत व्यक्ति के लिए आदरसूचक); 3. जिसमें लौकिक पवित्रता या सौंदर्य की पराकाष्ठा हो ।	સ્વર્ગીય	स्वर्गीय	belonging or relating to heaven, divine; late, dead; super–natural, extra–worldly, extra–ordinary, divine (beauty etc.).
स्वर्ण	पुं.	सुवर्ण या सोना नामक बहुमूल्य धातु ।	સ્વર્ણ	स्वर्ण	gold.
स्वर्णकार	पुं.	एक जाति जो सोने-चांदी के आभूषण आदि बनाती है, सुनार ।	સોની	सोनी	goldsmith.
स्वर्ण-जयंती	स्त्री.	किसी व्यक्ति, संस्था आदि के जन्म या किसी महत्वपूर्ण कार्य के आरंभ होने के बाद 50 वर्ष पूरे हो जाने पर मनायी जानेवाली जयंती ।	સુવર્ણજયંતી	सुवर्णजयंती	golden jubilee.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
स्वर्णिम	वि.	सोने का, सुनहला ।	સ્વર્ણિમ	स्वर्णिम	golden.
स्वल्प	वि.	बहुत ही अल्प या कम, बहुत थोड़ा ।	સ્વલ્પ	स्वल्प	very small or little, minute, very few, short.
स्वस्तिक	पुं.	एक प्रकार का मंगल चिह्न (卐) जो शुभ अवसरों पर दीवारों आदि पर अंकित किया जाता है, साथिया ।	સ્વસ્તિક	स्वस्तिक	a kind of benedictory or auspicious mark: (卐).
स्वस्ति-वाचन	पुं.	मंगलकार्यों के आरंभ में किया जानेवाला एक प्रकार का धार्मिक कृत्य जिसमें कलश स्थापन, गणेशपूजन और मंगलसूचक मंत्रों का पाठ किया जाता है ।	સ્વસ્તિવાચન	स्वस्तिवाचन	a religious rite preparatory to a sacrifice or any religious or solemn observance.
स्वस्थ	वि.	1. रोग, विकार आदि से रहित, तन्दुरुस्त; 2. जिसमें किसी प्रकार की त्रुटि न हो; 3. सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य का रक्षक (उदा. स्वस्थ साहित्य); 4. मोटा-ताजा, हट्टा-कट्टा, तगड़ा, हृष्ट-पुष्ट ।	સ્વસ્થ	स्वस्थ	healthy, hale; free from defect, sound; conducive to social and mental health, refined, good; robust.
स्वस्थता	स्त्री.	स्वस्थ होने की अवस्था या भाव. तन्दुरुस्ती ।	સ્વસ્થતા	स्वस्थता	health, healthiness.
स्वांग	पुं.	1. कृत्रिम रूप से दूसरे का धारण किया हुआ वेश, रूप भरने की क्रिया या भाव, नकल; 2. जनसाधारण में प्रचलित एक प्रकार का संगीत रूपक जो किसी लोककथा पर आधारित होता है; 3. तमाशा, ढोंग, बहाना, कपट, दिखावा ।	સ્વાંગ	स्वांग	impersonation, mimicry; opera; sham, farce.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
स्वांत:सुखाय	क्रि. वि.	केवल अपना अंत:करण या मन प्रसन्न करने के लिए, अपनी ही तृप्ति या संतोष के लिए ।	સ્વાંત:સુખાય	स्वांत:सुखाय	for one's own happiness or satisfaction.
स्वाक्षर	पुं.	(किसी का) अपने हाथ से लिखा हुआ कोई छोटा लेख या हस्ताक्षर जिसे लोग अपने पास स्मृति के रूप में रखते हैं ।	હસ્તાક્ષર	हस्ताक्षर	autograph.
स्वागत	पुं.	1. किसी मान्य या प्रिय व्यक्ति के आने पर आगे बढ़कर आदरपूर्वक उसका अभिनन्दन करना, अभ्यर्थना;	સ્વાગત	स्वागत	reception, welcome, greeting;
		2. किसी के कथन, विचार आदि को अच्छा या अनुकूल समझकर ग्रहण या मान्य करने की क्रिया या भाव ।			acceptance, welcome (of suggestions etc.).
स्वागत-कक्ष	पुं.	ऐसा कमरा जहां पर मुलाकात के लिए जानेवाले लोगों को बैठाया जाए या उनका स्वागत किया जाए ।	સ્વાગતકક્ષ	स्वागतकक्ष	reception room.
स्वागत-समिति	स्त्री.	वह समिति जो किसी बड़े सम्मेलन आदि में आनेवालों के स्वागत-सत्कार के लिए बनाई जाती है ।	સ્વાગત સમિતિ	स्वागत समिति	reception committee.
स्वागताध्यक्ष	पुं.	स्वागत-समिति का अध्यक्ष ।	સ્વાગત પ્રમુખ	स्वागत प्रमुख	chairman of reception committee.
स्वागती	पुं.	वह व्यक्ति जिस पर आगत सज्जनों के स्वागत-सत्कार का भार हो ।	સ્વાગતી	स्वागती	receptionist.
स्वातंत्र्य	पुं.	देखें 'स्वतंत्रता' ।	જુ. 'સ્વતંત્રતા'	जु. 'स्वतंत्रता'	see 'स्वतंत्रता'.
स्वातंत्र्य-संग्राम	पुं.	वह संग्राम या युद्ध जो अपने	સ્વાતંત્ર્ય-સંગ્રામ	स्वातंत्र्य-संग्राम	freedom fight, war

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		देश को विदेशी शासन से मुक्त करके स्वतंत्र बनाने के लिए किया गया हो या किया जाना हो ।			of independence.
स्वाति	स्त्री.	आकाशस्थ पंद्रहवां नक्षत्र, जो फलित ज्योतिष के अनुसार शुभ माना जाता है ।	સ્વાતિ	स्वाति	the star Arcturus, considered as forming the fifteenth lunar asterism.
स्वाद	पुं.	1. कोई चीज खाने या पीने पर जबान या रसनेन्द्रिय को होनेवाली अनुभूति, जायका;	સ્વાદ	स्वाद	taste, flavour, relish, savour;
		2. किसी काम, चीज या बात से प्राप्त होनेवाला आनन्द, रसानुभूति, मजा, सुख;			enjoyment, pleasure;
		3. आदत, अभ्यास ।			habit.
स्वादिष्ट	वि.	जिसका जायका या स्वाद बहुत अच्छा हो, जो खाने या पीने में बहुत अच्छा जान पड़े ।	સ્વાદિષ્ટ	स्वादिष्ट	tasteful, delicious, dainty, relishing.
स्वादु	वि.	देखें 'स्वादिष्ट' ।	જુ. 'સ્વાદિષ્ટ'	जु. 'स्वादिष्ट'	see 'स्वादिष्ट'.
स्वाधीन	वि.	1. जो अपने अधीन हो;	સ્વાધીન	स्वाधीन	being in one's own power or control, being at one's own disposal;
		2. जो प्रत्येक दृष्टि से आत्म-निर्भर हो, जो किसी के अधीन या पराधीन न हो;			dependent on oneself, self-dependent, independent, free;
		3. अपनी इच्छा के अनुसार काम करने में स्वतंत्र, निरंकुश ।			unrestrained, uncontrolled, despotic.
स्वाधीनता	स्त्री.	1. स्वाधीन होने की अवस्था, धर्म या भाव, पराधीनता का विपर्याय;	સ્વાધીનતા	स्वाधीनता	self–dependence;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. ऐसी स्थिति जिसमें व्यक्तियों, राष्ट्रों आदि को बाहरी नियंत्रण, दबाव आदि के प्रभाव से मुक्त होकर अपनी इच्छा से सब काम करने का अधिकार प्राप्त होता है, और वे किसी बात के लिए दूसरों के मुखापेक्षी नहीं होते, सब प्रकार से आत्मनिर्भर होने की अवस्था या भाव ।			independence, liberty, freedom.
स्वाध्याय	पुं.	1. वेदों की निरंतर और नियमपूर्वक आवृत्ति या अभ्यास करना, वेदाध्ययन, धर्मग्रन्थों का नियमपूर्वक अनुशीलन करना;	સ્વાધ્યાય	स्वाध्याय	study of the Vedas, sacred study, perusal of sacred books;
		2. किसी गंभीर विषय का अच्छी तरह किया जाने-वाला अध्ययन और अनुशीलन ।			study (in general).
स्वाध्यायी	वि.	स्वाध्याय करनेवाला ।	સ્વાધ્યાયી	स्वाध्यायी	one who studies, studious.
	पुं.	वेदाध्ययन करनेवाला ।			student of the Vedas.
स्वाप	पुं.	1. नींद, निद्रा; 2. स्वप्न ।	ઊંઘ, નિદ્રા; સ્વપ્ન	ऊंघ, निद्रा; स्वप्न	sleep, sleeping; dreaming, dream.
स्वापक	वि.	नींद लानेवाला, निद्राकारक ।	ઊંઘ લાવનાર, નિદ્રાકારક	ऊंघ लावनार, निद्राकारक	soporiferous, soporific, narcotic.
स्वाभाविक	वि.	1. प्राकृतिक, कुदरती;	સ્વાભાવિક	स्वाभाविक	natural, as in nature;
		2. जो या जैसा प्रकृति के या स्वभाव के अनुसार साधारणत: हुआ करता हो;			consistent with one's disposition or nature;
		3. जन्मजात, सहज, नैसर्गिक ।			innate, inborn, inherent.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
स्वाभिमान	पुं.	अपनी जाति, राष्ट्र, धर्म, प्रतिष्ठा आदि का सद्अभिमान, आत्मगौरव, आत्मसम्मान ।	સ્વાભિમાન	स्वाभिमान	self–respect.
स्वामित्व	पुं.	1. वह अवस्था जिसमें कोई किसी वस्तु का स्वामी या मालिक होता है, मालिक होने की अवस्था या भाव, मालिकी;	સ્વામિત્વ	स्वामित्व	ownership, proprietorship;
		2. प्रभुता, प्रभुत्व, आधिपत्य ।			mastership, mastery.
स्वामिनी	स्त्री.	1. वह स्त्री जिसे किसी वस्तु पर पूरे और सब प्रकार के अधिकार प्राप्त हों, मालिकिन;	સ્વામિની	स्वामिनी	female proprietor, proprietoress;
		2. स्वामी या प्रभु की पत्नी ।			wife of the master, mistress.
स्वामिभक्त	वि.	स्वामी में भक्ति रखनेवाला, वफादार (नौकर) ।	સ્વામિભક્ત	स्वामिभक्त	loyal, faithful.
स्वामिभक्ति	स्त्री.	स्वामी के प्रति भक्तिभाव, वफादारी ।	સ્વામિભક્તિ	स्वामिभक्ति	loyalty, faithfulness.
स्वामी	पुं.	1. वह व्यक्ति जिसे किसी वस्तु पर पूरे और सब प्रकार के अधिकार प्राप्त हों, मालिक;	સ્વામી	स्वामी	proprietor, owner, master;
		2. पति, शौहर;			husband;
		3. राजा, अधिपति, प्रभु;			king, monarch, sovereign;
		4. साधु, संन्यासी आदि के लिए प्रयुक्त एक शब्द ।			a title used with the names of saints and ascetics.
स्वायत्त	वि.	1. जिस पर अपना अधिकार हो;	સ્વાયત્ત	स्वायत्त	within one's control or subjection;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. जिसे स्थानीय स्वशासन का अधिकार या शक्ति प्राप्त हो, जो दूसरे के शासन या नियंत्रण में नहीं हो ।			autonomous.
स्वायत्त-शासन	पुं.	1. राजनीति या शासन की दृष्टि से स्थानिक क्षेत्रों में अपने सब काम आप करने की स्वतंत्रता, स्वायत्तता;	સ્વાયત્ત શાસન	स्वायत शासन	autonomy;
		2. लोकतंत्र-शासन-प्रणाली में शहरों, कस्बों, गांवों आदि के लोक प्रतिनिधियों द्वारा की जानेवाली अपने यहां की शासन-व्यवस्था तथा तत्संबंधी शासन-प्रणाली, स्वशासन ।			autonomous government, self–government.
स्वार्थ	पुं.	1. अपना मतलब, गरज, प्रयोजन या हित साधने की उग्र भावना;	સ્વાર્થ	स्वार्थ	selfishness;
		2. ऐसी बात जिसमें स्वयं अपना लाभ या हित हो;			one's own advantage or interest, self–interest;
		3. विधिक क्षेत्र में किसी वस्तु या संपत्ति के साथ होने-वाला किसी व्यक्ति का वह संबंध जिसके अनुसार उस संपत्ति पर अथवा उससे होनेवाले लाभ आदि पर स्वामित्व या इसी प्रकार और कोई अधिकार प्राप्त रहता है ।			interest.
स्वार्थपरता	स्त्री.	केवल अपना स्वार्थ या मतलब साधने की अवस्था या भाव, खुदगरजी, स्वार्थीपन ।	સ્વાર્થપરતા	स्वार्थपरता	selfishness.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
स्वार्थपरायण	वि.	1. जो अपने स्वार्थों की सिद्धि में रत रहता हो, केवल अपना ही स्वार्थ या मतलब देखनेवाला, स्वार्थपरक, खुदगरज;	સ્વાર્થપરાયણ		selfish, self–seeking;
		2. अन्य कामों या बातों की अपेक्षा अपने स्वार्थ को अधिक महत्व देने-वाला ।			intent on one's own advantage, self–interested.
स्वार्थ-परायणता	स्त्री.	स्वार्थपरायण होने की अवस्था, गुण या भाव, स्वार्थपरता, खुदगरजी ।	સ્વાર્થપરાયણતા	स्वार्थपरायणता	selfishness, self–centredness, self–interestedness.
स्वार्थसाधक	वि.	अपना मतलब साधनेवाला, अपना काम निकालनेवाला, स्वार्थी, खुदगरज ।	સ્વાર્થસાધક	स्वार्थसाधक	self–seeking, self–seeker.
स्वार्थसाधन	पुं.	अपना प्रयोजन सिद्ध करना, अपना काम या मतलब निकालना ।	સ્વાર્થસાધન	स्वार्थसाधन	self–seeking, accomplishing, self–interest.
स्वार्थसिद्धि	स्त्री.	प्रयोजन की पूर्ति, काम निकालना ।	સ્વાર્થસિદ્ધિ	स्वार्थसिद्धि	accomplishment of self–interest.
स्वार्थांध	वि.	जो अपने स्वार्थ के फेर में पड़कर अंधा हो रहा हो और भले-बुरे का ध्यान न रखता हो ।	સ્વાર્થાંધ	स्वार्थांध	blinded by selfishness.
स्वार्थी	वि.	मात्र अपने स्वार्थ की सिद्धि चाहनेवाला, खुदगरज, मतलबी ।	સ્વાર્થી	स्वार्थी	selfish, self–seeking.
स्वावलंबन	पुं.	अपनी सामर्थ्य से आत्मनिर्भर होने की अवस्था, गुण या भाव, अपना ही भरोसा करना, दूसरे की सहायता न लेना, आत्मनिर्भरता ।	સ્વાવલંબન	स्वावलंबन	self–sufficiency, self–reliance, self–dependence.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
स्वावलंबी	वि.	अपने ही बल पर काम करनेवाला, दूसरे का भरोसा न करने या दूसरे की सहायता न लेनेवाला, आत्मनिर्भर ।	સ્વાવલંબી	स्वावलंबी	self–sufficient, self–relying, self–reliant, self–dependent.
स्वास्थ्य	पुं.	1. स्वस्थ अर्थात् निरोग होने की अवस्था, गुण या भाव, निरोगता, आरोग्य, तन्दुरुस्ती;	સ્વાસ્થ્ય	स्वास्थ्य	health;
		2. चित्त का शांत होना, निरुद्विग्नता ।			mental peace, calmness, tranquility, unperturbedness.
स्वास्थ्यकर	वि.	जिससे स्वास्थ्य अच्छा रहे, स्वास्थ्यप्रद, आरोग्यवर्धक ।	સ્વાસ્થ્યકર	स्वास्थ्यकर	congenial to health, wholesome, healthy, sanitary.
स्वास्थ्यप्रद	वि.	देखें 'स्वास्थ्यकर' ।	'સ્વાસ્થ્યકર'	जु. 'स्वास्थ्यकर'	see 'स्वास्थ्यकर',
स्वास्थ्यरक्षा	स्त्री.	1. ऐसा स्वच्छतापूर्ण आचरण और व्यवहार जिससे स्वास्थ्य अच्छा बना रहे, बिगड़ने न पाए;	સ્વાસ્થ્યરક્ષા	स्वास्थ्यरक्षा	sanitation;
		2. स्वास्थ्य की रक्षा, तन्दुरुस्ती बनाए रखना ।			security of health, maintenance of one's health.
स्वास्थ्यलाभ	पुं.	रुग्णता आदि के बाद स्वास्थ्य का पुन: प्राप्त होना या करना ।	સ્વાસ્થ્યલાભ	स्वास्थ्यलाभ	convalescence.
स्वास्थ्य-विज्ञान	पुं.	वह विज्ञान या शास्त्र जिसमें शरीर को निरोग और स्वस्थ बनाए रखने के नियमों और सिद्धान्तों का विवेचन हो ।	સ્વાસ્થ્યવિજ્ઞાન	स्वास्थ्य-विज्ञान	hygiene.
स्वास्थ्यहानि	स्त्री.	स्वास्थ्य का नाश, तन्दुरुस्ती का बिगड़ जाना ।	સ્વાસ્થ્યહાનિ	स्वास्थ्यहानि	loss of health.
स्वाहा	अव्य.	देवताओं को हवि देते समय मंत्रों के अंत में उच्चारण किया जानेवाला एक शब्द ।	સ્વાહા	स्वाहा	a word uttered while offering oblations to the gods.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	वि.	1. जो जलाकर नष्ट कर दिया गया हो या जलकर नष्ट हो गया हो;			burnt;
		2. पूर्णत: नष्ट ।			completely destroyed or ruined.
स्वाहा होना	अ. क्रि.	1. जलकर राख हो जाना;	સ્વાહા થવું	स्वाहा थवुं	to be burnt to ashes;
		2. नष्ट हो जाना ।			to be destroyed or ruined.
स्वीकरण	पुं.	1. स्वीकार या अंगीकार करना, अपनाना;	સ્વીકાર	स्वीकार	adoption, accepting, acceptance, taking;
		2. कबूल करना, मानना ।			assenting, agreeing, an assent.
स्वीकरणीय	वि.	स्वीकृत किए या माने जाने के योग्य ।	સ્વીકાર્ય	स्वीकार्य	acceptable, admissible.
स्वीकर्ता	पुं.	स्वीकार करनेवाला, मंजूर करनेवाला ।	સ્વીકાર કરનાર	स्वीकार करनार	one who accepts, admits or agrees, acceptor.
स्वीकार	पुं.	1. अपना बनाने या अपनाने की क्रिया या भाव, अंगीकार;	સ્વીકાર	स्वीकार	making one's own, adoption;
		2. ग्रहण करना, लेना;			taking, accepting;
		3. कोई बात मान लेना, कबूल या मंजूर करना;			assent, consent, confessing;
		4. किसी बात की प्रतिज्ञा करना या वचन देना ।			promising, promise.
स्वीकार करना	स. क्रि.	1. अपना बनाना, अंगीकार करना;	સ્વીકાર કરવો	स्वीकार करवो	to make one's own, to adopt;
		2. ग्रहण करना, लेना;			to take, to accept;
		3. मान लेना, कबूल करना;			to assent, to consent, to confess;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		4. प्रतिज्ञा या वचन देना; 5. मंजूर करना, मंजूरी देना, स्वीकृति देना ।			to promise; to sanction, to grant.
स्वीकारना	स. क्रि.	1. स्वीकार करना, मानना;	સ્વીકારવું	स्वीकारवुं	to assent, to consent, to agree, to acknowledge;
		2. ग्रहण करना, लेना;			to take, to accept;
		3. अपनाना ।			to adopt, to make one's own.
स्वीकारात्मक	वि.	(कथन) जिससे कोई बात स्वीकृत की गई या मानी गई हो अथवा उसकी पुष्टि की गई हो ।	સ્વીકારાત્મક	स्वीकारात्मक	affirmative.
स्वीकारोक्ति	स्त्री.	वह कथन या बयान जिसमें अपना अपराध स्वीकृत किया जाए, अपने मुंह से कहकर यह मान लेना कि हमने अमुक अनुचित या बुरा काम किया है ।	સ્વીકારોક્તિ	स्वीकारोक्ति	confession.
स्वीकार्य	वि.	जो स्वीकृत किया या माना जा सके, माने जाने के योग्य ।	સ્વીકાર્ય	स्वीकार्य	acceptable, admissible.
स्वीकार्यता	स्त्री.	स्वीकार्य होने की अवस्था या भाव, ग्राह्यता ।	સ્વીકાર્યતા	स्वीकार्यता	acceptability, admissibility.
स्वीकृत	वि.	1. जिसे स्वीकार कर लिया गया हो, जिसके संबंध में स्वीकृति दी जा चुकी हो;	સ્વીકૃત	स्वीकृत	sanctioned, granted;
		2. ग्रहण किया या माना हुआ, मंजूर ।			accepted, assented, admitted.
स्वीकृति	स्त्री.	1. स्वीकार करने की क्रिया या भाव, सहमति;	સ્વીકૃતિ	स्वीकृति	consent, assent;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. प्रस्ताव, शर्तें आदि मान लेने या उपहार, देन आदि ग्रहण करने की क्रिया या भाव;			acceptance;
		3. बड़ों, अधिकारियों आदि के द्वारा छोटों की प्रार्थना आदि मान लेने की क्रिया या भाव, मंजूरी ।			sanction.
स्वकीय	वि.	स्वकीय, अपना ।	સ્વકીય	स्वकीय	own, one's own, belonging to one's self, personal.
	पुं.	स्वजन, आत्मीय, संबंधी, नाते-रिश्तेदार ।			kinsman, relative, kith and kin, kinsfolk.
स्वेच्छा	स्त्री.	अपनी इच्छा, अपनी मर्जी ।	સ્વેચ્છા	स्वेच्छा	one's own wish or will, free will.
स्वेच्छाचार	पुं.	भले-बुरे का ध्यान रखे बिना मनमाना आचरण करना, यथेच्छाचार ।	સ્વેચ્છાચાર	स्वेच्छाचार	acting as one likes, arbitrariness, acting without restraint.
स्वेच्छाचारिता	स्त्री.	स्वेच्छाचार का भाव या धर्म, मनमानापन, निरंकुशता ।	સ્વેચ્છાચારિતા	स्वेच्छाचारिता	arbitrariness, acting without restraint, autocracy.
स्वेच्छाचारी	वि.	स्वेच्छाचार अर्थात् मनमाना काम करनेवाला, निरंकुश, अबाध्य ।	સ્વેચ્છાચારી	स्वेच्छाचारी	arbitrary, autocratic.
स्वेद	पुं.	पसीना ।	સ્વેદ, પરસેવો	स्वेद, परसेवो	sweat, perspiration.
स्वेदज	वि.	पसीने से उत्पन्न होनेवाला ।	સ્વેદજ	स्वेदज	sweat–produced, sweat–born.
स्वैच्छिक	वि.	जो किसी की अपनी या निजी इच्छा के अनुसार हो, स्वेच्छा से किया जानेवाला ।	સ્વૈચ્છિક	स्वैच्छिक	voluntary.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
स्वैरिणी	स्त्री.	व्यभिचारिणी स्त्री, पुंश्चली, कुलटा ।	સ્વૈરિણી	स्वैरिणी	loose or unchaste woman, wanton woman, licentious woman, adulteress.
हंकवाना	स. क्रि.	1. हांकने का काम किसी दूसरे से कराना, इक्के, बैलगाड़ी, आदि में जुते हुए जानवरों को किसी और से चलवाना;	હંકાવવું	हंकाववुं	to cause to be driven;
		2. चौपायों को किसी के द्वारा हटवाना, भगवाना;			to cause to be driven out or away, to cause to be chased;
		3. किसी से (पंखा) चलवाना ।	(પંખો) હલાવડાવવું	(पंखो) हलावडाववुं	to cause some one to oscilate (a fan)
हंकाना	स. क्रि.	देखें 'हंकवाना' ।	જુ. 'હંકવાના'	जु. 'हंकवाना'	see 'हंकवाना'.
हंगामा	पुं.	1. अव्यवस्था, शोरगुल, हुल्लड़;	હુલ્લડ;	हुल्लड;	noise, tumult, commotion, confusion, uproar;
		2. उपद्रव, उत्पात ।	ઉપદ્રવ	उपद्रव	riot, disturbance.
हंडा	पुं.	1. पानी इत्यादि रखने या भरने का पीतल या तांबे का एक प्रकार का बड़ा बरतन;	દેગડો;	देगडो;	a huge pot of brass or copper (for storing water etc.);
		2. मिट्टी का बहुत बड़ा पात्र ।	માટલું	माटलुं	a large earthen vessel,
हंडिया (हांडी)	स्त्री.	चावल आदि पकाने या कोई चीज रखने के लिए बटलोई जैसी आकृतिवाला मिट्टी का बरतन ।	દોણી	दोणी	a small earthen boiler or pot.
हंस	पुं.	1. बतख की तरह का एक जलपक्षी जो दूध और पानी को अलग करनेवाला तथा सरस्वती का वाहन माना गया है;	હંસ	हंस	a swan, goose;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. आत्मा, जीवात्मा;			the individual, soul;
		3. प्राण, जीवनी शक्ति ।			one of the vital airs, life.
हँसना	अ. क्रि.	1. आनन्द, तृप्ति आदि प्रकट करने की एक क्रिया जिसमें चेहरा खिल उठता है, आंखें कुछ फैल जाती हैं, मुंह खुल जाता है, गले में से ध्वनियां निकलने लगती हैं;	હસવું	हसवुं	to laugh, to smile;
		2. प्रसन्न होना;			to be merry;
		3. मजाक करना, परिहास करना ।			to jest, to joke, to fun.
	स. क्रि.	हंसी उड़ाना, उपहास करना ।			to jeer, ridicule, deride, to laugh at.
हंसमुख	वि.	1. जिसका मुंह सदा हंसता हुआ-सा रहता हो, प्रसन्न, प्रफुल्लवदन;	હસમુખું	हसमुखुं	of a smiling countenance, gay, cheerful;
		2. दिल्लगीबाज, विनोदी ।			facetious, jocular, funny.
हंसली	स्त्री.	1. गले के नीचे और छाती के ऊपर की धनुषाकार हड्डी;	હાંસડી	हांसडी	collar bone;
		2. स्त्रियों का गले में पहनने का एक गहना जो प्राय: उक्त हड्डी के समानांतर रहता है ।			an ornament worn around the neck.
हंसाई	स्त्री.	1. हंसने की क्रिया या भाव, हंसी;	હસવું તે, હાસ્ય;	हसवुं ते, हास्य;	laughter;
		2. उपहास ।	હાંસી	हांसी	ridicule.
हंसाना	स. क्रि.	किसी को हंसने में प्रवृत्त करना, ऐसी बात करना या कहना जिससे दूसरा हंसे, प्रसन्न होवे ।	હસાવવું	हसाववुं	to cause to laugh, to make one laugh, to amuse.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
हंसिया	स्त्री.	लोहे का एक अर्ध-चंद्राकार औजार जिससे फसल, तरकारी आदि काटते हैं ।	દાતરડું	दातरडुं	reaping hook, sickle.
हँसी	स्त्री.	1. हंसने की क्रिया, ध्वनि या भाव;	હાસ્ય;	हास्य;	laughter, laugh;
		2. मजाक, परिहास;	મજાક;	मजाक;	fun, joke;
		3. उपहास ।	હાંસી	हांसी	ridicule, derision, mockery.
हंसी	स्त्री.	मादा हंस ।	હંસી	हंसी	a female swan, goose.
हंसोड़	वि.	1. जो खूब तथा ठहाका लगाकर हंसता हो;	ખડખડાટ હસનાર;	खडखडाट हसनार;	laughing loudly;
		2. जो दूसरों को खूब हंसाता हो, विनोदी, दिल्लगी-बाज ।	મજાકી	मजाकी	facetious, humourous, jocular, jolly.
	पुं.	विदूषक ।	વિદૂષક	विदूषक	jester.
हक	पुं.	1. लेने, अपने पास रखने, काम में लाने आदि का अधिकार, स्वत्व;	હક	हक	claim, entitlement;
		2. कोई काम करने-कराने का अधिकार;			right;
		3. न्याय, प्रथा आदि के अनुसार प्राप्त अधिकार, नेग, दस्तूरी आदि;			due;
		4. किसी का कोई ऐसा पक्ष जिसके साथ उसके लाभ और हानि भी संबद्ध हों, हित ।			interest.
हकदार	वि	हकवाला, स्वत्व या अधिकार रखनेवाला ।	હકદાર	हकदार	having a claim or right or title, rightful, entitled.
हकला	वि.	रुक-रुककर बोलनेवाला, एक ही अक्षर या शब्द कई बार कहनेवाला, हकलाने वाला ।	તોતડું	तोतडुं	stuttering, stammering.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	पुं.	हकलानेवाला व्यक्ति ।			stammerer.
हकलाना	अ. क्रि.	वाग्तंत्र, विशेषत: जीभ के दोष के कारण बोलने के समय बीच-बीच में अटकना, रुक-रुककर बोलना ।	તોતડાવું	तोतडावुं	to stammer, to stutter.
हकीकत	स्त्री.	वास्तविक स्थिति, असल और सच्ची बात, तथ्य, वास्तविकता ।	હકીકત	हकीकत	truth, reality, fact.
हकीम	पुं.	यूनानी चिकित्सा पद्धति से चिकित्सा करनेवाला, वैद्य;	હકીમ;	हकीम;	physician or medical practitioner trained in the Unani system of medicine;
		2. अनेक विषयों, विशेषत: दर्शनशास्त्र का अच्छा ज्ञाता और पंडित ।	વિદ્વાન; તત્વજ્ઞાની	विद्वान, तत्वज्ञानी	a philosopher, a learned man.
हकीमी	स्त्री.	1. हकीम का काम, व्यवसाय या पद;	હકીમી	हकीमी	medical practice through the Unani system;
		2. यूनानी चिकित्साशास्त्र ।			the Unani system of medicine.
	वि.	हकीम का, हकीम संबंधी ।			of or pertaining to a physician (trained in the Unani system).
हक्का-बक्का	वि.	1. अप्रत्याशित घटना आदि देख-सुन कर घबड़ाया हुआ, किंकर्त्तव्य-विमूढ़;	ગભરાયેલું, ચકિત	गभरायेलुं, चकित	struck, confounded, confused;
		2. स्तंभित, आश्चर्य-चकित ।			struck dumb, stunned, amazed, stupefied.
हगना	अ. क्रि.	1. शौच करना, पाखाना फिरना, मलत्याग करना ।	અધવું	अघवुं	to go to stool, to evacuate, to discharge faeces.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	स. क्रि.	1. गुदामाग से कोई चीज प्रसव करना;			to deliver through the anus;
		2. दबाव, डर आदि के कारण विवश होकर दे देना ।			to yield under fear.
हज	पुं.	मक्का की तीर्थयात्रा ।	હજ	हज	pilgrimage to Mecca.
हजम (हज्म)	वि.	1. (खाद्य पदार्थ) जो खा लिए जाने पर आमाशय में पच गया हो, पचा हुआ;	હજમ	हजम	digested;
		2. जो अनुचित रूप में लेकर या दबाकर रख लिया गया हो, हड़पा हुआ ।			usurped.
हजरत	पुं.	1. महात्मा या महापुरुष के लिए प्रयुक्त उपाधि;	હજરત;	हजरत;	a title applied to an eminent or great man;
		2. आदरसूचक संबोधन, जनाब, महोदय ।	મહાશય	महाशय	vocative term of honour, sir.
	वि.	दुष्ट, धूर्त, खोटा ।	દુષ્ટ, ધૂર્ત	दुष्ट, धूर्त	mischievous, cunning.
हजामत	स्त्री.	1. सिर या दाढ़ी के बाल बनाने, काटने या मूंडने का काम, क्षौर;	હજામત	हजामत	shaving, hair-cutting;
		2. सिर या दाढ़ी के बढ़े हुए बाल जिन्हें कटाना या मुंडाना हो;			beard and moustache and hair of the head, shave;
		3. दुर्दशा होना, लूटा या ठगा जाना ।			to be fleeced, cheated or robbed (fig.).
हज़ार	वि.	1. दस सौ;	હજાર	हजार	one thousand;
		2. अनेक, अनगिनत, बहुत अधिक ।			many, numerous, innumerable;
	क्रि. वि.	कितना ही, हरचंद ।			however much.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	पुं.	एक हजार की सूचक संख्या या अंक ।			number one thousand.
हटना	अ. क्रि.	1. किसी स्थान से चल, खिसक या सरककर दूसरी जगह जाना;		हटवुं	to move away, to go away;
		2. किसी काम या बात से दूर होना, बचना या विमुख होना, मुंह मोड़ना, जी चुराना, वायदे पर कायम न रहना, विचलित होना;			to abstain from, to be averse, to disregard, to withdraw, to recede, to shirk;
		2. किसी काम या बात का आगे के लिए टल जाना, स्थगित होना;			to be put off, to be postponed;
		4. न रह जाना, दूर होना, समाप्त होना;			to be removed, to be ended or to be terminated;
		5. छोड़ना, त्याग करना;			to give up;
		6. किसी स्थान से अवकाश ग्रहण करना ।			to retire (from a service or post), to take leave of.
हटवाना	स. क्रि.	हटाने का काम दूसरे से करवाना ।	હટાવડાવવું	हटावडाववुं	to cause to remove, to terminate etc.
हटाना	स. क्रि.	1. किसी वस्तु या व्यक्ति को उसके स्थान से हटने में प्रवृत्त करना, एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना या रखना, स्थानांतरित करना, खिसकाना;	હટાવવુ	हटाववु	to take away, to remove, to move out, to set aside;
		2. दूर करना, भगाना, खदेड़ना;			to cause to recede, to drive back or off, to repel, to chase;
		3. काम या पद से अलग करना;			to dismiss, to discharge;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		4. समाप्त करना, दबा देना, मिटाना;			to put down, to make an end of, to terminate, to destroy, to remove;
		5. ध्यान न देना, उपेक्षा करना ।			to disregard, to ignore.
हट्टा-कट्टा	वि.	1. हृष्ट-पुष्ट, मोटा-ताजा, बलवान ।	હૃષ્ટપુષ્ટ	हृष्ट-पुष्ट	stout and active, strong and sturdy, well built, robust.
हठ	पुं.	1. जिद, टेक, दुराग्रह;	હઠ	हठ	stubbornness, obstinacy;
		2. दृढ़ प्रतिज्ञा या संकल्प ।			firm pledge, determination, resolve.
हठधर्मी	स्त्री.	1. सत्य-असत्य, उचित-अनुचित का विवेक किए बिना अपनी बात पर जमे रहना, दूसरे की बात जरा भी न मानना, दुराग्रह;	હઠધર્મી	हठधर्मी	obstinacy, stubbornness;
		2. धार्मिक कट्टरपन, जो विचारों की संकीर्णता का सूचक हो ।			bigotry.
हठात्	वि., क्रि.वि.	1. दुराग्रही, जिद्दी;	હઠાત્	हठात्	obstinate, perverse, stubborn;
		2. बलपूर्वक, जबरदस्ती;			forcibly, perforce;
		3. निश्चित रूप से, अवश्य;			definitely;
		4. अचानक, सहसा ।			suddenly, all of a sudden.
हठी	वि.	हठ करनेवाला, जिद्दी ।	હઠીલું	हठीलुं	obstinate, stubborn.
हठीला	वि.	1. हठी, जिद्दी स्वभाववाला;	હઠીલું	हठीलुं	of obstinate disposition;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. विरोध, विवाद आदि के समय अपनी प्रतिज्ञा या स्थान पर दृढ़तापूर्वक जमा रहनेवाल, दृढ़-संकल्प, दृढ़प्रतिज्ञ ।			of firm pledge, determined, resolved.
हड़ (हर्र)	स्त्री.	1. एक बड़ा पेड़ जिसके पत्ते महुए के पत्तों की तरह चौड़े होते हैं, हरीतकी;	હરડ	हरड	myrobalan (tree);
		2. उक्त पेड़ का फल ।			myrobalan (fruit).
हड़कंप	पुं.	भारी हलचल, तहलका, आतंक ।	ખળભળાટ	खळभळाट	turmoil, panic, terror.
हड़कना	अ. क्रि.	किसी प्रकार के अभाव से दु:खी होना, तरसना ।	તલસવું	तलसवुं	to feel a great desire, to have longing (for), to long, to crave, to yearn.
हड़काया	वि.	1. जिसे हड़का या उत्तेजित कर किसी के पीछे उस पर आक्रमण करने के लिए लगाया गया हो;	હડકાયું	हडकायुं	turned violent or rabid;
		2. उतावला या विकल किया हुआ, तरसाया हुआ;			rendered impatient, tantalized;
		3. पागल, बावला ।			mad, rabid.
हड़ताल	स्त्री.	दु:ख, विरोध या असंतोष व्यक्त करने के लिए कल-कारखानों, कार्यालयों आदि के कर्मचारियों या जनसाधारण का सब कारोबार, दुकानें आदि बन्द कर देना ।	હડતાળ	हडताळ	strike.
हड़ताली	वि.	हड़ताल संबंधी, हड़ताल का ।	હડતાળને લગતું	हडताळने लगतुं	pertaining to strike.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	पुं.	वह व्यक्ति या वे लोग जो हड़ताल कर रहे हों ।	હડતાળિયું	हडताळियुं	a striker.
हड़पना	स. क्रि.	1. किसी की कोई वस्तु अनुचित रूप से लेकर दबा बैठना या कभी न देना;	હપ કરી જવું	हप करी जवुं	to usurp, to purloin;
		2. निगलना;			to swallow, to gulp;
		3. जल्दी (और प्राय: अधिक) खाना ।			to eat hastily.
हड़बड़ाना	अ. क्रि.	1. जल्दी मचाते हुए आतुर होना;	ઉતાવળ કરવી	उतावळ करवी;	to be in a hurry, to act hastily, to be impetuous;
		2. घबरा जाना, घबड़ाहट में कोई काम करना ।	રઘવાવું	रघवावुं	to be perplexed, to be confused, to be agitated, to be non–plussed, to be in a hurry.
	स. क्रि.	जल्दी मचाते हुए कोई काम करने के लिए किसी से कहना या किसी को विवश करना ।	ઉતાવળ કરવા કહેવું	उतावळ करवा कहेवुं	to flurry, to confuse, to perplex.
हड़बड़िया	वि.	हड़बड़ी करनेवाला, जल्दी मचानेवाला, उतावला ।	ઉતાવળિયું	उतावळियुं	hasty, precipitate, impetuous, agitated.
हड़बड़ी	स्त्री.	1. जल्दबाजी, उतावली;	ઉતાવળ;	उतावळ;	haste, hastiness, rashness, impetuosity;
		2. घबराहट ।	રઘવાટ	रघवाट	confusion.
हड्डी	स्त्री.	रीढ़ वाले जीव-जंतुओं के शरीर के ढांचे का वह प्रमुख अंग या तत्व जो बहुत बड़ा और सफेद होता है, प्राय: नली के रूप का होता है और जोड़ों के बीच में रहता है, अस्थि ।	હાડકું	हाडकुं	bone.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
हत	वि.	1. जो मार डाला गया हो, वध किया हुआ;	હત	हत	killed, slain;
		2. आहत, घायल;			hurt, struck, injured;
		3. रहित, विहीन (समास में);			deprived or bereft of (in Com.);
		4. नष्ट ।			ruined, extinguished, destroyed.
हतप्रभ	वि.	1. जिसकी प्रभा अर्थात् कांति नष्ट हो गई हो;	હતપ્રભ	हतप्रभ	dimmed in lustre;
		2. किंकर्त्तव्य-विमूढ़, निरुत्तर ।			out of wits, non-plussed.
हतभागा	वि.	अभागा, भाग्यहीन, हतभागी ।	અભાગિયું	अभागियुं	unfortunate, luckless, unlucky, ill-fated.
हतभाग्य	वि.	दे. 'हतभागा' ।	જુ. 'હતભાગા'	जु. 'हतभागा'	same as 'हतभागा'.
हताहत	वि.	हत और आहत, मारे हुए और घायल ।	હતાહત	हताहत	casualties, killed and wounded.
हतोत्साह	वि.	जिसका उत्साह भंग हो गया हो ।	હતોત્સાહ	हतोत्साह	demoralised, disheartened.
हत्था	पुं.	1. हस्तचालित मशीनों या उपकरणों का वह भाग जिसे हाथ से पकड़कर घुमाने या चलाने से वे चलते हैं, अथवा काम में लाये जाते हैं, दस्ता;	હાથો, થાપો	हाथो, थापो	a handle;
		2. कुन्दा, मूठ ।			butt;
		3. हाथ का वह छापा जो पूजन आदि के अवसरों पर हल्दी अथवा लेपन से कपड़े या दीवारों पर लगाया जाता है;			imprint or impression by hand;
		4. कुर्सी की बाँह;			arm (of a chair);
		5. केले के फलों का बड़ा गुच्छा, घोद ।			a large bunch of fruits (of plantain).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
हत्थे	क्रि. वि.	1. हाथ में;	હાથમાં;	हाथमां;	in hand;
		2. हाथ से, द्वारा ।	હાથ વડે	हाथ वडे	by hand.
हत्या	स्त्री.	1. किसी को जान से मार डालने की क्रिया या काम, वध, खून;	હત્યા	हत्या	killing, slaying, slaughter, murder, assassination;
		2. हत्या करने का पाप ।			a sin consequent upon a murder, killing etc.
हत्यारा	पुं.	हत्या करनेवाला व्यक्ति, खूनी ।	હત્યારું	हत्यारुं	murderer, assassin.
हत्यारिन	स्त्री.	हत्या करनेवाली स्त्री ।	હત્યારી	हत्यारी	murderess.
हथकंडा	पुं.	1. कोई उद्देश्य सिद्ध करने के लिए अपनाई गई ऐसी युक्ति या कौशल जो चालाकी तथा धूर्तता से युक्त हो, चालबाजी, हाथ की सफाई;	હાથચાલાકી	हाथचालाकी	manual skill, hand–skill, handi craft, sleight of hand;
		2. हाथ से किए जानेवाले कामों में दिखाई पड़नेवाला कौशल और सफाई, हाथ की सफाई, हस्तलाघव ।			trick, tactics, ruse.
हथकड़ी	स्त्री.	लोहे का विशेष ढंग का बना कड़ा जो कैदी या अपराधी को विवश करने के लिए उसके हाथ में पहनाते हैं ।	હાથકડી	हाथकडी	handcuffs, manacle.
हथकल	स्त्री.	1. हाथ से चलाई जानेवाली छोटी कल या यंत्र;	હાથમશીન;	हाथमशीन;	hand–operated machine;
		2. लोहारों आदि का एक प्रकार का पेचकस, रिंच, पाना ।	પકડ	पकड	spanner, wrench.
हथगोला	पुं.	शत्रुओं पर हाथ से फेंका जानेवाला कोई विस्फोटक गोला ।	હાથબૉમ્બ	हाथबॉम्ब	hand–grenade.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
हथिनी	स्त्री.	मादा हाथी ।	હાથણ	हाथण	female elephant.
हथियाना	स. क्रि.	1. अपने प्रभुत्व या अधिकार में कर लेना;	કબજામાં લેવું;	कबजामां लेवुं;	to occupy, to have in one's possession, to grab;
		2. दूसरे की वस्तु पर कौशल से या जबरदस्ती कब्जा कर लेना;	ઉડાવી લેવું;	उडावी लेवुं;	to usurp, to seize, to acquire by force;
		3. हाथ में लेना, हाथ से पकड़ना ।	હાથમાં લેવું	हाथमां लेवुं	to take in hand.
हथियार	पुं.	1. अस्त्र-शस्त्र; 2. कोई ऐसा उपकरण जिसकी सहायता से हाथ से कोई चीज बनाई जाए, औजार ।	હથિયાર	हथियार	weapon, arms; tool, implement, instrument.
हथियारबंद	वि.	अस्त्र-शस्त्र से सज्जित, सशस्त्र ।	સશસ્ત્ર	सशस्त्र	armed, equipped with arms.
हथेली	स्त्री.	हाथ की कलाई के आगे का ऊपरी चिकना और चौड़ा भाग, करतल ।	હથેલી	हथेली	palm of the hand.
हथौड़ा	पुं.	धातु, पत्थर, ईंट आदि ठोंकने-पीटने का लोहे का एक औजार ।	હથોડો	हथोडो	(large) hammer.
हथौड़ी	स्त्री.	छोटा हथौड़ा ।	હથોડી	हथोडी	(small) hammer.
हद	स्त्री.	1. किनारा, अंतिम पार्श्व; 2. सीमा; 3. अंत, चरम सीमा;	હદ	हद	limit, extent; boundary; extreme, extremity;
		4. औचित्य की सीमा, मर्यादा ।			limit of propriety.
हनन	पुं.	1. मार डालना, वध करना;	હનન	हनन	killing, slaying, murder, slaughtere assassination;
		2. आघात या प्रहार करना, पीटना, ठोंकना;			striking, beating;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. (भावनाओं आदि का) दमन करना ।			suppression (of emotions).
हफ्ता	पुं.	सप्ताह ।	હફ્તો	हफतो	week.
हम	सर्व.	मैं का बहुवचन रूप, उत्तम पुरुष का सूचक सर्वनाम ।	અમે, આપણે	अमे, आपणे	plural form of the first person pronoun मैं (I), we.
हमजोली	पुं.	साथी, सखा ।	સાથીદાર	साथीदार	associate, companion, friend.
	वि.	समान उम्र का ।	સમવયસ્ક	समवयस्क	of the same age–group.
हमदर्द	पुं.	किसी के दु:ख में शरीक होने या सहानुभूति रखनेवाला व्यक्ति ।	સહાનુભૂતિ રાખનાર	सहानुभूति राखनार	sympathizer.
	वि.	दूसरे के दु:ख से द्रवित होनेवाला, कोमलहृदय ।	સહૃદય	सहृदय	sympathetic, tender–hearted.
हमराही	पुं.	रास्ते का साथी, साथ चलनेवाला पथिक या यात्री, सहयात्री ।	સહયાત્રી	सहयात्री	fellow–traveller, co–traveller.
हमला	पुं.	1. आक्रमण, धावा, चढ़ाई; 2. प्रहार, वार, चोट;	હુમલો	हुमलो	attack, invasion; assault, blow, stroke;
		3. किसी को नीचा दिखाने या हानि पहुंचाने के लिए किया जानेवाला कार्य या कही जानेवाली बात ।			accusation, charge.
हमलावर	पुं.	हमला करनेवाला, आक्रमणकारी ।	હુમલાખોર	हुमलाखोर	assailant, invader, aggressor.
हमाम	पुं.	स्नान करने का कमरा, स्नानागार ।	હમામ	हमाम	bath room.
हमारा	सर्व.	"हम" का संबंध कारक रूप ।	અમારું, આપણું	अमारुं, आपणुं	possessive form of हम, of us, our, ours.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
हमें	सर्व.	"हम" का कर्म और संप्रदान कारक का रूप, हमको ।	અમને, આપણને	अमने, आपणने	the objective and dative form of the first person plural pronoun हम, to us.
हमेशा	क्रि. वि.	सदा, सर्वदा, सदैव ।	હંમેશાં	हंमेशां	always, ever, continually, perpetually, incessantly.
हया	स्त्री.	स्वाभाविक शील के कारण उत्पन्न होनेवाली लज्जा या शर्म, संकोच ।	લાજ, શરમ	लाज, शरम	shame, sense of shame, modesty.
हर	वि.	1. प्रत्येक;	હર	हर	every, each;
		2. हरण करनेवाला, छीनने-वाला (समास में);			taking away, depriving one of, seizing, grasping, (in comp.);
		3. दूर करने या हटानेवाला (समास में);			removing (comp.).
		4. लानेवाला या ले जानेवाला (समास में);			bringing, convey-ing, carrying, taking (in comp.);
		5. नष्ट करनेवाला, वध करनेवाला (समास में) ।			destroying, killing (in comp.).
	पुं.	1. महादेव, शिव;			the Lord Siva;
		2. भाजक (गणित);			divisor (in Maths.);
		3. भिन्न में नीचे का अंक या संख्या (गणित) ।			denominator of a fraction (in Maths.).
हरएक	वि.	प्रत्येक ।	હરેક	हरेक	every (or each) one, each and every.
हरकत	स्त्री.	1. हिलना-डोलना, गति, चाल;	ગતિ;	गति;	motion, movement, action, activity;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. स्पंदन या कंपन जो सजीवता और क्रिया-शीलता का सूचक हो;	સ્પંદન;	स्पंदन;	vibration, pulsation, throbbing;
		3. अनुचित चेष्टा या व्यवहार, शरारत ।	દુષ્ટતા	दुष्टता	improper or bad action, mis-demeanour, mischief.
हरकारा	पुं.	1. चिट्ठी-पत्री या संदेश लाने-ले जानेवाला कर्मचारी, सन्देशहर, वार्ताहर;	હલકારો	हलकारो	courier;
		2. (डाकिये से भिन्न) वह व्यक्ति जो गांवों आदि में डाक की चिट्ठियां, पार्सल आदि एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाता है, डाक ढोनेवाला ।			dak runner.
हरगिज	अव्य.	कभी, कदापि, किसी हालत में (केवल 'न' या 'नहीं' के साथ प्रयुक्त) ।	હરગિજ	हरगिज	ever, under any circumstances (used with negation words).
हरचन्द	अव्य.	1. कितना ही, कितनी ही तरह से;	કેટલીય રીતે;	केटलीय रीते;	however much, how much soever;
		2. बहुत बार ।	અનેકવાર	अनेकवार	many times.
हरजाना (हर्जाना)	पुं.	नुकसान के बदले में दी जानेवाली रकम, क्षतिपूर्ति ।	નુકસાનની ભરપાઈ	नुकसानी भरपाई	damages, com-pensation, indemnity.
हरण	पुं.	1. छीनना, लूटना;	હરણ	हरण	taking away, seizing;
		2. अपहरण, उठा लेजाना, भगा ले जाना;			kidnapping, abduction;
		3. दूर करना, हटाना;			removing;
		4. नष्ट करना;			destroying;
		5. वंचित करना ।			depriving of.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
हरदम	क्रि. वि.	हमेशा, सदैव ।	હરદમ	हरदम	ever, always.
हरना	स. क्रि.	1. हरण करना, छीनना, लूटना; 2. दूर करना, हटाना; 3. नष्ट करना; 4. आकृष्ट करना; 5. अपहरण करना, उठा ले जाना, भगा ले जाना ।	હરી જવું	हरी जवुं	to take away, to seize,to grasp; to remove; to destroy; to captivate, to charm, to attract; to kidnap, to abduct.
हरम	पुं.	1. रनिवास, अंत:पुर, जनानखाना; 2. जनानखाने में रहनेवाली स्त्रियां ।	હરમ	हरम	a harem, women's apartment in a royal household, female apartment; women of the thalamus.
हरसिंगार	पुं.	मंझोले कद का एक पेड़ तथा उसके फूल जो बहुत सुगंधित होते हैं, परजाता ।	પારિજાત	पारिजात	a particular plant and its flowers which are very sweet smelling.
हरा	वि.	1. ताजी उगी हुई घास या पत्ती के रंग का, सब्ज, हरित; 2. हरियाली से भरा हुआ; 3. अधपका, कच्चा; 4. तरोताजा; 5. प्रफुल्ल, प्रसन्न ।	લીલું;	लीलुं;	green, verdant; verdurous, covered with green verdant, green; half raw, unripe; fresh; gay, delighted.
	पुं.	हरा रंग ।	લીલો રંગ	लीलो रंग	green colour.
हराना	स. क्रि.	1. परास्त करना, पछाड़ना;	હરાવવું	हरावुं	to defeat, overcome, overthrow, conquer;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. दौड़ा-दौड़ा कर शिथिल और पस्त करना, थकाना ।			to weary, live out.
हराभरा	वि.	1. हरे पेड़-पौधों, घास आदि से भरा हुआ, हरियाली से पूर्ण;	હરિયાળું;	हरियाळुं;	verdurous, covered with green, green, verdant;
		2. प्रसन्न, प्रफुल्ल;	પ્રસન્ન;	प्रसन्न;	delighted, gay, happy;
		3. सम्पन्न;	સમ્પન્ન;	सम्पन्न;	prosperous, flourishing;
		4. ताजा ।	તાજું	ताजुं	fresh.
हराम	वि.	1. निषिद्ध, वर्जित, अविहित;	હરામ	हराम	forbidden, prohibited, unlawful;
		2. त्याज्य, अग्राह्य;			abandonable, renounceable, unacceptable;
		3. बहुत ही कटु, कष्टदायक या अप्रिय;			troublesome, painful, distressing, unpleasant;
		4. अनुचित, बुरा ।			improper.
	पुं.	1. पाप, अधर्म;			sin, unrighteousness;
		2. धर्मशास्त्र द्वारा निषिद्ध बात या कर्म आदि;			forbidden, prohibited or unlawful act etc.;
		3. व्यभिचार ।			adultery.
हरारत	स्त्री.	1. गर्मी, ताप;	ગરમી;	गरमी;	heat, warmth;
		2. हलका ज्वर;	હાડજ્વર;	हाडज्वर;	feverishness, temperature;
		3. जोश (ला.) ।	જોશ	जोश	fervour, zeal.
हरिजन	पुं.	1. अस्पृश्य या अछूत जाति	હરિજન	हरिजन	an untouchable;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. दौड़ा-दौड़ा कर शिथिल और पस्त करना, थकाना ।			to weary, live out.
हराभरा	वि.	1. हरे पेड़-पौधों, घास आदि से भरा हुआ, हरियाली से पूर्ण;	હરિયાળું;	हरियाळुं;	verdurous, covered with green, green, verdant;
		2. प्रसन्न, प्रफुल्ल;	પ્રસન્ન;	प्रसन्न;	delighted, gay, happy;
		3. सम्पन्न;	સમ્પન્ન;	सम्पन्न;	prosperous, flourishing;
		4. ताजा ।	તાજું	ताजुं	fresh.
हराम	वि.	1. निषिद्ध, वर्जित, अविहित;	હરામ	हराम	forbidden, prohibited, unlawful;
		2. त्याज्य, अग्राह्य;			abandonable, renounceable, unacceptable;
		3. बहुत ही कटु, कष्टदायक या अप्रिय;			troublesome, painful, distressing, unpleasant;
		4. अनुचित, बुरा ।			improper.
	पुं.	1. पाप, अधर्म;			sin, unrighteousness;
		2. धर्मशास्त्र द्वारा निषिद्ध बात या कर्म आदि;			forbidden, prohibited or unlawful act etc.;
		3. व्यभिचार ।			adultery.
हरारत	स्त्री.	1. गर्मी, ताप;	ગરમી;	गरमी;	heat, warmth;
		2. हलका ज्वर;	હાડજ્વર;	हाडज्वर;	feverishness, temperature;
		3. जोश (ला.) ।	જોશ	जोश	fervour, zeal.
हरिजन	पुं.	1. अस्पृश्य या अछूत जाति का व्यक्ति;	હરિજન	हरिजन	an untouchable;
